संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 22 मई 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 139 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## कन्नड़ लेखिका बानू मुश्ताक ने रचा इतिहास



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय लेखिका, वकील और एक्टिविस्ट बानू मुश्ताक ने अपनी किताब 'हार्ट लैंप' के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। बानू मुश्ताक कर्नाटक कीर रहने वाली हैं। बानू मुश्ताक को उनकी कन्नड़ कहानी संग्रह हार्ट लैंप के लिए साल 2025 का प्रतिष्ठित बुकर प्राइज मिला है। यह पहली बार है, जब कन्नड़ भाषा में लिखी किसी किताब को बुकर प्राइज मिला है। उन्होंने ये किताब जीतकर इतिहास रच दिया। दीपा भष्ठी ने इस किताब का कन्नड़ से अंग्रेजी में अनुवाद किया था। पेशे से वकील और पत्रकार, बानू मुश्ताक ने कहानीकार, कवि, उपन्यासकार और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। 20 मई लंदन के टेट मॉडर्न में आयोजित एक समारोह में इस पुरस्कार का एलान किया गया।

**12 कहानियों का संग्रह है**
बता दें कि 2025 के निर्णायक मंडल की अध्यक्षता करने वाले लेखक मैक्स पोर्टर ने हार्ट लैंप को विजेता के रूप में घोषित किया। पोर्टर ने कहा, कई साल बाद 'हार्ट लैंप' अंग्रेजी पाठकों के लिए कुछ नया है। यह अनुवाद की हमारी समझ को चुनौती देता है और उसे अच्छा करना में बेहतर करता है। बानू मुश्ताक उनकी 12 शॉर्ट स्टोरीज यानी लघु कहानियों का एक संग्रह है। उन्हें इस किताब को लिखने में लगभग 30 साल लगे। बानू मुश्ताक ने पुरस्कार जीतने के बाद वहां बैठे लोगों से कहा, वैश्विक दर्शकों के लिए कन्नड़ को और अधिक पेश करने की जरूरत है। दुनिया भर के पाठकों के लिए अधिक से अधिक कन्नड़ साहित्य लाने की आवश्यकता है।

# इस्लाम का जरूरी हिस्सा नहीं वक्फः केंद्र सरकार

### न ही संविधान के तहत मौलिक अधिकार', सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं हैः केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं है। इसलिए इस पर संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में नहीं दावा किया जा सकता। सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने शीर्ष कोर्ट से कहा कि

**'वक्फ एक इस्लामी अवधारणा, लेकिन इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं'**
मेहता ने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, जिसे नकारा नहीं जा सकता, लेकिन जब तक इसे इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य दलीलों का कोई मतलब नहीं है। 2025 के वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं केंद्र ने यह जवाब दिया है। मेहता ने अधिनियम का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी जमीन पर दावा



करने का अधिकार नहीं है, भले ही वह जमीन वक्फ के रूप में घोषित की गई हो।

**सरकारी जमीन पर दावा नहीं कर सकता कोई भी व्यक्तिः मेहता**
उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर दावा नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला है, जो कहता है कि अगर संपत्ति सरकारी है और वक्फ के रूप में घोषित की गई है, तो सरकार उसे बचा सकती है।

सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा, वक्फ संपत्ति एक मौलिक अधिकार नहीं है।
इसे कानून द्वारा मान्यता दी गई थी। अगर कोई अधिकार विधायी नीति के तहत दिया गया है, तो उसे हमेशा वापस लिया जा सकता है।
अप्रैल संसद से पारित किया गया था वक्फ संशोधन विधेयक
चीफ जस्टिस (सीजेआई) बी.आर.गवाई और जस्टिस ऑगस्टीन

**सुनवाई**

**जब तक वक्फ को इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य सभी विफल हो जाती हैं**

जॉर्ज मसीह की बेंच इन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अप्रैल में संसद से पारित किया गया था और पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे मंजूरी दे दी थी। जिसे बाद यह कानून बन गया। लोकसभा में इसके पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 मत पड़े थे। जबकि राज्यसभा ने समर्थन में 128 और विरोध में 95 मत पड़े थे।

### बिना सोचे-समझे बिल नहीं बनायाः सॉलिसिटर जनरल

*सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां मंत्रालय ने एक बिल बनाया और बिना सोच-विचार के वोटिंग कर दी गई हो। कुछ याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय की ओर से नहीं बोल सकते। आपके पास जो याचिकाएं आई हैं, वे ऐसे लोगों ने दायर की हैं जो सीधे इस कानून से प्रभावित नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी ने यह नहीं कहा कि संसद को यह कानून बनाने का अधिकार नहीं था। संयुक्त संसदीय समिति की 96 बैठकें हुईं और हमें 97 लाख लोगों से सुझाव मिले, जिस पर बहुत सोच-समझकर काम किया गया। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से कहा- राहत के लिए मजबूत दलीलें लाइए 20 की सुनवाई में बेंच ने कहा था कि मुस्लिम पक्ष को अंतरिम राहत पाने के लिए मामले को मजबूत और दलीलों को स्पष्ट करना चाहिए।*

### कोर्ट ने कहा- राहत के लिए मजबूत दलीलें लाइए

*सुनवाई में बेंच ने कहा था कि मुस्लिम पक्ष को अंतरिम राहत पाने के लिए मामले को मजबूत और दलीलों को स्पष्ट करना चाहिए। याचिकाकताओं का कहना था कि कोई संपत्ति अरक (आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया) के संरक्षण में है तो वह वक्फ संपत्ति नहीं हो सकती। उखकने मुस्लिम पक्ष को हिदायत दी थी- 'स्पष्ट मामला न हो तो कोर्ट हस्तक्षेप नहीं कर सकता। हर कानून के पक्ष में संवैधानिकता की धारणा होती है। हम अंतरिम राहत दे सकें, इसके लिए आपकी दलीलें बहुत मजबूत और स्पष्ट होनी चाहिए, वरना संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी।' कोर्ट ने कहा था- अंतरिम राहत देने पर विचार करेंगे 15 मई की सुनवाई में तब उखकबीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह ने केंद्र और याचिकाकर्ता को 19 मई तक हलफनामा पेश करने को कहा था। दोनों पक्षों के वकीलों ने कहा था कि याचिकाओं के मुद्दों पर नजर डालने के लिए जजों को कुछ और वक्त की जरूरत हो सकती है।*

## कूटनीतिक संवाद- संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जपान रवाना

### कश्मीर मुद्दे पर भारत ने फिर दोहराया, तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर और बाद के घटनाक्रम पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक संवाद के तहत पहला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जेडीयू के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में आज, बुधवार को जापान के लिए रवाना हो गया। प्रतिनिधिमंडल जापान के अलावा इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर का दौरा करेगा। प्रतिनिधिमंडल में कई प्रमुख नेता शामिल हैं। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, माकपा सांसद जॉन ब्रिटास, भाजपा सांसद ब्रजलाल, भाजपा सांसद प्रदान बरुआ, भाजपा सांसद हेमांग जोशी, सांसद सलमान खुर्शीद और राजनयिक मोहन कुमार शामिल रहे। यह टीम पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के पांच प्रमुख देशों जापान (22 मई), दक्षिण कोरिया (24 मई), सिंगापुर (27 मई), इंडोनेशिया (28 मई) और मलेशिया (31 मई) का दौरा करेगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ नीतियों को



वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया है। वहीं शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो और सिएरा लियोन की यात्रा पर रवाना होगा। वहीं तीसरा प्रतिनिधिमंडल डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस की यात्रा पर रवाना होगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को संसद भवन में अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संवाद के तहत विभिन्न देशों में जाने वाले तीन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल संसद सदस्यों को 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि, भारत-पाक संबंध और भारत के पक्ष के बारे में पर विस्तृत जानकारी दी थी।

### 'चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ पर सवाल'

*जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने चीन और पाकिस्तान की गठजोड़ पर सवाल उठाए हैं। अटल बिहारी वाजपेयी लाहौर बस यात्रा पर गए थे। नरेंद्र मोदी खुद नवाज शरीफ के घर नाश्ता करने गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ सांसदों को विदेश भेजकर 'ऑपरेशन सिंदूर' का प्रचार कर रही है, लेकिन जो असली काम है—आतंकियों को पकड़ना।*

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट पर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी ने इसकी तुलना पहलगाम हमले से की है और कहा है कि मुर्शिदाबाद में सुनियोजित तरीके से हिन्दू घरों, संपत्तियों और लोगों को निशाना बनाया गया। एसआईटी की टीम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के रजिस्ट्रार और पश्चिम बंगाल न्यायिक

**निशाना बनाया**

**मुर्शिदाबाद में सुनियोजित तरीके से हिन्दू घरों, संपत्तियों और लोगों को निशाना बनाया गया**

सेवा के दो अधिकारी शामिल थे। इन स्वतंत्र अधिकारियों की रिपोर्ट से यह साबित हो गया है कि ममता सरकार के कार्यकाल में हिन्दुओं पर क्रूर अत्याचार किए गए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्नेहभाव के साथ अपने निवास पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री औमप्रकाश धनखड़ के परिवार से मुलाकात की। पीएम मोदी ने औमप्रकाश धनखड़ के पौत्र तेजस को स्नेह व नवविवाहित छोटे बेटे एडवोकेट आशुतोष व पुत्रवधु एडवोकेट रिया को शादी की शुभकामनाएं देते हुए धनखड़ व राठी परिवार को बधाई दी।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर की याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करने वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री से सम्पर्क करे, क्योंकि चीफ जस्टिस ने जांच रिपोर्ट भेज दी है। याचिकाकर्ता ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को कोई प्रतिवेदन नहीं दिया है, इसलिए इस



याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती है। वकील नेदुम्परा और दो दूसरे याचिकाकर्ताओं की याचिका में मांग की गई थी कि दिल्ली पुलिस को इस मामले में एफआईआर दर्ज कर प्रभावी जांच करने का दिशा-निर्देश जारी किया जाए। याचिका में कहा गया था कि चीफ जस्टिस की ओर से गठित तीन सदस्यीय जांच समिति को जस्टिस वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है। यह घटना भारतीय न्याय संहिता के तहत विभिन्न संज्ञेय अपराधों के दायरे में आती है। याचिका में कहा गया था कि जांच समिति को इस तरह जांच का अधिकार देने के फैसले का कोई मतलब नहीं है।

## नेशनल हेराल्डः सोनिया-राहुल ने 142 करोड़ कमाएः ईडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े मामले में सुनवाई पूरी कर ली है। ईडी ने कोर्ट में कहा कि गांधी परिवार पर अपराध से प्राप्त धन को अपने पास रखने और उसे वैध बनाने का आरोप है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने इस मामले पर 2-8 जून तक रोजाना सुनवाई करने का आदेश दिया। आज कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया कि वो चार्जशीट की प्रति इस मामले के शिकायतकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी को उपलब्ध कराएं। सुनवाई के दौरान आरोपितों की ओर से पेश वकील ने कहा कि चार्जशीट में काफी दस्तावेज हैं। इसे पढ़ने में समय लगेगा। आरोपितों की इस दलील का ईडी ने विरोध करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की। तब कोर्ट ने 2 से 8 जून तक रोजाना सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने कहा कि प्रथम द्दष्टया सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला बनता है। उन्होंने कहा कि ईडी



**सांति**

**ईडी का बड़ा दावा; प्रथम दृश्य में बनता है ये मामला, नेशनल हेराल्ड मामले की कोर्ट में 2-8 जून तक रोजाना सुनवाई**

नवंबर, 2023 में नेशनल हेराल्ड की 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। ईडी ने कहा कि यंग इंडिया कंपनी का लाभकारी स्वामित्व हमेशा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास रहा। इससे पहले 8 मई को सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया था कि इस मामले के सह आरोपित सैम पित्रोदा को ई-मेल किया गया है।

## अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी मामले में अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन का आदेश दिया है। इस मामले में जांच जारी रहेगी। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि प्रत्येक आदमी को अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन इस समय इस तरह की सांप्रदायिक बात लिखने की क्या

**जांच की तैयारी**

**जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन का आदेश दिया है**

जरूरत थी। देश जब चुनौतियों से जूझ रहा हो, सिविलियन पर हमला हो रहा हो, तो ऐसे मौके पर लोकप्रियता पाने के लिए ऐसा बयान क्यों दिया गया।

## जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 27 नक्सली ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**
**बीजापुरः** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अबूझमाड़ इलाके में हो रही इस मुठभड़े में अब तक 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। कई नक्सलियों के शव और भारी संख्या में हथियार बरामद होने की खबर है। मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान होने और एक जवान घायल होने की



भी खबर है। नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों डीआरजी के जवानों से नक्सलियों की मुठभेड़ जारी है। माड़ के इलाके में सुबह से फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया

**लाल आतंक**

**डेढ़ करोड़ का इनामी बसव मारा गया, पीम मोदी और गृहमंत्री शाह ने बताई ऐतिहासिक उपलब्धि**

है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। करीब 27 नक्लिलयों के मारे जाने खबर सामने आ रही है, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। खबर मिल रही है कि इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया है।

### यह एक ऐतिहासिक उपलब्धिः शाह

*शीर्ष नक्सली नेता-सीपीआई-माओवादी महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू की हत्या पर अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में पहली बार महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है।*

**सुधारात्मक प्रणाली** *मुख्यमंत्री ने जेल प्रशिक्षण अकादमी का किया उद्घाटन, करनाल जेल प्रशिक्षण अकादमी में जल्द ही होगी आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति*

## *जल्द ही भरे जाएंगे जेल वार्डरों के 1300 पद : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी*

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल/राजकुमार प्रिंस**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जेल विभाग में बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य की न्यायिक और सुधारात्मक प्रणाली को और मजबूत करने के लिए जेल वार्डरों के लगभग 1300 पद जल्द ही भरे जाएंगे। साथ ही, जेल विभाग में मेडिकल और पैरामेडिकल रिक्तियों के साथ-साथ करनाल में नवनिर्मित जेल प्रशिक्षण अकादमी के लिए आवश्यक स्टाफ के पदों को भी जल्द ही भरा जाएगा।
मुख्यमंत्री ने करनाल में जेल प्रशिक्षण अकादमी का उद्घाटन करने



के बाद ये घोषणाएं कीं, जिसका उद्देश्य जेल कर्मियों को सुधार, पुनर्वास और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करना है। 6.5 एकड़ में फैली और 3.29 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस अकादमी में ऊर्जा कुशल और तापमान अनुकूल तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश से पंचकूला, दादरी और फतेहाबाद

**घोषणाएं**

**300 करोड़ रुपये की लागत से पंचकूला, दादरी और फतेहाबाद में बनेंगी नई जेलें : सीएम सैनी**

में नई जेलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, करनाल में जिला जेल परिसर में एक गौशाला भी शुरू की जाएगी।
इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई जेल प्रशिक्षण अकादमी सुधार प्रणाली में परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक इमारत का उद्घाटन नहीं है, यह एक नए दृष्टिकोण के परिवर्तन और एक अन्य विजन की शुरूआत है। हमारी जेलें केवल सजा नहीं, बल्कि बदलाव, पुनरुद्धार और पुनर्निर्माण का केंद्र बननी चाहिए। नवनिर्मित अकादमी में नए भर्ती किए गए लोगों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण और मौजूदा कर्मचारियों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रदान किए जाएंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा। कि जेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों, मानवाधिकारों और कैदी सुधार के मनोवैज्ञानिक पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाए।

## 'पांच जज छुट्टियों में भी काम कर रहे'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वकील छुट्टियों के दौरान काम नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी मामले अदालत में लंबित हैं उसके लिए सिर्फ न्यायपालिकों को दोषी ठहराया जाता है। दरअसल, एक वकील ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद याचिका को सूचिबद्ध करने के लिए आग्रह किया था। इस पर सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह की पीठ ने नाराजगी जताई।

**'छुट्टियों के दौरान वकील काम के लिए नहीं हैं तैयार'**
सीजेआई ने कहा, छुट्टियों के दौरान पांच जज बैठे हैं और काम करना



जारी रखे हुए हैं, फिर भी हमें लंबित मामलों के लिए दोषी ठहराया जाता है। हकीकत में, वकील ही हैं जो छुट्टियों के दौरान काम करने के लिए तैयार नहीं हैं।

**'आंशिक अदालत कार्य दिवस'**
हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने उन पीठों पर एक अधिसूचना जारी की है जो आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान काम करेंगी।

### किस-किस दिन रजिस्ट्री रहेगी बंद?

*अधिसूचना में पीठों में न्यायाधीशों के साप्ताहिक आवंटन की रूपरेखा दी गई है। 26 मई से 1 जून तक सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ जेके माहेश्वरी और बीवी नागरत्ना क्रमशः पांच पीठों का नेतृत्व करेंगे। इस अवधि के दौरान सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री सभी अधिकारियों कर्मचारियों के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी।*

# खेल-खेल में...: पार्क की बेंच के छेद में फंसी बच्ची के दोनों हाथ की ऊंगली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा :** नोएडा के सेक्टर-53 के सेंट्रल पार्क में खेलने पहुंची आठ साल की अंशिका स्टील बेंच पर बैठी। खेल-खेल में दोनों हाथ बेंच पर रखे और बेंच में बने छेद में उंगलियां डाल दीं। थोड़ा दबाव देकर डाली गई ऊंगलियां फिर उन छेदों में फंस गईं। उंगली निकालने की नाकाम कोशिश के बाद बच्ची रोने लगी तो आस-पास के लोग जुटे। फिर जिसने देखा वो हैरान रह गया और बच्ची को रोता देख परेशान भी हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस, फायर ब्रिगेड व सेक्टर के निवासियों ने बच्ची की उंगलियां निकलवाने को सारे प्रयास किए। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। खून का संचार बंद होने से नीचे फंसी ऊंगलियों में सूजन आती जा रही थी। आखिर में कटर मंगवाकर बेंच का उतना हिस्सा काटा गया। कटी हुई बेंच का हिस्सा उंगलियों में फंसा हुआ लेकर पुलिस व परिजन जिला अस्पताल ले गए। फिर डॉक्टरों ने मशक्कत शुरू की आखिर में तकरीबन 5 घंटे बाद मासूम की दोनों उंगलियां बेंच में लगी स्टील के छेद से बाहर निकलीं। गिझोड़ पुलिस चौकी इंचार्ज जगमोहन सिंह ने बताया कि गांव में एक परिवार किराए पर रहता है। माता-पिता नौकरी पर गए थे, बच्ची खेलते हुए सोमवार शाम




छह बजे सेंट्रल पार्क में पहुंची। बेंच के छेद में बच्ची अपनी दोनों हाथों की ऊंगलियां फंसा रही थी। कुछ देर में बच्ची के दोनों हाथों की एक-एक ऊंगली बेंच के छेद में फंस गई। खून का प्रवाह रुक गया। बच्ची की ऊंगली सूज गई और वह बेंच के छेद से नहीं निकल सकीं। बच्ची रोने लगी। मौके पर आरडब्लूए महासचिव वीरेंद्र सिंह नेगी अन्य निवासियों के साथ पहुंचे। इनकी सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर गई और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। बच्ची की ऊंगली जिस बेंच में फंसी थीं वहां एक-एक फीट का हिस्सा गोलाकार में काटकर बच्ची को अस्पताल भेजा गया। रात 11 बजे अस्पताल के करीब बच्ची की ऊंगलियों को बेंच के छेद से निकाला गया। सेक्टर व गांव के निवासियों ने पुलिस चौकी इंचार्ज के प्रयासों की सराहना की है।

**प्राधिकरण**

**उद्यान विभाग की टीम ने भी मौके का दौरा किया, बारिश का पानी निकलने को होते हैं बेंच में छेद**

**बारिश का पानी निकलने को होते हैं बेंच में छेद**

घटना को संज्ञान में लेकर प्राधिकरण के उद्यान विभाग की टीम ने भी मौके का दौरा किया। विभाग के निदेशक आंनद मोहन ने बताया कि बेंच में छोटे-छोटे छेद बारिश का पानी निकलने के लिए होते हैं। बच्ची की उंगलियां पतली हैं, इसलिए अंदर चली गईं और फंस गईं। अगर दबाव से उंगलियां न डाली गई होतीं तो अंदर नहीं जा पातीं।

## कुंडली स्थित कंपनी के एचआर व चौकीदार पर लाखों का सामान चोरी करने आरोप

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र स्थित कंपनी में एचआर व चौकीदार पर लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। कंपनी संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों को नामजद कर लिया है। कंपनी मालिक ने आरोपितों को सीसीटीवी की मदद से पहचाना है। पुलिस आरोपितों की पहचान के प्रयास कर रही है। राजौरी दिल्ली निवासी विनीत ने बताया कि गत 15 मार्च को उनकी कंपनी में सामान चोरी होने की सूचना मिली है। कंपनी में लगे सीसीटीवी की जांच की तो कंपनी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की मौजूदगी में सामान चोरी होना पाया गया। अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि उस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे बंद कर रखे थे। जबकि गेट के कैमरे बंद नहीं कर पाएं। वही गाड़ियों की आने-जाने की एंट्री भी गेट पर होती थी, लेकिन कोई ऐसी उक्त गाड़ी की इंट्री नहीं हो पाई। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों को नामजद कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**भारतीय रेल**
**भारत सरकार, रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)**
स. 2025/TK-II/22/6/3(ZITMS) नई दिल्ली, दिनांक: 20.05.2025
ई संख्या निविदा - TM-2501 जीरो स्पीड से इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम (ZITMS) की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव के लिए
1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से जीरो स्पीड से इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव" के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियाँ आमंत्रित की जाती हैं।
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है की वे विवरण निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और अपनी इलेक्ट्रॉनिक बिड जमा करने के लिए वेबसाइट http://ireps.gov.in पर जाए।
अनुराग कुमार, निदेशक रेलपथ (आधुनिकीकरण), रेलवे बोर्ड
दूरभाष: 011-47845530 ईमेल: anurag.irse05@gov.in
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1486/2025

# दो कुख्यात बदमाश गिरफ्तार, 40 से अधिक मामलों में थे वांछित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की आरके पुरम थाना पुलिस ने दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित पिछले 25 वर्षों से हत्या की कोशिश, डकैती, गोलीबारी, स्नैचिंग और वाहन चोरी जैसे 40 से अधिक संगीन मामलों में वांछित थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान लक्ष्मी नगर निवासी राशिद उर्फ मोसिन (50) और अंधा मुगल, गुलाबी बागनिवासी सुनील कुमार (51) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो टूटी हुई सोने की चेन, एक लॉकेट, 13 ग्राम पिघला हुआ सोना और फर्जी नंबर प्लेट लगी एक चोरी की बाइक बरामद की है। आरके पुरम में दिनदहाड़े सोने की चेन लूटदक्षिण पश्चिम जिले की एडिशनल डीसीपी ऐश्वर्या सिंह ने बुधवार को बताया कि 10 मई को केरल निवासी एक 68 वर्षीय महिला ने आरके पुरम में शिकायत दर्ज कराई कि जब वह अय्यप्पा मंदिर, सेक्टर-1, आरके पुरम में पूजा के बाद बाहर



निकल रही थीं, तभी बाइक सवार दो युवकों ने उनकी सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज किया और जांच शुरू की। डीसीपी के अनुसार इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार त्यागी की देखरेख में इंस्पेक्टर विनय कुमार यादव, इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह और एसआई अशोक कुमार मीणा ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम ने 1200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की और 26 किलोमीटर लंबे रूट पर निगरानी के बाद गुलाबी बाग निवासी सुनील कुमार की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने साथी राशिद उर्फ मोसिन का नाम लिया। जिसे लक्ष्मी नगर से चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया गया।

**दिल्ली-यूपी में कई संगीन वारदातों में वांछित**

डीसीपी के अनुसार आरोपित राशिद करावल नगर में एक आभूषण की दुकान में डकैती और उप्र के मुरादाबाद में पुलिस से मुठभेड़ जैसे मामलों में वांछित था।

पूछताछ में पता चला कि आरोपितों ने 13 मई को सफदरजंग एनक्लेव के पास भी एक महिला से चेन छीनने की कोशिश की थी। जांच में पता चला है कि पकड़ा गया राशिद उर्फ मोसिन दिल्ली और उप्र में 26 मामलों में शामिल है। इनमें हत्या की कोशिश, पुलिस पर गोलीबारी, डकैती, अवैध हथियार और चोरी जैसे मामले शामिल हैं। वह तीन मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है और दिसंबर 2024 में जेल से रिहा हुआ था। जबकि सुनील कुमार वर्ष 2004 से अपराध की दुनिया में सक्रिय है। दिल्ली में 18 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और तीन बार दोषी करार दिया जा चुका है।

**क्रैक डाउन**

**लक्ष्मी नगर निवासी राशिद उर्फ मोसिन (50) और अंधा मुगल, गुलाबी बागनिवासी सुनील कुमार (51) के रूप में हुई है**

# लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने की 'जय जवान




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने बुधवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में 'जय जवान स्कॉलरशिप' शुरू करने की घोषणा की है। राज्यसभा सदस्य और एलपीयू के फाउंडर चांसलर डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने घोषणा कि 2025-2026 और 2026-2027 एजुकेशन सेशन (जुलाई और जनवरी दोनों प्रवेश सहित) में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक सक्रिय रक्षा और अर्धसैनिक कर्मी इस छात्रवृत्ति के लिए योग्य होंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारे बहादुर जवानों के निस्वार्थ समर्पण के लिए हमारा सम्मान है। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रैजुएट प्रोग्राम्स में ऑनलाइन मोड में दाखिला लेने वाले सभी सक्रिय रक्षा और अर्धसैनिक कर्मियों के लिए सौ फीसद ट्यूशन फीस माफ की जाएगी। यह पहल विशेष रूप से भारत के 22 लाख सक्रिय रक्षा (सेना, नौसेना और वायु सेना) और अर्धसैनिक बलों के जवानों के लिए बनाई गई है, जिसमें सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ और एसएसबी शामिल हैं। डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सम्मानित करने के लिए जितने सैल्यूट दिए जाए, कम हैं। यह स्कॉलरशिप सफल ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर राष्ट्रीय स्तर पर महत्व रखती है, जहां हमारे बहादुर कर्मियों ने पहलगाम में नागरिकों के भयानक नरसंहार के जवाब में असाधारण साहस दिखाया। उनकी शानदार और दृढ़ कार्रवाई ने राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित की और एक मजबूत और लचीली ग्लोबल शक्ति के रूप में भारत की स्थिति की पुष्टि की। ये पूरी स्कॉलरशिप एकजुटता की एक ठोस उदाहरण हैं - क्योंकि सच्चा सम्मान शब्दों से आगे बढ़कर कार्रवाई में तब्दील होना चाहिए।

**छात्रवृत्ति**

**दोनों प्रवेश सहित) में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक सक्रिय रक्षा और अर्धसैनिक कर्मी इस छात्रवृत्ति के लिए योग्य होंगे**

**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-टेन्डर नं0: पीआरवाईजे-सिग-205-2025-26 दिनांक: 17.05.2025
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/समन्वय/प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैं।**
**कार्य का विवरण:** सीनियर डीएसटीई/सीएनबी सेक्शन के लिए अर्थ फॉल्ट लॉजिक में डेटा एनालिटिक्स और एग्यूमेन्टेशन का कार्य।
| | |
|---|---|
| अनुमानित मूल्य (₹) : ₹ 12247131.25 | बिड सिक्योरिटी (₹) : ₹ 211200/- |
| कार्य समापन की अवधि: 09 माह | निविदा खुलने की तिथि : 12.06.2025 |

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **12.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। 868/25(A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-टेन्डर नं0: पीआरवाईजे-सिग-205-2025-26 दिनांक: 17.05.2025
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/समन्वय/प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैं।**
**कार्य का विवरण:** सीनियर डीएसटीई/सीएनबी सेक्शन के लिए अर्थ फॉल्ट लॉजिक में डेटा एनालिटिक्स और एग्यूमेन्टेशन का कार्य।
अनुमानित मूल्य (₹) : ₹ 12247131.25 | बिड सिक्योरिटी (₹) : ₹ 211200/-
कार्य समापन की अवधि: 09 माह | निविदा खुलने की तिथि : 12.06.2025
**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **12.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। 868/25(A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना संख्या टी एस 255006 / ट्रायल आइटम / टी एस**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य अभियंता, उत्तर रेलवे, मुख्यालय कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली - 110001 ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के माध्यम से निम्नलिखित निविदा आमंत्रित करते हैं:

| क्रम सं | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा दस्तावेज़ की कीमत (रुपये में) | बयाना राशि (रुपये में) | अनुमानित निविदा मूल्य (रुपये में) | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टी एस 255006 | स्लीपर की पूरी असेंबली और इन-स्लीपर प्वाइंट मशीन जोकी भारतीय रेलवे पर भारतीय रेलवे मानकों (आईआरएस) के अनुकूल हो का विनिर्माण, आपूर्ति, परीक्षण स्थान तक परिवहन, बिछाने और चालू करने सहित पूर्ण स्थापना, निगरानी और रखरखाव। | 10 सेट | कुछ नहीं | 4,78,450/- | 2,39,22,741.80 | 18.06.2025 को 14:30 बजे | 22 माह |

नोट:- उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर की संपूर्ण जानकारी "www.ireps.gov.in" तथा "www.nr.indianrailways.gov.in" वेबसाइट पर उपलब्ध है। संख्या: टी एस 255006 दिनांक 19.05.2025 1483/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मुर्गी पालन केंद्र कर्मियों की होगी कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग

**नोएडा।** प्रदेश में बढ़ रहे बर्ड फ्लू (एच 5 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस) के खतरे के बाद जिले में भी अलर्ट जारी कर दिया गया था। पशु पालन विभाग, वन विभाग के बाद स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है। बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को मुर्गी पालन केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि यह निर्देश शासन स्तर से के लिए आसपास के मुर्गी फार्म, प्रवासी पक्षी प्रवास स्थल व अन्य पशु केंद्रों की निगरानी आवश्यक है। फार्म में काम करने वाले कर्मचारी पक्षियों के अधिक संपर्क में रहते हैं।

## अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल उर्फ बम्ब निवासी गांव बोहला हाल में शास्त्री कॉलोनी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उप निरीक्षक नवनीत ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान मुरथल फ्लाईओवर जीटी रोड पर मौजूद थी।

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 04 / 2025-2026 दिनांक 15.04.2025
ii) निविदा संख्या 15255019 30.05.2025 को देय है।
1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 12.05.2025 से बढ़ाकर 30.05.2025 कर दी गई है।
2. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में विनिर्देशों को संशोधित किया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। एसएमएम / जी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1494/2025

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
संदर्भ: i) निविदा सूचना क्रमांक 89 / 2024-2025 दिनांक 13.01.2025
ii) निविदा संख्या 15245170 10.07.2025 को देय है।
1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 26.05.2025 से बढ़ाकर 10.07.2025 कर दी गई है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1495/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**Piramal Finance**
**पीरामल कैपिटल & हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) सीआईएन: एल65910एमएच1984पीएलसी032639
**पंजीकृत कार्यालय:** यूनिट नं.-601, 6वीं मंजिल, पीरामल अमिटी बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070-T+91 22 3802 4000..
**शाखा कार्यालय:** यूनिट नं. 01 और 09, ग्राउंड फ्लोर, जीडी-आईटीएल नॉर्थ एक्स टॉवर, प्लॉट नं. ए-9, नेताजी सुभाष प्लेस, नई दिल्ली-110034 और प्लॉट नं.-6, ब्लॉक-ए2वीं मंजिल, सेक्टर 2, नोएडा-201301
**सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8-(1) और परिशिष्ट-IV के अनुसार अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस**
जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से विख्यात) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया जाता है। उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के तहत नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को संपत्ति से निपटने के लिए चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) के अधीन होगा, जो कि ब्याज के साथ नीचे उल्लिखित राशि के लिए है।

| क्रमांक सं | उधारकर्ता/गारंटर का नाम | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण | मांग नोटिस की तिथि और राशि | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कोड संख्या HLSA0003857B और HLSA0003857BTU), (दिल्ली शाहदरा), अनिल कुमार श्रीवास्तव (उधारकर्ता), किरण श्रीवास्तव (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा एफएफ-बी, पहली मंजिल बिना छत के अधिकार के, एच नंबर 18 और 19 खसरा नंबर 504/1, शालीमार टॉवर के पास सह-विस्तारित लाल डोरा, गांव बुराड़ी, दिल्ली उत्तर दिल्ली-110084 | 20-12-2024 को रु. 11,79,506.86 (इक्कीस लाख उनहत्तर हजार पांच सौ छियासी पैसे मात्र) | 19/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 2. | (ऋण कोड संख्या BLSA000390F0), (शाखा - ग्रेटर नोएडा), दा), वीरेंद्र सिंह (उधारकर्ता), अफ | ग्राम-भूत गढ़ी मजरा गोठनी, परगना एवं तहसील खुर्जा, शिव मंदिर के पास, जिला बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश 203141 स्थित संपत्ति गाटा संख्या-296मि का समस्त भाग एवं पार्सल | 24 जनवरी 2025 को रु. 10,67,438 (दस लाख सड़सठ हजार चार सौ अड़तीस मात्र) | 16/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 3. | (ऋण कोड संख्या (शाखा BLSA00036606), ग्रेटर नोएडा), विनोद कुमार (उधारकर्ता), प्रवेश (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग पार्सल - गाट संख्या 38 मजरा गोठानी भूतगढ़ी, पिसवा रोड खुर्जा। शिव मंदिर के पास, परगना एवं तहसील खुर्जा जिला। बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश-203141 | 20-दिसम्बर-24 को रु. 11,30,681.36/- (ग्यारह लाख तीस हजार छः सौ इक्यासी रुपये और छत्तीस पैसे मात्र) | 16/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 4. | (ऋण कोड संख्या M0066915), (शाखा नोएडा सेक्टर 2), गौरव पी (उधारकर्ता), गीता पी (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति के सभी भाग और पार्सल प्लॉट नंबर 20 ए, खसरा नंबर 306, श्लोक कॉलोनी, ग्राम छपरौला, जिला गौतमबुद्ध नगर। गाजियाबाद-201009. | 24 जनवरी 2025 को कुल 5,50,159/- रुपये (पांच लाख पचास हजार एक सौ उनचास रुपये मात्र) | 21/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 5. | (ऋण कोड संख्या 13100002330), (शाखा दिल्ली पीतमपुरा), अनिल शर्मा (उधारकर्ता), मंजू शर्मा (सह-उधारकर्ता) भारत शर्मा (सह-उधारकर्ता) गरिमा शर्मा (सह-उधारकर्ता) लक्ष्मी कैप्स एंड अलाइड इंडस्ट्रीज (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति के सभी हिस्से और पार्सल - दुकानें नं 301,302,303 द्वितीय तल पारसनाथ मॉल मैनहट्टन शॉपिंग मॉल प्लॉट नं 11, सेक्टर 20 ए फरीदाबाद फरीदाबाद, हरियाणा फरीदाबाद हरियाणा:-121001 | 24 जनवरी 2025 को रु. 1,38,94,386/-(एक करोड़ अड़तीस लाख चौरानबे हजार तीन सौ छियासी रुपए मात्र)- रुपये (पांच लाख पचास हजार एक सौ उनचास रुपये मात्र) | 14/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 6 | (ऋण कोड संख्या BLSA0001749F), (शाखा - मेरठ), इमरान (उधारकर्ता), अफरोज (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का पूरा हिस्सा और पार्सल हाउस म्यूनिसिपल नंबर 504 37 पाइप्ट नंबर 04. मिंजुमले खरसा नंबर 3468 रेवफेनुए गांव मोहल्ला लखीपुरा के पास मेरठ उत्तर प्रदेश 250002 | 24 जनवरी 2025 को रु. 12,19,776/-(केवल बारह लाख उन्नीस हजार सात सौ छिहत्तर रुपये) | 19/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 7. | (ऋण कोड संख्या HLSA000382C0), (शाखा - आगरा शाखा), प्रदीप बघेल (उधारकर्ता), शकुंतला (उधारकर्ता)-उधारकर्ता) लक्ष्मी कैप्स एंड अलाइड इंडस्ट्रीज (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का सम्पूर्ण भाग - प्लॉट नं. 23, खसरा नं. 1871, राहुल रेजीडेंसी कॉलोनी, आर.बी. डिग्री कॉलेज के पास, मौजा नारायच आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 | 24 जनवरी 2025 को कुल 14,26,514/-(चौदह लाख छब्बीस हजार पांच सौ चौदह रुपए मात्र) | 19/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 8. | (ऋण कोड संख्या HLSA000382C0), (शाखा - आगरा शाखा), प्रदीप बघेल (उधारकर्ता), शकुंतला (उधारकर्ता)-उधारकर्ता) लक्ष्मी कैप्स एंड अलाइड इंडस्ट्रीज (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति का समस्त भाग - ईडब्ल्यूएस प्लॉट संख्या ई128, ब्लॉक ए, कालिंदी विहार योजना, अंबेडकर पार्क के पीछे, तहसील एलमादपुर और जिला आगरा, आगरा-282006, उत्तर प्रदेश | 24 जनवरी 2025 को 5,50,820 रुपये (पांच लाख पचास हजार आठ सौ बीस रुपये) | 19/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 9. | (ऋण कोड संख्या M0133119), (शाखा -आगरा शाखा), अब्दुल जब्बार (उधारकर्ता), अमीना (सह-उधारकर्ता) | सीएच-संपत्ति के सभी भाग और पार्सल, खसरा नंबर 579, नई बस्ती (केशोपुरा मनोहरपुर, मदीना मस्जिद के सामने, तहसील और जिला मथुरा, यूपी-281001 | 24 जनवरी 25 को रु. 23,18,960 (रु. तेईस लाख अठारह हजार नौ सौ साठ मात्र) | 16/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 10. | (ऋण कोड संख्या 23400002433),` (शाखा - आगरा शाखा), संजय सिंह` (उधारकर्ता), पूनम (सह-उधारकर्ता) मनवीर सिंह (सह-उधारकर्ता) | संपत्ति के सभी भाग और पार्सल प्लॉट नंबर 5 खसरा नंबर 171 से 176 मौजा गइलेना, चंद्रा नगर कॉलोनी, आगरा आगरा आगरा उत्तर प्रदेश 282007 | 20-दिसम्बर-25 को रु. 25,04,718/- (रु. पच्चीस लाख चार हजार सात सौ अठारह मात्र) | 19/05/2025 (प्रतीकात्मक) |
| 11. | (ऋण कोड संख्या BLSA00026C4D), (शाखा दिल्ली शाखा), जितेंद्र पाठक (उधारकर्ता), राजवेती (उधारकर्ता) | संपत्ति के सभी भाग और पार्सल - खसरा नंबर 664 मोहल्ला पिनाहट देहात, परगना बाह, सर्वोदय इंटर कॉलेज के पास आगरा, उत्तर प्रदेश, भारत 283123 | 24 जनवरी 2025 को रु. 9,84,621 (नौ लाख चौरासी हजार छह सौ इक्कीस मात्र) | 19/05/2025 (प्रतीकात्मक) |

**स्थान: दिल्ली, दिनांक: 22.05.2025** **(प्राधिकृत अधिकारी) पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेंटर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। **फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# सीएम ने तिरंगा यात्रा और बाइक रैली को दिखाई झंडी

यह रैली हमारे वीर जवानों की साहसिक गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का प्रतीक है: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भारतीय सेना की गौरवपूर्ण उपलब्धि

**सेना का पराक्रम**

अमर सपूतों के अद्वितीय शौर्य को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के अमर सपूतों के अद्वितीय शौर्य को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली को तालकटोरा स्टेडियम से झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका आयोजन दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने किया। मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा व बाइक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह रैली हमारे वीर जवानों की साहसिक गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का प्रतीक है। भारतीय सेना की गौरवपूर्ण उपलब्धि हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है। देश की सेवा, रक्षा और एकजुटता के लिए हमेशा हमारा खालसा पंत आगे रहा है। आज की तिरंगा यात्रा यही संदेश देने के लिए है कि देश के सिख समाज का हर एक व्यक्ति इस मातृभूमि पर मर मिटने के लिए तैयार खड़ा है।
मुख्यमंत्री ने विभिन्न देशों का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों पर कहा कि यह उचित निर्णय हुआ है और विश्व पटल पर भारत का संदेश जाना बहुत जरूरी है। भारत एकजुट, एकमत है और आतंकवाद हमारे लिए केवल वार्ता का विषय नहीं है। हमारे देश के एक भी व्यक्ति का आतंकवाद के कारण प्राण गंवाना अब भारत को मंजूर नहीं है। अब देश में ऐसी सरकार है जो आतंकवाद को खत्म करने के लिए कुछ भी कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत आतंकी ठिकाने को ध्वस्त करने के लिए कहीं भी जा सकता है। इस मौके पर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हमारी सेना ने शौर्य दिखाया। उनके शौर्य के पराक्रम को आज हम सलाम करते हैं।

## दिल्ली में गर्मी तोड़ रही रिकॉर्ड, पारा पहुंचा 45 डिग्री के पार

**नई दिल्ली:** गर्मी के तेवर कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार को भी सुबह से ही लोगों का गर्मी से हाल बेहाल है। पंखा ही नहीं कूलर और एसी भी गर्मी को झेल नहीं पा रहे और गर्म हवा छोड़ रहे हैं। बात अगर बुधवार की करें तो आज रेवाड़ी में अधिकतम 45.5 डिग्री सेल्सियस रहा तो न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। प्रतिदिन गर्मी के तेवर तीखे हो रहे हैं। हालांकि इसी माह 17 मई को अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है लेकिन न्यूनतम तापमान इतना अधिक नहीं था।

## गांजा तस्करी के मामले में फरार चल रही महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गांजा तस्करी के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रही महिला आरोपित सुशीला उर्फ नोनी (52) को जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। महिला के खिलाफ महेन्द्रा पार्क थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपित महिला को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। डीसीपी के अनुसार 28 अक्टूबर 2024 को थाना महेन्द्रा पार्क के पास एक ऑटो से 5.172 किलो गांजा बरामद हुआ था।



दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सरकार की कैबिनेट की एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ऐतिहासिक फैसले लिए गए।

## ड्रग्स तस्करी के मामले में वांछित बदमाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (सेंट्रल रेंज) ने ड्रग तस्करी के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपित को गुजरात से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान बाजिद खान के रूप में हुई है। वह शाहजहांपुर उप्र का रहने वाला है। फरवरी 2025 में उसे अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने बुधवार को बताया कि 21 मई 2023 को क्राइम ब्रांच ने इमरान खान उर्फ साहिल नामक एक व्यक्ति को 269 ग्राम मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में इमरान ने खुलासा किया कि ये



ड्रग्स बाजिद खान से लिया था। तभी से बाजिद खान फरार चल रहा था। पुलिस की कई कोशिशों के बावजूद वह पकड़ में नहीं आया। जिसके बाद उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया। साथ ही उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। डीसीपी के अनुसार आरोपित की गिरफ़्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता और मोबाइल नंबरों की जांच के माध्यम से टीम ने पहले उप्र के कई स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

## डकैती और हत्या के मामले में वांछित बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अशोक विहार इलाके में हुई डकैती और हत्या के मामले में वांछित चल रहे अपराधी को गाजियाबाद उप्र से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान उप्र के हापुड़ निवासी मनोज उर्फ रॉकी के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदोरा ने बताया की दिनांक 25 फरवरी 2025 को थाना अशोक विहार इलाके में एक व्यक्ति से 16.5 लाख रुपये की लूट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के दौरान बदमाशों ने देसी कट्टे से फायरिंग कर पीड़ित के छाती पर गोली मारी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में अशोक विहार थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गयी। स्थानीय पुलिस द्वारा की गई जांच में मौके से सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें 6-7 संदिग्धों की पहचान हुई। आगे की जांच में यह सामने आया कि आरोपित मनोज उर्फ रॉकी ने इस वारदात में प्रयुक्त हथियार अपने साथी फैयाज उर्फ एलन को मुहैया कराए थे। घटना के बाद से ही आरोपित फरार चल रहा था और लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

# सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेडकर को दी अग्रिम जमानत, कहा 'क्या उसने मर्डर किया है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि जिस तरह के आरोप पूजा खेडकर पर लगे हैं उस पर हाई कोर्ट से ही अग्रिम जमानत मिल जानी चाहिए थी। कोर्ट ने 18 मार्च को दिल्ली पुलिस से पूछा था कि आप जांच पूरी क्यों नहीं कर रहे हैं जबकि पूजा खेडकर ने हलफनामा दाखिल कर जांच में सहयोग देने की बात कही है। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा था कि इस मामले में हिरासत में पूछताछ की जरुरत है। तब कोर्ट ने पूछा था कि सामान्य पूछताछ और हिरासत में पूछताछ में क्या अंतर है। कोर्ट ने कहा था कि पूजा खेडकर ने फर्जी प्रमाण पत्र कहां से हासिल किया, ये जानना जरुरी है और इसके लिए हिरासत में पूछताछ की जरुरत नहीं है। वो फर्जी प्रमाण पत्र हासिल करने की सरगना नहीं है। 15 जनवरी को कोर्ट



ने दिल्ली सरकार और यूपीएससी को नोटिस जारी किया था। पूजा खेडकर ने

**जमानत**

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि जिस तरह के आरोप पूजा खेडकर पर लगे हैं उस पर हाई कोर्ट से ही अग्रिम जमानत मिल जानी चाहिए थी

दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने 23 दिसंबर को पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया यूपीएससी के साथ फजीर्वाड़े का आरोप सही प्रतीत होता है। हाई कोर्ट ने कहा कि पूजा खेडकर दिव्यांग और ओबीसी कैटेगरी में लाभ की हकदार नहीं हैं। पूजा खेडकर प्रोबेशन के दौरान अवैध मांग करने को लेकर विवादों में घिर गई थीं। कलेक्टर सुहास दिवासे ने खेडकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। विवाद बढ़ने के बाद पूजा खेडकर पर महाराष्ट्र सरकार ने कार्रवाई करते हुए उनकी ट्रेनिंग पर रोक लगा दिया था और पूजा खेडकर को फील्ड पोस्टिंग से हटाकर मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया, लेकिन वो तय समय पर एलबीएसएनएए नहीं पहुंचीं। पूजा खेडकर को यूपीएससी ने बर्खास्त भी कर दिया है।

# दिल्ली कैंट में ड्रग्स और विदेशी सिगरेट रैकेट का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने दिल्ली कैंट के महरम नगर इलाके में चल रहे एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं और विदेशी सिगरेट जब्त की हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपित संजय कुमार (48) है। मूलरूप से उप्र के जौनपुर जिले का रहने वाला है। आरोपित दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय कूरियर सेवा के नाम पर अवैध कारोबार को चला रहा था। छापेमारी के दौरान उसके ऑफिस से अल्प्राजोलम और जोल्पिडेम की 83,090 टैबलेट्स और 26,000 पैकेट्स विदेशी सिगरेट बरामद हुई हैं। इनपर



वैधानिक चेतावनी या एमआरपी अंकित नहीं था। पुलिस के मुताबिक जिले की एएनटीएफ टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि महरम नगर इलाके में कुछ लोग कूरियर सेवा की आड़ में प्रतिबंधित दवाओं और विदेशी सिगरेट की तस्करी का काम कर रहे हैं। टीम ने इलाके में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, तकनीकी सर्वेक्षण और मुखबीरों की मदद से जानकारी को पुख्ता किया। उसके बाद शाम करीब 7:30 बजे आरोपित को उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया गया।

**दुबई से संचालित हो रहा था रैकेट**
पूछताछ में सामने आया कि संजय कुमार का भाई प्रमोद पांडे इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड है और इस समय दुबई में रहकर नेटवर्क चला रहा है। वह 'जंगी' और 'व्हाट्सऐप' जैसे इंटरनेट एप्स के जरिए संजय और उसके साथी जोगिंदर को निर्देश देता था। यह गैंग भारत से प्रतिबंधित दवाओं और विदेशी सिगरेट को कपड़ों और मसालों के पैकेट्स में छिपाकर एयर कार्गो के जरिए दुबई, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका भेजता था। इनकी कमाई विदेशी मुद्रा में होती थी। वहीं जांच में पता चला है कि पकड़ा गया संजय कुमार इससे पहले भी 2011 में एनसीबी दिल्ली और बाद में मुंबई में ड्रग्स के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है।

## सरकार ने अवकाश लेने पर लगी रोक को हटाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष की स्थिति में अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश लेने पर लगी रोक को हटा लिया है। सरकार ने आठ मई के अपने आदेश को आज तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया। इस संबंध में दिल्ली सरकार के सेवा विभाग के विशेष सचिव अजय कुमार बिष्ट ने आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद दिल्ली सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है।

# ठक-ठक गैंग के गिरफ्तार, 22 महंगे मोबाइल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के संगम विहार थाना पुलिस ने ठक-ठक गैंग के दो सक्रिय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान नासिर उर्फ कालिया (40) और अमजद उर्फ खाऊ (28) के रूप में हुई है। दोनों मेरठ (उप्र) के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से 22 चोरी के महंगे मोबाइल फोन (अधिकांश आई-फोन) और एक ऑटो बरामद किया है। जिसका इस्तेमाल अपराध को अंजाम देने में किया गया था। दक्षिण जिल के डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार पांच मई को एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि जब वह तुगलकाबाद स्थित अपने ऑफिस से घर लौट रहे थे। वह राटिया मार्ग बस स्टॉप पर ट्रैफिक जाम में फंसे, तभी एक व्यक्ति उनके पास आया और बोला कि उसका पैर कार के नीचे आ गया है। बातचीत के दौरान एक




और व्यक्ति ने दाहिनी खिड़की पर दस्तक दी और उसका ध्यान भटका दिया। बाद में शिकायतकर्ता ने पाया कि उनका मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, तकनीकी निगरानी की और पुराने अपराधियों के रिकॉर्ड खंगाले। डीसीपी के अनुसार सीसीटीवी से पता चला कि घटना के बाद आरोपित एक ऑटो में सवार होकर फरार हुए। ऑटो नंबर के जरिए पुलिस मुस्तफाबाद पहुंची। जहां से पता चला कि ऑटो एक व्यक्ति को किराए पर दिया गया था। लगातार निगरानी और दबिश के बाद पुलिस ने पहले नासिर उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर अमजद उर्फ खाऊ भी दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि वह भीड़भाड़ वाले इलाके और ट्रैफिक जाम में लग्जरी कारों में सवार हाई प्रोफाइल लोगों को निशाना बनाते थे। वे वाहन की खिड़की तोड़ना, टायर पंचर करना या तेल डालकर ड्राइवर का ध्यान भटकाते और मौका देखकर मोबाइल या अन्य कीमती सामान चुरा लेते थे। जांच में पता चला है कि अमजद उर्फ खाऊ के खिलाफ दिल्ली और उप्र में 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह 2013 के एक मामले में भगोड़ा भी घोषित किया जा चुका है। हाल ही में मुंबई जेल से छूटकर आया था। 2024 में उसे आगरा पुलिस ने भी 12 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया था।

**काबू**

2024 में उसे आगरा पुलिस ने भी 12 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया था



# देवभूमि को नशा मुक्त बनाने में दें आम जनता सहयोग: राज्यपाल

## जयराम ठाकुर का सराज से नशे के खिलाफ जंग का एलान, राज्यपाल ने अभियान को सराहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी/गोहर:** प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जंजैहली में नशा मुक्त हिमाचल अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान को लेकर मुझे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेरित किया और आज आपके विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने जिस जोश के साथ इसको आगे बढ़ाया है वो सराहनीय है। हिमाचल प्रदेश में कुछ सूंदर स्थानों में आपका क्षेत्र भी आता है। इस स्थान को पवित्र और नशे की बुराई से दूर रखने के लिए आज की संकल्प लें। मैं जहां भी गया नशे के खिलाफ मेरा साथ बच्चों, पंचायत प्रतिनिधि और महिला मंडलों ने दिया। मुझे मीडिया के सहयोग का भी आभार जताना है कि उनके साथ से आज ये एक बड़ी मुहिम बन गई है। मुझे आज खुशी है एक अब कई पंचायतें ये भी कहने लगी है कि जो मेरी पंचायत में नशा करता है तो उसे वो सरकारी लाभ नहीं देंगे जो बहुत अच्छा संदेश है। आज हमारी विधानसभा में इन विधायकों ने कानून बनाकर देश को दिखा दिया है कि हम नशे के खिलाफ हैं। नशे के खिलाफ अगर सरकार भी कोई और सख्त कारवाई करती है तो मैं साथ दूंगा। आज विपक्ष के विधायक एक मंच से ये संदेश दे रहे हैं तो सरकार भी अवश्य करेगी। ये आज राजनीतिक बिंदू नहीं रह गया है। हिमाचल देवी देवताओं से भरा है। देवी देवताओं के सामने कोई नशा करता है तो वो बहुत बुरी बात है। मैं नेता प्रतिपक्ष के इस साहस की प्रशंसा करता हूँ कि इन्होंने देव समाज में कुछ बुराइयों का जिक्र किया है। ये प्रदेश जिस देव संस्कृति को लेकर दुनिया भर में प्रसिद्ध है वहां से ये बुराइयां हटाने के लिए भी जाना जाएगा तो कितना अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने भारतीय सेना को नमन करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में सिंदूर का बड़ा मह त्व है। देश के नेतृत्व ने इस ना ा से ऑपरेशन चलाकर दुश्मन को कड़ा संदेश दिया है कि हमारे लिये सिंदूर का कितना महत्व है। पाकिस्तान सामने से कभी युद्ध तो कर नहीं सकता लेकिन आतंकवादियों को आगे कर हमें नुकसान पहुंचाने में लगा हुआ है। जिस देश की सेना का जनरल एक मिसाइल गिरते ही बंकर में छिप जाए उसका क्या हाल है दुनिया भी समझ चुकी है। पाकिस्तान नशे की सप्लाई कर हमारी नस्लों को बर्बाद करने पर तुला है। उसके खिलाफ अब हमें भी नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाकर पाकिस्तान को संदेश देना चाहिए।

# तुर्की के सेब पर कम से कम 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

## आगामी दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के समक्ष यह मामला उठाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तुर्की से सेब के आयात को हतोत्साहित करने और हिमाचल के सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा करने के लिए सेब पर आयात शुल्क 50 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 100 प्रतिशत करने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि आयातित सेब पर मात्रात्मक प्रतिबंध भी लगाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में श्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देश के सेब राज्य के रूप में जाना जाता है और यहां उत्पादित सेब अपनी मिठास के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। सेब राज्य की प्रमुख नकदी फसल है और इससे लगभग 4500 करोड़ रुपये की वार्षिक आय अर्जित होती है। सेब की फसल से लगभग 10 लाख मानव दिवस सृजित होते हैं, जिससे 2.50 लाख से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत में लगभग 31 देशों से सेब का आयात किया जाता है। वर्ष 2024 के दौरान लगभग 5.19 लाख मीट्रिक टन सेब आयात किए गए, जबकि वर्ष 1998 के दौरान 1100 मीट्रिक टन सेब का आयात किया गया था जो तुलनात्मक रूप से 500 गुना अधिक है। वर्ष 2020 के दौरान तुर्की से आयातित सेब की हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की गई और वर्ष 2023 के दौरान 1.29 लाख मीट्रिक टन के साथ सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के दौरान तुर्की से 1.17 लाख मीट्रिक टन सेब का आयात किया गया था, जो कुल सेब आयात का 23 प्रतिशत रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में भारतीय बाजारों में तुर्की के सेबों की भरमार देखने में आई है। यह देश के सेब उत्पादकों के लिए चिंता का विषय है। तुर्की के सेबों की अधिकता से न केवल स्थानीय सेब उत्पादक प्रतिस्पर्धात्मक रूप से कमजोर होते हैं, बल्कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर के छोटे और सीमांत सेब उत्पादकों की आजीविका पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने अग्निवीर के निधन पर शोक व्यक्त किया

शिमला: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले की सुलह विधानसभा क्षेत्र के थुरल से संबंध रखने वाले अग्निवीर नवीन कुमार की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। नवीन कुमार का गत दिवस जम्मू-कश्मीर के कारगिल में दुर्भाग्यपूर्ण भू-स्खलन की घटना में निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### उप-मुख्यमंत्री ने अग्निवीर नवीन कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया

शिमला: उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जम्मू-कश्मीर के कारगिल क्षेत्र में मंगलवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण भू-स्खलन की घटना में अग्निवीर नवीन कुमार की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। नवीन कुमार जिला कांगड़ा के सुलह विधानसभा क्षेत्र के थुरल से संबंध रखते थे। उप-मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### आतंकवाद विरोधी दिवस पर एसडीएम मनीश चौधरी ने दिलाई कर्मचारियों को शपथ

टीम एक्शन इंडिया
संगराय



**जोगिंद्रनगर :** जोगिंद्रनगर में आज आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसडीएम मनीश चौधरी की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मिनी सचिवालय परिसर के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा के विरुद्ध एकजुट रहने की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और किसी भी प्रकार की आतंकवादी गतिविधियों का डटकर विरोध करेंगे। एसडीएम ने अपने संबोधन में कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है, और इससे निपटने के लिए केवल सुरक्षा बल ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क और जिम्मेदार रहना होगा। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य जनता को जागरूक करना और उन्हें राष्ट्रहित में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।

### द मैग्नेट स्कूल में अंतर सदनीय लड़कों का अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में अंतर सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के लड़कों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। जिसमें नीलगिरि सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और उदयगिरि हाउस ने द्वितीय स्थान हासिल किया। निर्णायक की भूमिका में स्कूल के शारीरिक शिक्षिका सरोज एवं अमिता वर्मन रहे। खेल है जरूरी स्कूल के प्रधानाचार्य अरूण कुमार चौहान ने कहा कि बच्चों के चहुमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय समय-समय पर इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन करता है। प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य खिलाड़ियों को कबड्डी के बुनियादी कौशल का प्रशिक्षण देना है।

### डाकघर की सुकन्या समृद्धि योजना प्रदेश में सबसे लोकप्रिय-संदीप धमार्णी

शिमला । भारत सरकार के डाकघर मंडल सोलन के सौजन्य से बुधवार को मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की पंचायत पीरन में डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गयाा। जिसकी अध्यक्षता अधीक्षक डाकघर संदीप धमार्नी ने की । इस मौके पर लोगों के आधार कार्ड भी बनाए गए ।संदीप धमार्नी ने अपने संबोधन में बताया कि समूचे देश में डाकघर द्वारा चलाई जा रही सुकन्या समृद्धि योजना सबसे ज्यादा लोकप्रिय हो रही है जिसमें प्रदेश के 85 प्रतिश कन्याओं को इस योजना के तहत जोड़ा गया है । उन्होने बताया कि यह गौरव का विषय है

# आतंकवादी विरोधी दिवस के अवसर पर एसडीएम ने दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी की अध्यक्षता में आज बुधवार को एसडीएम कार्यालय में आतंकवादी विरोधी दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पथ से दूर करना है। उन्होंने कहा कि देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी को मानवता के लिए हर प्रकार के आतंकवाद का विरोध करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आमजन से अपील की कि यदि किसी को कहीं पर भी कोई आतंकी गतिविधि होती दिखाई दे तो वे इसकी सूचना तुरंत पुलिस व प्रशासन को दें, ताकि उस पर उसी वक्त रोक लगाई जा सके। एसडीएम ने सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ लेते हैं।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने गोद लिए स्कूल का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**



**शिमला:** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के स्कूलों और समाज के बीच बेहतर समन्वय और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए अपना विद्यालय झ्र द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम आरम्भ किया गया है, जिसके तहत अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने आज गोद लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संजौली स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी कक्षाओं में बच्चों के साथ वातार्लाप किया। इसके साथ ही स्कूल के वार्षिक परिणाम के बारे में भी रिपोर्ट ली। बच्चों से रूबरू होते हुए अभिषेक वर्मा ने कहा कि जीवन में अनुशासन सबसे अधिक भूमिका निभाता है। छात्र जीवन से जो अनुशासन में रहना सीख लेता है, वह सफलता की राह पर चलता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्कूलों और समाज के बीच बेहतर समन्वय और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए अपना विद्यालयझ्रद हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम शुरू किया है, जिसके तहत जिला के 100 अधिकारियों ने स्कूलों को गोद लिया है। हर महीने अधिकारी स्कूलों में जा रहे है और विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य भी यही है कि संजौली स्कूल में बेहतर शिक्षा व्यवस्था विकसित हो सके। इसके अलावा यहां के बच्चे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वह नशे से दूर रहे और खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें।

# विशेष ग्राम सभा बैठकें 25 व 29 मई को आयोजित होंगी

**मंडी,** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना के तहत पात्र किसानों को जागरूक करने तथा लाभार्थियों के डाटा को अपडेट करने के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभा बैठकों के आयोजन के निर्देश जारी किए हैं। यह विशेष बैठकें मंडी जिला की सभी ग्राम पंचायतों में 25 मई एवं 29 मई 2025 को आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य ऐसे पात्र किसानों को योजना से जोड़ना है, जो किसी कारणवश अभी तक इसका लाभ नहीं ले पाए हैं। इसके अतिरिक्त, उन लाभार्थी किसानों की पहचान करना भी इस अभियान का हिस्सा है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है।

# मुकेश अग्निहोत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**



**शिमला:** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज छोटा शिमला स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने राजीव गांधी को एक दूरदर्शी नेता और आधुनिक भारत का शिल्पी बताया। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को 21वीं सदी की दिशा में अग्रसर करने की मजबूत नींव रखी। कंप्यूटर क्रांति, संचार तकनीक का विस्तार, पंचायती राज को सशक्त बनाना, शिक्षा और युवाओं के सशक्तिकरण जैसे ऐतिहासिक निर्णय उनकी दूर दृष्टि और प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का जीवन देश सेवा और जनकल्याण को समर्पित रहा। उनका सपना एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और आधुनिक भारत का था। आज हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर देश और प्रदेश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि राजीव गांधी सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि बदलाव और नवाचार के प्रतीक थे।
.0.14

## 24 जून को भंडारे से पूर्व होगा रामकथा का आयोजन

**सुंदरनगर** । जय देवबाला कामेश्वर भंडारा एवंम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन कमेटी (पंजीकृत) चांगर कॉलोनी की कार्यकारणी बैठक ब्यासव्यू गेस्ट हाउस में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए पदाधिकारियों और कमेटी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में आगामी 24 जून को आयोजित होने वाले विशाल भंडारे की रूपरेखा तैयार की गई। यह जानकारी देते हुए सचिव गुरबचन सिंह ने बताया कि पिछले 22 वर्षों से भंडारे का आयोजन सभी के सहयोग से किया जा रहा है। वही कमेटी के प्रधान श्री प्रेम लाल सैनी जी ने बताया कि भंडारे का आयोजन वार्षिक मेले के उपलक्ष्य में किया जाता है इससे पूर्व रामकथा का आयोजन 15 जून से 23 जून तक किया जाएगा।

# स्टेट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** स्टेट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आदेश अनुसार जिला पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला हमीरपुर के भवन में प्रधान एस0 के0 कौड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक की कार्रवाई आरंभ होने पर पूर्व में रहे प्रधान एलएस मस्ताना जी के निधन पर 2 मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की गई । उसके उपरांत जिला अध्यक्ष हमीरपुर ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया तथा नए चुनाव को संपन्न करवाने के लिए आर0 जी0 सोनी को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया । चुनाव में प्रधान पद पर एस0 के0 कौड़ा व महासचिव पद पर मनोहर लाल कानूनगो को सर्वसम्मति से तीसरी बार चुना गया । जिला कार्यकारिणी व अन्य पदाधिकारियों को चुनने का अधिकार चुने हुए दोनों पदाधिकारीयों को सभी उपस्थित सदस्यों ने दिया । बैठक के उपरांत निम्न प्रस्ताव पास किए गए तथा सरकार से आग्रह किया गया कि इन प्रस्तावों पर शीघ्र अति शीघ्र कार्रवाई अमल में लाई जाए । पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जेसीसी अभिलंब गठित की जाए । 1-1-16 से 31-1.22 तक सेवानिवृत हुए पेंशनर्स की ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट कॉम्यूटेशन की राशि का भुगतान एक मुश्त किया जाए 1-1-23 व 1.7. 23 से पूर्व में दिए गए महंगाई भत्ते की दोनों किस्तों का बकाया अभिलंब दिया जाए । तथा 1.1 24 से 4%,1.7. 24 से 3% तथा 1.1. 25 से 2% महंगाई भत्ता भी अविलंब दिया जाए मेडिकल बिलों का बजट सभी विभागों को शीघ्र आवंटित किया जाए ताकि सभी पेंशनर्स के पेंडिंग मेडिकल बिलों की राशि अदा की जा सके । 50%, 30% मैट्रिक्स के मामलों को अभिलंब निपटाया जाए । देखने में आया है कि 6 महीने के उपरांत भी स्वीकृत किए गए मामलों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है जो की खेद का विषय है। अत: इस मामले पर संज्ञान लिया जाए । नगर निगम, नगर परिषदों व नगर पंचायत से सेवानिवृत हुए पेंशनर्स को एक-एक 16 से संशोधित वेतनमान अभी तक इतना समय बीत जाने पर भी नहीं दिया गया है जो एक अत्यंत दुख का विषय है ।सरकार से आग्रह किया जाता है की सेवानिवृत पेंशनर्स की पेंशन शीघ्र संशोधित की जाए । एच0आर0टी0सी0 के पेंशनर्स की अप्रैल मास की पेंशन 21.5.25 तक भी नहीं दी गई है जो एक गंभीर मामला है । संगठन उनका समर्थन करते हुए यह मांग करता है कि प्रत्येक मास की पेंशन समय-समय पर जारी की जाए । इस अवसर पर पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के लगभग 70 पेंशनर्स उपस्थित हुए जिनमें अधिकांश अच्छे-अच्छे पदों से सेवानिवृत हुए हैं ।

# हिम अकादमी स्कूल में प्रेरणादायक अंतर सदनीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**



**हमीरपुर:** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर में 21 मई 2025 को एक प्रेरणादायक अंतर सदनीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय था "अपशब्द से संवाद तक: युवाओं को चाहिए एक गाली मुक्त क्रांति"। इस प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं और 12वीं के कुल 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आर्यभट्टा, रमन, बोस और भाभा सदनों का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यार्थियों ने विद्यालय के ऑडिटोरियम में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया, जो विद्यालय के इस उद्देश्य से जुड़ा था कि छात्रों में सम्मानजनक और जिम्मेदार संवाद को प्रोत्साहित किया जाए। इसका उद्देश्य था छात्रों के सार्वजनिक बोलने के कौशल, आत्मविश्वास और मंच पर प्रस्तुति को बढ़ावा देना, साथ ही युवाओं में अभिव्यक्ति के सकारात्मक तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना। इस प्रतियोगिता में कुल 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें आदर्श मिन्हास, तन्मय पंडित, अर्शिया, साधिक, शांभवी, स्वस्तिका, प्रिशा बंटा, यजत, शैइला, विशेष, शैरल, प्रग्यांश, रुचि, सुकृति, राशि, पलक, ताश्वी, शिवांश और अंजली ने भाग लिया ,जिनमें से निम्नलिखित छात्रों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए: विशेष (कक्षा +1 अ, बोस हाउस) ने प्रथम स्थान, साधिक (कक्षा +2 अ, रमन हाउस) ने द्वितीय स्थान, तथा तन्मय पंडित (कक्षा +2 ऊ बोस हाउस) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत सराहना मिली। इन सभी विद्यार्थियों ने विषय पर शानदार पकड़, आत्मविश्वास और सशक्त प्रस्तुति का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन आदरणीय निर्णायक मंडल विद्यालय की समन्वयिका कंचन लखनपाल , वनीता गुप्ता सहित आदि।

# आईटीआई शमशी बनेगी सेंटर ऑफ एक्सेलेन्स: राजेश धमार्णी

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**



**कुल्लू।** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, आवास प्रबंध, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री , राजेश धमार्णी ने मंगलवार को 33वीं राज्य स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शमशी में पांच दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से 450 से अधिक महिला प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं। मंत्री ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम हैं, बल्कि आत्म-विश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह मानसिक संतुलन, आत्म-विश्वास और सामाजिक समरसता का भी आधार हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में खेलों का महत्व अब केवल शौक या प्रतियोगिता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि करियर, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है।

## हिम अकादमी स्कूल में वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में आज बालकों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला आर्यभट्ट हाउस और रमन हाउस के बीच खेला गया, जिसमें आर्यभट्ट हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। वहीं दूसरा मुकाबला भाभा हाउस और बोस हाउस के बीच हुआ, जिसमें कड़ी टक्कर के बाद भाभा हाउस विजेता बनकर उभरा। अब प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आर्यभट्ट हाउस और भाभा हाउस के बीच शीघ्र ही आयोजित होने वाला है। दोनों ही टीमें फाइनल के लिए तैयार हैं और दर्शकों को एक रोमांचक मुकाबले की प्रतीक्षा है। छात्रों में इस प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। यह मुकाबला न केवल खेल भावना को बढ़ावा देगा, बल्कि टीमवर्क और अनुशासन की सीख भी देगा। कार्यक्रम शारीरिक शिक्षक जिमि ठाकुर की देखरेख में संपन्न हुआ।

# भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प भेंट कर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी:** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गांधी भवन मंडी में एक बैठक आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता योगेश पटेल पूर्व अध्यक्ष सदर कांग्रेस मंडी ने की। इस बैठक में भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। इस अवसर पर आकाश शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी उनकी याद में इस दिन को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। भारतवर्ष को सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 21वी शताब्दी में ले जाने की पहल की । 18 वर्ष की आयु में मत देने का अधिकार राजीव गांधी की देन है । महिलाओं को पंचायतीराज, शहरी निकाय में 33% प्रतिशत आरक्षण दिया। राजीव गांधी एक मिलनसार मृदुभाषी एवं अनुशासित व्यक्ति थे । राजीव गांधी आज हमारे बीच नहीं है परंतु उनके सिद्धांत व नीतियां आज भी हमारे बीच में कायम है हम सभी उनकी उदारवादी नीतियों के लिए सदैव याद रखेंगे । इस अवसर पर जोगिंदर गुलरिया, आकाश शर्मा, अनिल सेन, प्रदीप शर्मा, योगराज योगा, भूप सिंह, प्रकाश कश्यप, दीपक पठानिया, भगवान सिंह, जितेंद्र कौंडल, हमित जमवाल, किशोरी ठाकुर, हितेश ठाकुर, लाभ सिंह, प्रतीक ठाकुर, महेश कुमार, संजय शर्मा, उपेंद्र शर्मा, आदि सदस्य गण उपस्थित रहे

# कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर हजारों की संख्या में योग साधक पहुंचकर बनाएंगे नया कीर्तिमान: जयदीप आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर हजारों की संख्या में योग साधक पहुंचकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस धरा पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इतना ही नहीं इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री या योग के जाने माने आचार्य भी शिरकत कर सकते है।
चेयरमैन डा. जयदीप आर्य लघु सचिवालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने 21 जून को कुरुक्षेत्र में मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर




राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से विद्यार्थी, शिक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाडी वर्कर, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम, आशा वर्कर, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, भारतीय योग संस्थान, पतंजलि योग संस्थान,रेड क्रॉस, नेहरू युवा केन्द्र, खेल विभाग, पंच, सरपंच, मनरेगा, आर्ट आफ लिविंग, हार्टफुलनेस, ब्रह्माकुमारी, जिला प्रशासन के सभी विभाग सहित आम नागरिक हजारों की संख्या में पहुंचेंगे।
उन्होंने कहा कि नगर परिषद की तरफ से संभावित कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ शहर की सफाई व्यवस्था, पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था, जनस्वास्थ्य विभाग पीने के पानी व शौचालय की व्यवस्था के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित सभी तैयारियों निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे इसलिए कार्यक्रम स्थल के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाएं रखने के लिए रूट प्लान भी तैयार किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक विभाग विद्यार्थियों के लिए टी शर्ट और खाने पीने की

**योग दिवस**

**इस धरा पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है।**

व्यवस्था अन्य आदि प्रबंध पूरा करेंगे।
चेयरमैन ने कहा कि 21 जून को राज्य स्तरीय योग दिवस से पहले 19 जून को फाइनल रिहर्सल की जाएगी और 20 जून को योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए 30 मई से पहले सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को योग शिविर लगाकर प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 26 मई से 28 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई व डीपीआई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का समय प्रातः 6 बजे से लेकर 7:30 बजे तक रहेगा।
उन्होंने कहा कि 12 जून से 14 जून तक जिला सहित ब्लॉक स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, सरपंच, पंच अन्यनिर्वाचित सदस्यों, पुलिस विभाग के अधिकारी / कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्कॉट एवं इच्छुक जनसाधारण को स्टेडियम, खेल मैदान, व्यायामशाला या अन्य स्थानों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि 16 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर मंत्रियों, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी / कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्कॉट, नेहरू युवा केन्द्र के कर्मचारी एवं इच्छुक आमजन को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# विश्व के लिए आतंकवाद एक विकराल समस्या है: डा. श्रीप्रकाश

**आतंकवाद**

**आतंकवाद समाज की उन बुराइयों में से एक है, जिसके खिलाफ पूरी दुनिया लड़ाई लड़ रही है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आतंकवाद समाज की उन बुराइयों में से एक है, जिसके खिलाफ पूरी दुनिया लड़ाई लड़ रही है। देश में 21 मई हर प्रतिवर्ष आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य देश में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना है एवं आतंकवाद के प्रति लोगों के बीच जागरूकता लाते हुए युवाओं को आतंकवाद और हिंसा से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। यह दिन उन अनगिनत बलिदानों को भी याद करने का है जो आतंकवादी घटनाओं में मारे गए। यह विचार राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा



मंदिर द्वारा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदो को समर्पित राष्ट्र वंदना कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यर्थियों ने भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर देश के वीर शहीदो को नमन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने इस अवसर पर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लेते हुए आतंकववाद के विरोध में भारतमाता की जयघोष का नारा लगाया। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आतंकवाद एक गंभीर समस्या है जिसके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में व्यापक प्रभाव पड़ते हैं। इससे नागरिकों में डर और असुरक्षा की भावना पैदा होती है, जिससे सामाजिक जीवन और आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।आतंकवाद के परिणाम व्यापक और हानिकारक होते हैं। आज आधुनिक विश्व के लिए आंतकवाद एक विकराल समस्या है।वर्ष 2001 के संसद हमलों में पीड़ित लोगों को याद करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध होने के कारण भारत में 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है।

# 25 को होगा वीएमसी का नेशनल एडमिशन टेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) देश का जाना-माना कोचिंग संस्थान है जो जेईई (मेन व एडवांस), नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विशिष्टता रखता है. वीएमसी अपने फ्लैगशिप टेस्ट यानी एनएटी के लिए तैयार है जिसके जरिए छात्र एडमिशन और स्कॉलरशिप पा सकेंगे. ये टेस्ट 25 मई को होगा जिसके जरिए देशभर के अच्छे छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा और उनकी परफॉर्मेंस के लिए रिवॉर्ड भी दिया जाएगा. यह स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट छात्रों को प्रोत्साहित करने और उन्हें शैक्षिक सफलता की ओर प्रेरित करने के लिए आयोजित किया जाएगा।
यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं में जा रहे हैं। उन्हें विद्यामंदिर क्लासेज के विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले




और 100% तक की स्कॉलरशिप पाने का अवसर मिलेगा। इस टेस्ट के माध्यम से छात्र जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी बढ़त हासिल करेंगे। इसके तहत वीएमसी संस्थापकों और विशेषज्ञों द्वारा मेंटॉरशिप / मोटिवेशनल सेशंस, निःशुल्क डाउट रिजॉल्यूशन, निकटतम वीएमसी केंद्र पर अकादमिक सहायता, अच्छी तरह से शोधित और वैज्ञानिक आधार पर तैयार किया गया ई-स्टडी मैटेरियल और असीमित मॉक टेस्ट का लाभ भी दिया जाएगा।
वीएमसी पूरे देश में नेशनल एडमिशन टेस्ट का आयोजन अपने प्रतिष्ठित क्लासरूम और ऑनलाइन प्रोग्राम्स के लिए छात्रों का चयन करने हेतु करता है। इन प्रोग्राम्स को जेईई और नीट के साथ-साथ ओलंपियाड्स और बोर्ड्स जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है।
विद्यामंदिर क्लासेज के सह-संस्थापक श्री बृज मोहन ने कहा ह्वविभिन्न चरणों में छात्रों की जरूरतों को समझना वीएमसी की शिक्षण पद्धति की प्रेरणा रहा है। यही कारण है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

# कथा सुनने पहुंची महिला की चेन, लॉकेट चोरी करने वाली दो महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने सेक्टर 13/17 के ग्राउंड में आयोजित बागेश्वर बाबा की कथा सुनने पहुंची जम्मू निवासी महिला की सोने की लॉकेट सहित चेन चोरी करने वाली आरोपी दो महिलाओं को मंगलवार को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर सिवाह बस स्टेंड के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी महिलाओं की पहचान दिल्ली के नजफगढ़ निवासी सपना व सोनम के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों आरोपी महिलाओं ने लॉकेट व चेन चोरी करना स्वीकारा।
थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपी महिलाओं ने पुलिस को बताया वह दोनों चोरी की चेन को बेचने के लिए मंगलवार को ग्राहक की फिराक में घूम रही थी।

# प्रधानमंत्री सूर्य धर मुफ्त बिजली योजना को लेकर बैठक आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पंजाब नैशनल बैंक, मण्डल के स्थानीय कार्यालय में बुधवार को प्रधानमंत्री सूर्य धर मुफ्त बिजली योजना को लेकर हरियाणा के प्रमुख सोलर वैन्डरस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व उप मंडल प्रमुख संजय कुमार गोंदवाल ने किया।
बैठक का उद्?देश्य पंजाब नैशनल बैंक द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यधर डिजीटल ऋण के बारे में वेंडर्स को अवगत कराना था।
बैठक में मुख्य प्रबंधक प्रवेश शर्मा, ऋण प्रबंधक हार्दिक आनंद, श्रीमति श्वेता चौहान, तुषार ढींगरा जी (विपनन) अधिकारी भी शामिल रहें।
बैठक में वैन्डर्स को किसी भी तरह की समस्या न आये, उसका संजय कुमार गोंदवाल द्वारा आश्वासन दिया गया। सभी वैन्डर्स को संपूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।
उपभोक्ता के सहयोग के लिए तुषार ढींगरा का मोबाईल नं है 9588393433 और हार्दिक आनंद का मोबाईल नं० है 9034265829 है दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक से 11 लाख की ठगी, परिवार समेत कनाडा भेजने का झांसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गगसीना गांव में एक व्यक्ति को कनाडा भेजने के नाम पर 11 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति अपने पूरे परिवार के साथ टूरिस्ट वीजा पर कनाडा जाना चाहता था। आरोप है कि आरोपी ने फर्जी वीजा कॉपी दिखाकर पैसे ऐंठ लिए और जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की, जिसके बाद मूनक थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव गगसीना के संदीप संधू ने पुलिस अधीक्षक करनाल को दी शिकायत में बताया कि वह और उसका परिवार कनाडा टूरिस्ट वीजा पर जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात पंजाब के चांदपुराना निवासी गुरजीत सिंह से हुई। गुरजीत ने खुद को विदेश भेजने वाला नंबर एक एजेंट बताया और भरोसा दिलाया कि वह परिवार को कनाडा भेज देगा।
संदीप ने आरोपी को खुद, अपनी पत्नी व बच्चों का पासपोर्ट सौंप दिया और 11 लाख रुपए दिए। इसमें से 6 लाख रुपए आरोपी के खाते में ट्रांसफर किए गए, जबकि 5 लाख नकद दिए। आरोपी ने वीजा की फर्जी कॉपी देकर भरोसा दिलाया कि सबका वीजा लग चुका है और जल्दी ही टिकट करवाकर विदेश भेज देगा।
कुछ समय बाद जब कोई प्रोसेस आगे नहीं बढ़ी तो संदीप ने गुरजीत से बार-बार कॉल किया लेकिन आरोपी टालमटोल करता रहा। जब संदीप ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने धमकी दी कि उसकी पहुंच बहुत ऊपर तक है और अगर फिर पैसे मांगने आया तो जान से मार दिया जाएगा। आरोपी ने यह भी कहा कि वह पहले भी ऐसे भोले-भाले लोगों को झांसा देकर पैसे ऐंठता रहा है और आज तक कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सका।
संदीप ने बताया कि आरोपी के पास उनके पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज भी जमा है। आरोपी द्वारा दिया गया फर्जी वीजा व शपथ पत्र की प्रति भी संदीप ने शिकायत में लगाई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जांच की गई और संदीप की शिकायत को सही मानते हुए मोगा निवासी गुरजीत सिंह के खिलाफ थाना मूनक में केस दर्ज कर लिया गया। हैड कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### बेटी-दामाद ने मकान पर किया कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव सांभली में एक बुजुर्ग महिला ने अपने दामाद और बेटी पर जबरन मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि दामाद और बेटी ने उसके मकान का ताला तोडकर कब्जा कर लिया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत सीतामाई थाने में की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दामाद और बेटी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
दिल्ली के गांव खेड़ा निवासी रमा वर्मा ने बताया कि उसके पति अशोक कुमार की 13 सितंबर 2018 को मौत हो गई थी। इसके कुछ समय बाद ही दिसंबर 2018 में उन्होंने करनाल जिले के गांव सांभली बस स्टैंड के पास प्लॉट खरीदा था। फिर 2019 में उन्होंने मकान बनवाना शुरू कर दिया। मकान बनवाने के दौरान वह आठ महीने तक गांव सांभली में किराए के कमरे में रही।

# सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित, 30 सितंबर अंतिम तिथि: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**भारत** सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। डीसी डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी देते हुए बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थानों, स्वैच्छिक संगठनों, कॉर्पोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया/वदीर्धारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने भारत में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान/नवाचार या ईए कार्य के क्षेत्र में काम किया हो।डीसी ने बताया कि आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्था के मामले में 51 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र तथा व्यक्ति के मामले में 5 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाता है।

# नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे सशक्त भारत पदयात्रा की शुरूआत

**पदयात्रा**

**पदयात्रा के दौरान नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट के सदस्यों ने युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया।**

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट (ठ्रक्ष्ड) ने देशभर में चलाए जाने वाली "नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे सशक्त भारत पदयात्रा" की शुरूआत मंगलवार को लघु सचिवालय से की। पदयात्रा के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया। साथ ही खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पदयात्रा का उद्देश्य देशभर के युवाओं को नशे से बचाकर उन्हें जागरूक कर खेलों की ओर ले जाना है। इसकी शुरूआत ट्रस्ट ने सोनीपत से की, पदयात्रा का अगला चरण हिसार में होगा।



नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे सशक्त भारत पदयात्रा प्रदेश के सभी जिलों से होते हुए देशभर में निकाली जाएगी। लघु सचिवालय से प्रारंभ की गई पदयात्रा का नेतृत्व महामंडलेश्वर स्वामी अनभुतानंद महाराज ने किया। नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे सशक्त भारत पदयात्रा का समर्थन करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज अर्जुन व भीम अवॉर्डी स्वीटी बूरा, कल्पना चावला शौर्य अवॉर्डी पर्वतारोही मीनू कालीरमण ने भी भाग लिया। ट्रस्ट के पदाधिकारी डॉ. संदीप दांगी, अधिवक्ता तरुण राठी सहित सीआरपीएफ के करीब 25 जवान पदयात्रा में शामिल रहे ओर समाज के कई संगठन भी साथ आए।
ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रस्ट 5 वर्ष से देशभर में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने का कार्य कर रहा है। यह यात्रा नशे पर समाज के साथ संवाद करने का सीधा माध्यम है। पदयात्रा निकाल युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। साथ ही प्रण दिलाया गया कि नशे से दूर रहकर ही समाज व देश तरक्की की राह पर अग्रसर हो सकता है। खासकर युवाओं के कंधों पर ही देश का भविष्य टिका हुआ है, लेकिन युवा नशे की ओर बढ़कर अपने लक्ष्य से भटक रहा है। जब हम नशे के खिलाफ आवाज उठाने की शुरूआत अपने घर से करेंगे तो धीरे-धीरे प्रदेश व देशभर में इस आवाज को बुलंद किया जा सकेगा।
इन मार्गों से गुजरी सशक्त भारत पदयात्रा
ट्रस्ट के पदाधिकारी डॉ. संदीप दांगी व अधिवक्ता तरुण राठी ने बताया कि पदयात्रा लघु सचिवालय से प्रारंभ होकर नशे न करने का संदेश देते हुए गोहाना रोड छोटूराम चौक, गोहाना फ्लाईओवर, गीता भवन चौक से होती हुई सुभाष चौक पर पहुंची। यहां सभी ने सुभाष चंद्र की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। हिसार में होने वाले अगले चरण की पदयात्रा के लिए जल्द तिथि निर्धारित की जाएगी।

# खाद आपूर्ति को लेकर कृषि विभाग की बैठक, कई महत्वपूर्ण बातों पर बनाई योजना

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ आत्मा राम गोदारा की अध्यक्षता में कृषि विभाग के कार्यालय में बुधवार को खाद की कंपनियों के प्रतिनिधिओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी खरीफ सीजन 2025 के लिए खाद की आपूर्ति के संबंध में योजना बनाई गई। इसमें सभी कंपनियों को खरीफ सीजन 2025 में खाद की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
उप निदेशक ने सभी कंपनियों को निर्देश दिए कि उपलब्ध कुल खाद का न्यूनतम 40 प्रतिशत हिस्सा जिले की सहकारी समितियों के माध्यम से



वितरित किया जाएगा ताकि छोटे एवं सीमांत किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके।
उपमंडल अधिकारी डॉ देवेंदर कुहाड़ ने कहा कि जिले में कोई भी खाद/बीज/कीटनाशक दवाई विक्रेता किसानों को जबरदस्ती खाद के साथ कोई भी कीटनाशक दवाई या अन्य सामग्री टैग नहीं करेगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने यह कदम किसानों को बढ़ती शिकायतो को मध्यनजर रखते हुए किया है।
उन्होंने कहा कि अगर कोई विक्रेता किसानों को जबरदस्ती खाद के साथ कीटनाशक दवाई या अन्य सामग्री टेग करता है उनके खिलाफ हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशानिदेर्शों की अनुपालना करते हुए कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।
इसके साथ ही उप कृषि निदेशक, पानीपत ने सभी डीलरों को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों को पक्का बिल दें, ताकि किसान खरीदारी की सही जानकारी प्राप्त कर सकें और भविष्य में किसी भी विवाद से बचा जा सके।

# 9 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
बीती शाम जिला पुलिस थाना इंद्री की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर इंद्री रोड से आरोपी रवि पुत्र धर्मपाल निवासी वार्ड नंबर 9 इंद्री, करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मौके पर 9 ग्राम स्मैक बरामद की गई।
आरोपी के खिलाफ थाना इंद्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी से गहनता से पूछताछ के लिए इस मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# करनाल में मिल्क वैन पर बरसाए ईंट-पत्थर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** कर्ण कैनाल पर बाइक सवार युवकों ने मदर डेयरी की दूध वैन पर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में वैन ड्राइवर सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है, जिनको गंभीर हालत में करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।
बीती रात को कर्ण कैनाल पर मदर डेयरी एक वैन दूध सप्लाई के लिए जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इसी दौरान पीछे से 4-5 बाइकों पर 8 से 10 हमलावर आए।
उन्होंने वैन के आगे बाइक लगा दी, जिससे वैन ड्राइवर ने संतुलन खो दिया और वैन कैनाल की



रेलिंग से टकरा गई। बाइकों से उतरकर युवकों ने वैन के शीशों पर हमला कर दिया। लाठी.डंडे और ईंटें बरसाई गई। वैन ड्राइवर और दो उसके साथी के साथ भी मारपीट की गई, जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।
जांच अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि कर्ण कैनाल पर दूध वैन के पर हमला हुआ है। वैन के शीशे तोड़ गए है और दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को चैक किया जा रहा है, ताकि हमलावरों के बारे में कोई जानकारी मिल सके। घायलों की शिकायत के अनुरूप आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## संपादकीय

# रंग, राग और ताल में जीकर देखें

**जब** हम अपने देश की संस्कृति की बात करते हैं, तो उसमें रंग, राग और ताल की झलक साफ दिखाई देती है। हमारी परंपराएं केवल किताबों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्होंने नृत्य के माध्यम से जीवन को छुआ है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य केवल मंच की कला नहीं, बल्कि आत्मा की भाषा है। यह शरीर से ज्यादा मन और आत्मा का संवाद है। इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं और इसकी शाखाएं सात समंदर पार तक फैली हैं। भारतीय शास्त्रीय नृत्य का आरंभ वैदिक युग को ही माना जाता है। नाट्य शास्त्र के रचयिता भरतमुनि ने इसका पहला व्यवस्थित स्वरूप दिया। वेद, पुराण और उपनिषदों में नृत्य को ईश्वर की आराधना का साधन बताया गया है। नटराज के रूप में भगवान शिव स्वयं नृत्य के देवता माने जाते हैं। शास्त्रीय नृत्य धीरे-धीरे देवालयों से राजदरबारों और फिर रंगमंच तक पहुंचा। यह कला हर युग में समाज का दर्पण रही है। कभी भक्ति की भावनाओं को प्रकट करती है, तो कभी शौर्य और करुणा को। भरतनाट्यम को लोकप्रिय बनाने में ऋषि वल?लथोल नारायण मेनन, यामिनी कृष्णमूर्ति और रुक्मिणी देवी अरुंडेल का बड़ा योगदान रहा। कथक को कथाओं के माध्यम से प्रस्तुत करने वालीं सितारा देवी आज भी प्रेरणा हैं। ओडिसी नृत्य की पहचान बनीं संजुक्ता पाणिग्रही हों या कुचिपुड़ी को मंच तक लाने वाले राजा और राधा रेड्डी- इन सबने शास्त्रीय नृत्य को विश्वभर में पहचान दिलाई। फिल्म अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी जैसी कलाकार आज भी इस परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं। नृत्य एक कला है, साधना है, व्यायाम है। तभी तो हमारे पूर्वजों ने बताया कि शास्त्रीय नृत्य केवल एक कला नहीं, बल्कि पूर्ण व्यायाम है। इसकी हर मुद्रा, हर हाव-भाव शरीर को लचीला बनाता है, संतुलन देता है और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। मानसिक रूप से यह ध्यान की तरह काम करता है। नृत्य करते समय कलाकार पूरी तरह वर्तमान में होता है, जिससे चिंता और तनाव से राहत मिलती है। बच्चों से लेकर बड़ों तक, सबके लिए यह एक बेहतरीन साधना है। आज शास्त्रीय नृत्य की गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं है। अमेरिका, फ्रांस, जापान, रूस, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में इसके विद्यालय और मंच हैं। कई विदेशी कलाकार भी इसे सीख रहे हैं और मंचों पर प्रस्तुत कर रहे हैं। यह नृत्य विश्व को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बन गया है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि शास्त्रीय नृत्य में अनुशासन, परिश्रम और समर्पण जैसे गुण स्वतः आते हैं। यह केवल कलाकार का नहीं, बल्कि समाज का भी निर्माण करता है। इससे सांस्कृतिक चेतना बढ़ती है, हमारी जड़ों से जुड़ाव होता है और यह आने वाली पीढ़ियों को एक मूल्य आधारित जीवन का मार्ग दिखाता है। एक कलाकार जब मंच पर अपने भावों से कोई कथा सुनाता है तो वह केवल कला नहीं करता वह समाज को सच्चाई, प्रेम और सौंदर्य का अनुभव कराता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य केवल अतीत की बात नहीं है। यह आज भी जीवित है, गतिमान है और हमारे जीवन को संवेदनशीलता से जोड़ता है।

# आखिर क्यों घट रही है गंगा डॉल्फिन की आबादी ?

सुनील कुमार महला

"गौरतलब है कि हेलियन मैगजीन में प्रकाशित रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि गंगा में रहने वाली गंगा डाल्फिन की आबादी 1957 से 2025 में यानी मात्र 68 सालों में आधी हो गई है, जो कि एक बहुत बड़े खतरे का संकेत है।अगर यही स्थितियां रहीं तो शायद आने वाली पीढ़ियां गंगा डाल्फिन का दीदार ही न कर पाएं और यह कहीं किताबों का हिस्सा बनकर ही न रह जाएं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि दुनियाभर में डॉल्फिन की केवल पांच प्रजातियां ही बची हैं और वे भी गंभीर खतरों का सामना कर रहीं हैं। कहना गलत नहीं होगा कि आज हमारे देश में खेती में अंधाधुंध रूप से विभिन्न कीटनाशकों, उर्वरकों और रासायनों का प्रयोग किया जाता है ताकि उत्पादन अच्छा हो सके, लेकिन यह कहीं न कहीं जलीय जीवों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत ही घातक सिद्ध हो रहा है"

**पर्यावरण** प्रदूषण की समस्या आज भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व की एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है। मनुष्य तो मनुष्य पशु-पक्षियों और जलीय जीवों को पर्यावरण प्रदूषण से बहुत नुक्सान पहुंच रहा है, लेकिन इनका कोई धणी-धोरी नजर नहीं आता। यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे देश में पर्यावरण प्रदूषण से जीव-जंतुओं की जान पर बन आई है।जल में होने वाले रासायनिक प्रदूषण से आज जलीय जीवों की अनेक प्रजातियां खतरे में हैं।जल में पालीथीन युक्त कचरा भी जलीय जीवों के लिए एक प्रमुख खतरा बनकर उभरा है। पाठकों को बताता चलूं कि आज इंसानी दरियादिली के लिए दुनियाभर में मशहूर गंगा नदी डॉल्फिन लगातार खतरे में है।जल में रासायनिक तत्वों की अधिकता के साथ ही यह( गंगा नदी डॉल्फिन कई बार मछली पकड़ने वालों के जाल में उलझ जाती हैं, और इन्हीं चीजों ने इन्हें खतरे में डाल दिया है। उल्लेखनीय है कि गंगा और गंगे डॉल्फिन का गहरा रिश्ता है। गंगा को भारत की सबसे पवित्र नदियों में से एक माना जाता रहा है, लेकिन देश में राष्ट्रीय जलीय जीव के रूप में जानी जाने वाली गंगे डॉल्फिन(गंगेटिक डॉल्फिन) अब गंगा की कम होती निर्मलता-स्वच्छता की ही तरह खत्म हो रही है। पाठकों को बताता चलूं कि आज से चार-पांच साल पहले एक टीवी चैनल के हवाले से यह खबरें आईं थीं कि गंगा में सिर्फ 3500 गंगे डॉल्फिन ही बचीं हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अंतिम गणना में उत्तर प्रदेश व असम की नदियों में इनकी संख्या क्रमशः 1,275 व 962 पाई गई थी।एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार गंगा डॉल्फिन की गणना असम सरकार ने 2018 में जनवरी से मार्च माह के बीच की थी। वहीं, उत्तर प्रदेश में 2015 में इनकी संख्या 1,272 थी, जबकि 2012 में इनकी गणना 671 की गई थी।एक अन्य उपलब्ध जानकारी के अनुसार असम में गंगा डॉल्फिन की गणना तीन नदियों में की गई थी तथा ब्रह्मपुत्र नद में इनकी संख्या 877 पाई गई थी। वहीं, राज्य में इनकी कुल संख्या 962 थी। इसके संरक्षण के लिए असम सरकार ने भी इसे राज्य जलीय जीव घोषित किया है। राज्य में इनकी आबादी को कम होने से बचाने के लिए नदियों से सिल्टिंग और रेत उठाने से रोक लगाई गई। यहां पाठकों



को बताता चलूं कि इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर ने गंगा डॉल्फिन को भारत में एक लुप्तप्राय प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध किया है। यह हालात तब हैं, जब देश में नमामि गंगे अभियान (वर्ष 2014 में) और जल जीवन मिशन के तहत पहाड़ से लेकर मैदान तक गंगा को साफ करने का काम तेज गति से चलाया गया। पाठकों को बताता चलूं कि कुछ साल पहले वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों ने यह चिंताएं जताईं थी कि गंगा में पाई जाने वाली डॉल्फिन का अस्तित्व गंगा से जुड़ा हुआ है और अगर गंगा दूषित होती रही, तो डॉल्फिन भी विलुप्त हो जाएगी। तीव्र औधोगिकीकरण, शहरीकरण, तेज विकास गतिविधियों, मानवीय गतिविधियों के कारण जैसे-जैसे गंगा मैली होती जा रही है, उससे न सिर्फ डॉल्फिन बल्कि गंगा का अस्तित्व भी खतरे में है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि डॉल्फिन के अलावा गंगा में पाए जाने वाले कछुए और घड़ियाल जैसे कई जलीय जीव भी अब खतरे की जद में आ गए हैं। गौरतलब यह भी है कि भारत में डॉल्फिन गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी में पाई जाती है और यह मीठे पानी का जीव है।गंगा डॉल्फिन भोजन के माध्यम से रसायनों के खतरनाक मिश्रण के संपर्क में आ रही है । इस संदर्भ में एक्सपर्ट्स यह कहना है कि डॉल्फिन जिन छोटी मछलियों को अपने खाने के रूप में लेती है, उनमें 39 किस्म के खतरनाक केमिकल्स मौजूद हैं। दरअसल, हेलियन में प्रकाशित भारतीय वन्यजीव संस्था के सर्वे में दावा किया गया है कि मीठे पानी में रहने वाले जलीय जीवों के फूड से खतरनाक किस्म के केमिकल्स का पता चला है। गौरतलब है कि हेलियन मैगजीन में प्रकाशित रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि गंगा में रहने वाली गंगा डाल्फिन की आबादी 1957 से 2025 में यानी मात्र 68 सालों में आधी हो गई है, जो कि एक बहुत बड़े खतरे का संकेत है।अगर यही स्थितियां रहीं तो शायद आने वाली पीढ़ियां गंगा डाल्फिन का दीदार ही न कर पाएं और यह कहीं किताबों का हिस्सा बनकर ही न रह जाएं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि दुनियाभर में डॉल्फिन की केवल पांच प्रजातियां ही बची हैं और वे भी गंभीर खतरों का सामना कर रहीं हैं। कहना गलत नहीं होगा कि आज हमारे देश में खेती में अंधाधुंध रूप से विभिन्न कीटनाशकों, उर्वरकों और रासायनों का प्रयोग किया जाता है ताकि उत्पादन अच्छा हो सके, लेकिन यह कहीं न कहीं जलीय जीवों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत ही घातक सिद्ध हो रहा है। विभिन्न अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्ट ,नदियों में घरेलू अपशिष्टों का बेरोकटोक बहाव, लगातार बढ़ता प्रदूषण ,प्लास्टिक प्रदूषण , विभिन्न भारी धातुओं के प्रदूषण के कारण डॉल्फिन की सेहत और प्रजनन क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इतना ही नहीं, अवैध खनन और नदियों में तेज वाइब्रेशन पैदा करने वाले जहाजों के कारण, तथा विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण से भी डॉल्फिन को नुकसान पहुंचता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार नदियों में लगातार जलस्तर में कमी ,अवैध फिशिंग(शिकार), बांधों का निर्माण और जलवायु परिवर्तन भी कहीं न कहीं प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से डॉल्फिन अस्तित्व के लिए बड़ी व गंभीर मुश्किलें पैदा कर रहे हैं। डॉल्फिन जलीय इकोसिस्टम के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण जलीय जीव है। यदि हम यहां पर गंगा डॉल्फिन की खासियतों के बारे में बात करें तो गंगा डॉल्फिन एक नेत्रहीन(जैसा कि इसकी आंखों में लैंस नहीं होता है) जलीय जीव है, जिसके सूंघने की शक्ति अत्यंत तीव्र होती है। इसका वैज्ञानिक नाम प्लैटनिस्टा गैंगेटिका है।गंगा डॉल्फिन विश्व भर की नदियों में पाई जाने वाली डॉल्फिन की पाँच प्रजातियों में से एक है। इस प्रकार की डॉल्फिन मुख्य तौर पर भारतीय उपमहाद्वीप खासतौर पर गंगा-ब्रह्मपुत्र-सिंधु-मेघना और कर्णाफुली-सांगू नदी तंत्र में पाई जाती हैं। ये अल्ट्रासोनिक ध्वनियाँ उत्सर्जित करके शिकार करतीं हैं, जो मछलियों और अन्य शिकार से टकराती हैं, जिससे उन्हें एक छवि 'देखने' में मदद मिलती है। गौरतलब है कि यह इकोलोकेशन (प्रतिध्वनि निर्धारण) और सूंघने की अपार क्षमताओं से अपना शिकार और भोजन तलाशती है। यह मांसाहारी प्राचीन जलीय जीव जो करीब 10 करोड़ साल से भारत में मौजूद है। विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार मादा की औसत लम्बाई नर डोल्फिन से अधिक होती है। एक वयस्क गंगा डॉल्फिन का वजन 70 किलोग्राम से 90 किलोग्राम के बीच हो सकता है।इसकी औसत आयु 28 वर्ष रिकार्ड की गयी है। भारत में ये असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों में पाई जाती है। पाठकों को बताता चलूं कि 'सन ऑफ रिवर' कहने वाले डोल्फिन के संरक्षण के लिए सम्राट अशोक ने कई सदी पूर्व कदम उठाये थे। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार ने 1972 के भारतीय वन्य जीव संरक्षण कानून के दायरे में भी गंगा डोल्फिन को शामिल किया था तथा 1996 में ही इंटर्नेशनल यूनियन ऑफ कंजर्वेशन ऑफ नेचर भी डॉल्फिन को विलुप्त प्राय जीव घोषित कर चुका है। कहना गलत नहीं होगा कि इसकी प्रजाति पर खतरे का एक बड़ा कारण इसका शिकार किया जाना है। दरअसल, इसका शिकार मुख्यतः तेल के लिए किया जाता है।

## कविता

### राष्ट्र और युवा

हे युवक! मैंने तुझे ज्ञान दिया,
आत्मा दी, विज्ञान दिया।
तूने क्या लौटाया मुझे?
एक स्क्रीन पर राज बेच डाला मुझे !ह्व
ह्लमुझे न रोजगार मिला, न सम्मान।
जो मिला, वह था एक ख्वाब–
और एक परदे के पीछे
हँसती किसी रूपसी की आवाज !ह्व
विवेक झ्र शिक्षा और राष्ट्रनिर्माण
यह शिक्षा नहीं, व्यापार है!
जहाँ डिग्री बिकती है, पर संस्कार नहीं।
शरीर सशक्त हैं, पर आत्मा क्षीण,
देशहित से दूर, निजी लोभ में लीन।
जागो गुरुओं! पाठशालाएँ बनाओ
जहाँ राष्ट्रगान केवल ध्वनि न हो–
बल्कि आत्मा का नाद बने,
सिर पर उठाया हुआ तिरंगा बने।

प्रियंका सौरभ

## "इन्फ्लुएंसर, जागो! जिम्मेदारी भी वायरल हो"

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह न केवल संचार का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि जनमत निर्माण, सामाजिक जागरूकता और राजनैतिक विमर्श का भी एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद इन्फ्लुएंसर्स का प्रभाव अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे सामाजिक और राजनैतिक मामलों पर भी जनता की सोच को दिशा देने लगे हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या इन इन्फ्लुएंसर्स की कोई नैतिक या कानूनी जवाबदेही होनी चाहिए? क्या उन्हें भी निष्पक्षता का पालन करना चाहिए जैसे पत्रकारों से अपेक्षा की जाती है?

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स वे लोग हैं जिनके पास हजारों या लाखों की संख्या में अनुयायी होते हैं। उनके विचार, प्रतिक्रियाएं, समीक्षाएं और टिप्पणियां लोगों को प्रभावित करती हैं। कई ब्रांड्स और कंपनियां इन्हीं इन्फ्लुएंसर्स की सहायता से अपने उत्पादों का प्रचार करती हैं। अब यह प्रभाव केवल आर्थिक नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में भी गहराई से प्रवेश कर चुका है। 2024 के लोकसभा चुनावों और कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में यह स्पष्ट देखने को मिला कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स किस प्रकार राजनैतिक दलों के लिए प्रचारक की भूमिका निभा रहे हैं। वे सीधे तौर पर किसी पार्टी विशेष के समर्थन या विरोध में पोस्ट साझा करते हैं, वीडियो बनाते हैं या लाइव डिबेट करते हैं। इनमें से अधिकतर पोस्ट्स में प्रचार सामग्री होती है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं होता कि वह 'पेड' है या नहीं। पारंपरिक मीडिया में पेड न्यूज की निगरानी के लिए चुनाव आयोग की गाइडलाइन है, लेकिन सोशल मीडिया की इस नई दुनिया पर यह नियंत्रण नहीं है। सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाईकोर्ट्स ने भी समय-समय पर सोशल मीडिया पर गलत सूचना, नफरत फैलाने वाले भाषण और चुनावी प्रचार की निगरानी को लेकर चिंता व्यक्त की है। तकनीक ने भले ही लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी हो, लेकिन जब यह स्वतंत्रता बिना किसी जिम्मेदारी के प्रयोग की जाती है, तो वह लोकतंत्र को कमजोर करने लगती है।

आज हर कोई पत्रकार बन सकता है -एक स्मार्टफोन और इंटरनेट कनेक्शन के जरिए। ऐसे में पत्रकारिता और इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका में एक महीन सी रेखा रह गई है, जिसे स्पष्ट रूप से चिन्हित करना आवश्यक है। पत्रकारों के लिए आचार संहिता है, प्रेस काउंसिल है, समाचार संगठनों की जवाबदेही है। लेकिन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए ऐसा कोई तंत्र मौजूद नहीं है।

यहां पर दो बातें अहम हैं -एक, इन्फ्लुएंसर्स की स्वतंत्रता और दूसरा, उनकी जिम्मेदारी। स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है। कि वे किसी भी तरह की जानकारी या विचार को बिना तथ्यों की जांच के फैलाएं। यदि वे किसी राजनैतिक विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं।

## विचार

## हाशिए से बुकर तक: बानू मुश्ताक की कलम की ताकत

**प्रो. आरके जैन अरिजीत, बड़वानी (मप्र)**

बानू मुश्ताक का नाम आज एक ऐसी शख्सियत के रूप में उभरकर सामने आया है, जो न केवल कन्नड़ साहित्य की दुनिया में एक चमकता सितारा है, बल्कि उन तमाम औरतों की आवाज है, जिन्हें समाज ने लंबे समय तक हाशिए पर रखा। 2025 में जब उनकी लघु कथा संग्रह 'हार्ट लैंप' को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया, तो यह क्षण न केवल उनके लिए, बल्कि भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं और उनमें रची जा रही साहित्यिक कृतियों के लिए एक ऐतिहासिक जीत बन गया। यह पुरस्कार एक संदेश है—दुनिया अब उन कहानियों को सुनने को तैयार है, जो रसोईघरों की चहारदीवारी, बुर्कों की ओट और सामाजिक बंधनों की जंजीरों से निकलकर सामने आ रही हैं। बानू की कहानियां सिर्फ.साहित्य नहीं, बल्कि एक खामोश क्रांति हैं, जो पितृसत्ता, धार्मिक कट्टरता और सामाजिक अन्याय के खिलाफ चुपचाप लेकिन दृढ़ता से खड़ी होती हैं। उनकी लेखनी उस दीपक की तरह है, जो न केवल रोशनी देता है, बल्कि उस अंधेरे को भी उजागर करता है, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। बानू मुश्ताक का जीवन स्वयं एक कहानी है—संघर्ष, विद्रोह और आत्म-खोज की कहानी। कर्नाटक के एक छोटे से मुस्लिम मोहल्ले में जन्मीं बानू का बचपन उन गलियों में बीता, जहां रूढ़ियां और परंपराएं हर कदम पर साये की तरह साथ चलती थीं। उनके पिता की प्रगतिशील सोच ने उन्हें कन्नड़ माध्यम के स्कूल में पढ़ने का अवसर दिया, जो उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। उर्दू में कुरान की तालीम से शुरू हुआ उनका सफर कन्नड़ साहित्य की दुनिया तक पहुंचा, और यहीं से उनके भीतर की कहानीकार ने जन्म लिया। स्कूली दिनों में ही उन्होंने लिखना शुरू कर दिया था, लेकिन विवाह और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने उनके लेखन को कुछ समय के लिए थाम लिया। जीवन के सबसे कठिन दौर में, जब वे अवसाद और घरेलू बोझ से जूझ रही थीं, उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाने की कोशिश की। लेकिन यह वही पल था, जब उनके भीतर की आग ने नया रूप लिया। इस दर्द ने उनकी लेखनी को एक नई गहराई दी, और 'हार्ट लैंप' की कहानियां इसी आग की लपटों से रची गईं। 'हार्ट लैंप' की कहानियां साधारण औरतों की असाधारण कहानियां हैं। ये औरतें चीखती-चिल्लाती नहीं, न ही नारे लगाती हैं। इनका विद्रोह खामोश है, लेकिन इतना गहरा कि वह पाठक के मन को झकझोर देता है। बानू की कहानियों में घरेलू स्त्रियां हैं—माएं, बहनें, पत्नियां—जो रोजमर्रा की जिंदगी में पितृसत्ता और सामाजिक दबावों से जूझती हैं। उनकी कहानियां सवाल उठाती हैं—नारी की आजादी क्या है? क्या यह सिर्फ.बाहरी बंधनों से मुक्ति है, या फिर अपने भीतर की उस आवाज को सुनने की हिम्मत, जो समाज के शोर में दब जाती है? 'हार्ट लैंप' उन अनकहे विकल्पों की कहानी है, जिन्हें साहित्य अक्सर अनदेखा कर देता है। यह किताब सिर्फ.कहानियों का संग्रह नहीं, बल्कि एक सामाजिक दस्तावेज है। बानू की लेखनी की ताकत यही है कि वह सामान्य को असामान्य बना देती है, और हाशिए पर मौजूद लोगों की कहानियों को मुख्यधारा में लाती है। बानू की साहित्यिक यात्रा केवल लेखन तक सीमित नहीं रही। उन्होंने पत्रकारिता और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। 'बांदाया आंदोलन' से जुड़कर उन्होंने साहित्य को सामाजिक बदलाव का हथियार बनाया। उनकी लेखनी में पत्रकारिता का यथार्थ और एक्टिविज्म का जज्बा साफ झलकता है। जब उन्होंने मस्जिदों में महिलाओं के नमाज पढ़ने के अधिकार पर खुलकर लिखा, तो उन्हें धमकियां मिलीं, फतवे जारी हुए, और यहाँ तक कि उनकी जान पर हमला भी हुआ। लेकिन बानू ने हार नहीं मानी। उन्होंने लिखा, और लिखती रहीं—स्पष्ट, निडर और ईमानदार। उनकी यह हिम्मत उनकी कहानियों में भी दिखती है, जहां पात्र छोटे-छोटे विद्रोहों के जरिए अपनी जगह बनाते हैं। बानू मुश्ताक की लेखनी का सबसे बड़ा योगदान यह है कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को उस रूढ़िगत छवि से बाहर निकाला, जिसमें उन्हें अक्सर कैद कर दिया जाता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## भारत में अल्टरनेट एसओजीआई समुदाय और

**अमरपाल सिंह वर्मा**

भारत में मानसिक स्वास्थ्य आज भी एक उपेक्षित और कलंकित विषय बना हुआ है। आम समाज में भी इसके बारे में खुलकर बात करना दुर्लभ है, लेकिन यह चुप्पी तब और भयावह रूप ले लेती है जब हम उन व्यक्तियों की बात करते हैं जो पारंपरिक यौन और लैंगिक पहचान से अलग हैं जैसे कि ट्रांसजेंडर, गे, लेस्बियन, बाइसेक्शुअल, क्वीर और नॉन-बाइनरी लोग। इन सभी को मिलाकर अल्टरनेट एसओजीआई (सेक्सुअल ओरिएंटेशन एंड जेंडर आइडेंटिटी) समुदाय कहा जाता है। यह समुदाय न केवल सामाजिक अस्वीकार्यता का शिकार है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित भी है। एसओजीआई समुदाय के सदस्य अक्सर बचपन से ही भेदभाव, तिरस्कार और हिंसा का सामना करते हैं. कभी स्कूलों में मजाक बनकर, कभी घर से निकाले जाने पर, तो कभी कार्यस्थलों पर अस्वीकार किए जाने के रूप में। यह बहिष्कार धीरे-धीरे मानसिक पीड़ा, अकेलेपन और आत्म-संदेह को जन्म देता है। कई अध्ययन बताते हैं कि एलजीबीटीआईक्यू+ समुदाय के लोग डिप्रेशन, एंग्जायटी और आत्महत्या की प्रवृत्ति के शिकार आम लोगों की तुलना में कई गुना अधिक होते हैं।

ट्रांसजेंडर समुदाय के भीतर आत्महत्या का जोखिम बेहद चिंताजनक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 31 प्रतिशत ट्रांसजेंडर लोगों ने आत्महत्या का प्रयास किया है। इसके पीछे सामाजिक तिरस्कार, रोजगार का अभाव, हिंसा, और हेल्थकेयर सिस्टम द्वारा उपेक्षा प्रमुख कारण हैं।

भारत का स्वास्थ्य ढांचा वैसे ही मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद कमजोर है। 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में प्रति एक लाख की जनसंख्या पर औसतन 0.3 मनोचिकित्सक हैं। जब सामान्य नागरिकों तक ही सेवाएं नहीं पहुँच रही हैं, तो एसओजीआई समुदाय की स्थिति और भी बदतर हो जाती है। बहुत से डॉक्टर, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में एलजीबीटीआईक्यू+ पहचान को 'बीमारी' मानते हैं या इसे 'सुधारने' की कोशिश करते हैं। इससे व्यक्ति इलाज के बजाय और अधिक मानसिक उत्पीड़न का शिकार होता है।

## शाही कैबिनेट बैठक से शाह क्यों हुए गायब ?

**राकेश अचल**

**इंदौर** में मध्य प्रदेश सरकार की शाही कैबिनेट मीटिंग में प्रदेश के जनजाति मंत्री विजय शाह शामिल नहीं हो पाए. ऐसा क्यों हुआ इसे लेकर अब केवल कयास लगाए जा रहे हैं. शाह के खिलाफ कर्नल सौफिया कुरेशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकिन हाईकोर्ट के निर्देश पर मुकदमा दर्ज है और सुप्रीमकोर्ट के निर्देश पर मामले की जांच एसआईटी को करना है, इसमें 3आईपीएस अधिकारी शामिल हैं.

माता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर इंदौर के राजवाड़ा में मोहन कैबिनेट की बैठक शाही अंदाज में हुई.। कैबिनेट की मीटिंग से पहले राजवाड़ा में सीएम मोहन यादव ने मंत्रियों के साथ ग्रुप फोटो खींचवाई लेकिन विजय शाह इसमें खोजने पर भी नहीं आए. कैबिनेट मीटिंग में शामिल होने के लिए तमाम मंत्री और खुद मुख्यमंत्री मोहन यादव एक दिन पहले ही इंदौर पहुंच गए लेकिन मालवा क्षेत्र से आने वाले विजय शाह कैबिनेट की मीटिंग में नहीं पहुंचे. अब ये तय करना मुश्किल है कि मंत्री विजय शाह खुद ही कैबिनेट की मीटिंग में नहीं आए या फिर सरकार ने उनसे खुद ही दूरी बना ली।मुमकिन है कि सरकार ने शाह को बचाने के लिए ही शाह को बैठक से दूर रखा हो क्योंकि इंदौर में अगर कैबिनेट की मीटिंग में पहुंचते तो सारा ध्यान उन्हीं की ओर चला जाता. मुझे लगता है कि सरकार और पार्टी ने विजय शाह को अकेला नहीं छोडा है उलटे दोनों शाह को बचा रहे हैं और उन्हें कर्नल सोफिया कुरैशी का मामला गर्म होते ही भूमिगत कर दिया गया. शाह सोशल मीडिया से भी गायब हैं और मीडिया में भी उनका कोई बयान आया. आपको याद दिला दूं कि सुप्रीमकोर्ट के निर्देश पर गठित एसआईटी अपनी पहली रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को 28 मई को सौंपेगी। इसके बाद कोर्ट आगे का फैसला लेगी। ऐसे में आने वाले दिनों में विजय शाह की मुश्किलें और बढ़ सकती है।शाह को गिरफ्तारी से बचाने के लिए सरकार और पार्टी पूरा कस बल लगा रही है. अगर शाह को अकेला छोडा गया होता तो शाह कबके गिरफ्तार हो चुके होते. उनका पता लगाना कोई कठिन काम नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### कृष्ण योग जिला द्वारा आयोजित योग द्वारा नि:शुल्क हड्डी रोग निवारण शिविर संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के कृष्ण योग जिला द्वारा परस राम कॉलोनी में गायत्री चेतना केन्द्र के निकट आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क योग द्वारा हड्डी रोग निवारण शिविर संपन्न हो गया । शिविर के अंतिम दिन योग शिक्षक चौधरी मांगेराम ने उपस्थित साधकों को टांगों, बाजुओं व गर्दन की सूक्ष्म क्रियाएं करवाई । प्रियंका ने गहरे लंबे श्वास, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्रोच्चारण का अभ्यास करवाया । जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी द्वारा निषेध, विधि व लाभ बताकर योगासन करवाए गए । नीलम शर्मा ने हास्यासन करवाया । प्राणायाम का अभ्यास पुष्पा गुप्ता ने करवाया । जिला प्रधान देवी दयाल सैनी ने ध्यान साधना करवाई । शिविर में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा सहित अन्य योग विशेषज्ञों द्वारा अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान दिए गए । ओम ध्वनि, वैदिक प्रार्थना, शांति पाठ व प्रसाद वितरण के साथ शिविर का सुंदर समापन हुआ । इस अवसर पर सुनयना व सोमा भट्ट सहित कई साधक साधिकायें उपस्थित हुए। संस्थान के नवनियुक्त संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि इस शिविर स्थल को अब नियमित योग कक्षा में परिवर्तित कर दिया गया है और प्रियंका को इस नये योग साधना केंद्र का केंद्र प्रमुख बनाया गया है । इस नए योग साधना केंद्र का समय सायं 6 से 7 बजे तक रखा गया है ।

### कृष्ण योग जिला द्वारा आयोजित योग द्वारा नि:शुल्क हड्डी रोग निवारण शिविर संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के कृष्ण योग जिला द्वारा परस राम कॉलोनी में गायत्री चेतना केन्द्र के निकट आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क योग द्वारा हड्डी रोग निवारण शिविर संपन्न हो गया । शिविर के अंतिम दिन योग शिक्षक चौधरी मांगेराम ने उपस्थित साधकों को टांगों, बाजुओं व गर्दन की सूक्ष्म क्रियाएं करवाई । प्रियंका ने गहरे लंबे श्वास, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्रोच्चारण का अभ्यास करवाया । जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी द्वारा निषेध, विधि व लाभ बताकर योगासन करवाए गए । नीलम शर्मा ने हास्यासन करवाया । प्राणायाम का अभ्यास पुष्पा गुप्ता ने करवाया । जिला प्रधान देवी दयाल सैनी ने ध्यान साधना करवाई । शिविर में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा सहित अन्य योग विशेषज्ञों द्वारा अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान दिए गए । ओम ध्वनि, वैदिक प्रार्थना, शांति पाठ व प्रसाद वितरण के साथ शिविर का सुंदर समापन हुआ । इस अवसर पर सुनयना व सोमा भट्ट सहित कई साधक साधिकायें उपस्थित हुए। संस्थान के नवनियुक्त संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि इस शिविर स्थल को अब नियमित योग कक्षा में परिवर्तित कर दिया गया है और प्रियंका को इस नये योग साधना केंद्र का केंद्र प्रमुख बनाया गया है । इस नए योग साधना केंद्र का समय सायं 6 से 7 बजे तक रखा गया है ।

# देश भगत यूनिवर्सिटी ने उत्तरी अमेरिका में की नए कैंपस की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** देश भगत यूनिवर्सिटी (नैक ग्रेड ए+) ने उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप में स्थित सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस में दूसरा कैंपस देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन स्थापित कर अपनी पहुंच का विस्तार किया है। यह नया कैंपस छात्रों को मेडिकल डिग्री (एमबीबीएस प्रोग्राम) हासिल करने का अवसर प्रदान करता है, जो चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। आज यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन के संचालन निदेशक इंज. अरुण मलिक ने कहा कि छात्र कई कारणों से देश भगत यूनिवर्सिटी (डीबीयूए)



अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन में शामिल होना चुन रहें हैं। यह कार्यक्रम छात्रों को संयुक्त राज्य अमेरिका में क्लीनिकल रोटेशन करने के लिए मार्ग प्रदान करता है, जिससे उन्हें अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में मूल्यवान अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त होगा। देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन को संबंधित अथार्टीज द्वारा मान्यता प्राप्त है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रदान की गई शिक्षा कुछ गुणवत्ता मानकों को पूरा करती है, जो

**नया कैंपस**

**▸▸ यह नया कैंपस छात्रों को मेडिकल डिग्री (एमबीबीएस प्रोग्राम) हासिल करने का अवसर प्रदान करता है**

भविष्य में लाइसेंस और अभ्यास के लिए आवश्यक है।
उन्होंने कहा कि एक व्यापक पाठ्यक्रम और अनुभवी फैकल्टी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सक शिक्षा चाहने वाले छात्रों को आकर्षित करते हैं। देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो छात्रों को यूएसएमएलई जैसी परीक्षाओं के लिए तैयार करता है। कुछ अन्य देशों के मेडिकल स्कूलों की तुलना में, डीबीयूए अधिक किफायती ट्यूशन दरें प्रदान करता है, जिससे चिकित्सा शिक्षा व्यापक श्रेणी के लिए सुलभ हो जाती है। इस अवसर पर बोलते हुए इंज. अरुण मलिक ने कहा कि अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, आधुनिक प्रयोगशालाएँ और अच्छी तरह से सुसज्जित कक्षाएं अनुकूल शिक्षण वातावरण की तलाश करने वाले छात्रों के लिए महत्वपूर्ण आकर्षण हैं। देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिका यूएसएमएलई परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित सहायता और संसाधन प्रदान करता है; यह संयुक्त राज्य अमेरिका में चिकित्सा का अभ्यास करने के इच्छुक छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण लाभ हो सकता है। डीबीयूए से स्नातक करने वालों के पास अच्छे करियर की संभावनाएं हो सकती हैं, चाहे वे सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, अमेरिका या अन्य अंतरराष्ट्रीय स्थानों में अभ्यास करना चुनते हैं।

## प्रयास फाउंडेशन कुरुक्षेत्र ने नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर किया जागरूक




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** प्रयास फाउंडेशन शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। प्रयास फाउंडेशन कुरुक्षेत्र के प्रधान नरेश सैनी ने बताया कि प्रयास का गठन सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी श्रीकांत जाधव द्वारा वर्ष 2020 में किया गया था। इस संस्था का उद्देश्य लोगों को नशे से बचाना है।
उन्होंने उपस्थित लोगों को नशे की बुराई बारे बताया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य रूप से आमंत्रित किए गए थे।
डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा टअठअर पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचना दे सकता है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. एम एम सिंह उपस्थित रहे।

## सोहाना धरने पर गरजे निसिंग ब्लॉक के किसान, दिया समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** गांव सोहाना के रकबे में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले चल रहा धरना आठवें दिन में प्रवेश कर गया है। गत आठ दिनों से करनाल रिंग रोड पर रास्ते की मांग को लेकर सोहाना गांव के रकबे में लगातार अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। आंदोलनकारी ग्रामीणों का आरोप है कि आज तक शासन व प्रशासन की ओर से कोई भी प्रतिनिधि ग्रामीणों की औपचारिक तौर पर सुध लेने नही पहुंचा है। जिसकों लेकर ग्रामीणों रोष बढ? लगा है।

## कुरुक्षेत्र की तनु ने बास्केटबाल में किया शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** खेलों हरियाणा यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 मई से 15 मई तक पटना में किया गया।
इस गेम्स में लड़कियों की बास्केटबॉल की हरियाणा की टीम ने भाग लिया और पूरे टूनार्मेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कोच पंकज पराशर व खिलाड़ी को बधाई व शुभकामनाएं दी है। प्रशिक्षक पंकज पराशर ने कहा कि इस बॉस्केटबाल की टीम में कुरुक्षेत्र की तनु ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि तनु पिछले 2 साल से प्रशिक्षण




ले रही है इस बार उसका सिलेक्शन खेलो इंडिया यूथ गेम्स बास्केटबॉल टीम में कुरुक्षेत्र की तरफ से हुआ। जिसमें इस लडकी ने हर मैच में सबसे ज्यादा स्कोर बनाकर हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है।
उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा ने पहला मैच आंध्र प्रदेश को हराया, दूसरा मैच तमिलनाडु को हराया, तीसरा कर्नाटक को व चौथा पंजाब इन सबको हराकर वह अपने पूल में टॉप पर रही उसका मुकाबला सेमीफाइनल में फिर से पंजाब से हुआ उसको फिर से हराया। इस हरियाणा टीम के साथ कोच पंकज पाराशर की देखरेख में इस मुकाम को हरियाणा टीम हासिल किया।

## नशे के खिलाफ पानीपत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने सेक्टर 25 गंदा नाला पुलिया के पास केंटर चालक नशा तस्कर को नशे की खेप सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 28 किलो 100 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ है।
एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि उनकी टीम मंगलवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान जीटी रोड स्थित मलिक पेट्रोल पंप के पास मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की अशोक विहार कॉलोनी निवासी बलबीर केंटर पर ड्राईवरी करने के साथ नशा बेचने का अवैध काम करता है। अशोक केंटर के केबिन में चुरापोस्त छुपाकर जिमखाना कल्ब सेक्टर 25 की और से जीटी रोड की तरफ आ रहा है।पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए सेक्टर 25 गंदा नाला पुलिया के पास नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात सेक्टर 25 की और से एक पानीपत नंबर का केंटर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने चालक को इशारा कर केंटर को रूकवाकर चालक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान बलबीर पुत्र बोधराम निवासी कुटानी रोड अशोक विहार कॉलोनी के रूप में बताई।

## कुरुक्षेत्र को ग्रीन बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को रोपित करना चाहिए एक-एक पौधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** समाज सेवी मदन लाल शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र को ग्रीन बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने घर और आसपास के क्षेत्र में एक-एक पौधा जरूर रोपित करना चाहिए। इस जिले में जब पौधारोपण अभियान एक जन आंदोलन का स्वरूप ले लेगा तभी ग्रीन कुरुक्षेत्र के लक्ष्य को पूरा किया जा सकेगा। इस अभियान के साथ आमजन को जोड? का प्रयास किया जा रहा है।
वे बुधवार को हरियाणा शहरी



विकास प्राधिकरण के सहयोग से ताऊ देवी लाल पार्क में पौधारोपण करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह, सीनियर सिटीजन एमएल शर्मा, डा. डीपी बतरा, श्याम सुंदर शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, मास्टर बिशन दास तनेजा, एसएस रोहिल्ला, जीएस उप्पल, भारद्वाज, समाजसेवी नरेश सैनी, अमर रोहिल्ला, मेवा सिंह, एडवोकेट राज सिंह, दिलेर गौड, सेवानिवृत्त डीएसओ यशबीर सिंह, डा. सत्यनारायण शर्मा, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल आदि ने ताऊ देवी लाल पार्क में नीम व पीपल के पौधे रोपित किए। इन सभी लोगों ने पौधा रोपित करने के साथ-साथ पौधों का पालन-पोषण और देखरेख करने का संकल्प भी लिया।
समाजसेवी श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र को ग्रीन या हरा-भरा करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह के आदेशानुसार पौधारोपण की जो मुहिम शुरू की है, वह काबिले तारीफ है। इस मुहिम के साथ सभी नागरिकों को जुडना चाहिए। सरकार का विजन है कि प्रदेश के पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए। यह तभी संभव हो पाएगा जब प्रत्येक नागरिक पौधारोपण अभियान के साथ जुड़ेगा। इस पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए आमजन को साथ जुडना होगा और कुरुक्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे।

## 36 बिरादरियों के सहयोग से करेंगे समाज का उत्थान : कृष्ण श्योकंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** 36 बिरादरियों के सहयोग से समाज के उत्थान और सामाजिक बुराइयों को दूर करने लिए संगठित होकर कार्य किए जाएंगे। उक्त विचार जाट समाज के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण श्योकंद ने एक निजी होटल में पत्रकारों से संवाद करते हुए व्यक्त किए। कृष्ण श्योकंद ने बताया कि उनका प्रयास है कि हिंदू विवाह आचार संहिता के अंदर जो विसंगतियां हैं उनको सरकार के साथ विस्तृत विचार विमर्श के साथ दूर किया जाए और सामाजिक ताने बाने को खंडित होने से बचाया जा सके। कृष्ण श्योकंद ने बताया कि नौजवान



पीढ़ी को अपने पूर्वजों के सम्मान का ध्यान रखते हुए वैवाहिक संबंधों में बंधना चाहिए क्योंकि इससे समाज की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। कृष्ण श्योकंद ने बताया कि गत दिनों जाट धर्मशाला में लिव इन रिलेशन,समान गोत्र में शादी और एक ही गांव में शादी चिंता का विषय पर समाज के लोगों से विस्तृत चर्चा की गई थी जहां समाज में व्यापक सुधार के लिए संकल्प लिए गए थे।उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान वो विभिन्न संस्थाओं और बिरादरियों को साथ लेकर चलेंगे ताकि समाज में बदलाव लाया जा सके और

## पीएम आवास योजना में लापरवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। योजना के असली लाभार्थी को मिलने वाली पहली किस्त की राशि गलती से किसी और के खाते में ट्रांसफर हो गई। मामला तब सामने आया, जब लाभार्थी ने संबंधित विभाग में शिकायत की और अधिकारियों ने जांच शुरू की। विभाग की जांच पड़ताल में सामने आया कि पोर्टल पर आधार कार्ड की एंट्री में गलती हुई थी, जिसके कारण यह गड़बड़ी हुई। फिलहाल मामले की जांच चल रही है और संबंधित बैंक खाते को फ्रीज कर दिया गया है।

## सरकारी स्कूलों के बच्चों का शत प्रतिशत परिणाम अच्छे संकेत: रेनू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,:** शहीद सुरेंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना मे 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत आने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय की नई एसएमसी घोषित की गई, जिसमे संजीव कुमार को प्रधान चुना गया। वहीं कृष्णा देवी को उपप्रधान, सुभाष चंद, पपिंद्र सिंह, गुरदेव, राखी, डिंपल व कृष्ण सहित अन्य को सदस्य चुना गया। एसएमसी के सचिव प्रिंसीपल पूर्णचंद रहेंगें। सभी नवनिर्वाचित एसएमसी सदस्यों को सरपंच रेणू शर्मा व प्रिंसीपल पूर्णचंद ने शुभकामनाएं



दी।
10वीं कक्षा की परीक्षा मे शत-प्रतिशत परिणाम आने पर सरपंच रेणू शर्मा ने सभी बच्चों व शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आना अच्छे संकेत हैं। सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। पीएम श्री विद्यालयों में तो ओर भी ज्यादा सुविधाएं दी जा रही हैं।
प्रिंसीपल पूर्णचंद ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पीएम श्री विद्यालय बारना का परीक्षा परिणाम जिला के टॉप 10 विद्यालयों में आया है। इसके लिए सभी शिक्षक व बच्चे बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर उमंग संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना, यशपाल शर्मा, शिक्षक शशि भूषण शर्मा, रीतू शर्मा, राजबीर सिंह, रामप्रशाद, निधी शर्मा, सोनिया गुप्ता, सुरेश कांता, मंजू, मनजीत कौर, रीना, रेनू, प्रीति पंवार, अजय कुमार, बलवान सिंह, प्रवीण कुमार, तृप्ति चुघ, ओमदत्त, लक्ष्मण कुमार, सीमा, नरेश कुमार, दीपा रानी, पंकज चहल, रेखा व अन्य शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा की तैयारियाँ को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी ने ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र/** लाडवाः कल दिनांक 22 मई 2025 को कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा कस्बे में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी स्वयं नेतृत्व करेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने हेतु आज भाजपा जिला कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी ने की। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रमुख, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र बाखली द्वारा



जिलाध्यक्ष को पुष्पगुच्छ से सम्मनित कर की गई।जिलाध्यक्ष गोल्डी ने तिरंगा यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यकताओं को अलग-अलग ज़िम्मेदारियाँ सौंपीं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर स्तर पर अनुशासन, सुरक्षा एवं समन्वय का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि यह आयोजन कुरुक्षेत्र के इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्मृति के रूप में दर्ज हो। मुख्य बिंदु जो बैठक में चर्चा के केंद्र में रहेः तिरंगा यात्रा के समय और मार्ग को लेकर रणनीति तय की गई।
कार्यकताओं की ड्यूटी ट्रैफिक प्रबंधन, जनसम्पर्क, मीडिया समन्वय, चिकित्सा सहायता, और स्वागत व्यवस्था में लगाई गई।स्थानीय नागरिकों, व्यापारी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और युवाओं से अपील की गई कि वे इस राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें।
सभी मंडलों को यह निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं और नागरिकों को यात्रा में शामिल होने हेतु प्रेरित करें।
गोल्डी ने कहा, "यह तिरंगा यात्रा केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि हर नागरिक के दिल में देशभक्ति की भावना को जाग्रत करने का अवसर है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना की शौर्य गाथा घर घर पहुँचाने के लिए अभियान की भावना को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा में इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।" बैठक में यह भी बताया गया कि यात्रा में मुख्यमंत्री के साथ कई वरिष्ठ नेता और संगठन के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। यात्रा का समापन एक जनसभा के साथ होगा, जिसमें मुख्यमंत्री जनसमूह को संबोधित करेंगे।
भाजपा जिला संगठन इस आयोजन को लेकर पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। आमजन में इसको लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है और उम्मीद की जा रही है कि यह तिरंगा यात्रा ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी।इस बैठक में सुशील राणा,जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, विक्रम शर्मा,कार्यलय प्रभारी गुलशन कलाल माजरा,जिला उपाध्यक्ष देवी दयाल,रोशन बेदी,राजेंद्र बाखली,अनु माल्यान,जिला सचिव रेनू खुगर, सतपाल मास्टर,राजदीप, राहुल शर्मा,ललित माट्टा उपस्थित रहे ।

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाहाबाद खंड शिक्षा अधिकारी शाहबाद को सौंपा मांग-पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहबाद :** राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की समस्याओं को लेकर आज राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाहाबाद खंड शिक्षा अधिकारी शाहबाद श्री बिजेंदर सिंह संधू जी से मिला । खंड प्रधान सुरेश कुमार ने बताया प्राथमिक विद्यालयों में मिड डे मील के राशन की सप्लाई समय पर नहीं हो रही जिससे विद्यालय में खाना बनाने में बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही विद्यालय में सैलरी के लिए बजट भी समय पर डालने की मांग की व प्राथमिक



विद्यालयों में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करने की मांग करने के साथ-साथ विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं को खंड शिक्षा अधिकारी के सामने रखा जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी महोदय का रुख सकारात्मक रहा और उन्होंने सभी समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्याध्यापक रामकला जी,खंड-प्रधान सुरेश कुमार महासचिव धर्मवीर कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार ऑडिटर विनोद मालरा संगठन सचिव अमित कुमार व प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### रास्ता रोककर मारपीट कर घायल करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल सवार का रास्ता रोककर मारपीट करने व विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी सतपाल ने बताया कि वह गत 18 मई को देर शाम करीब साढ़े आठ बजे अपनी बाइक पर पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहा था। वह बहालगढ़ चौक पर पहुंचा। उसी दौरान संदीप निवासी लिवासपुर अपने दो साथियों के साथ खड़ा हुआ था। उसने अपनी गाड़ी से बिट्टा उतारकर उसकी तरफ मारने के लिए दौड़ा। उसने बाइक को भगा लिया। उसके बाद उसका पीछा करके गाड़ी को आगे अड़ाकर रोक लिया। उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसका गला दबाकर मारने का प्रयास किया। राहगीरों ने बीच-बचाव करके उसे छुड़वाया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उसने अपना उपचार करवाया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर आरोपितों को नामजद कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### एंबुलेंस रिपेयरिंग के लिए विभाग की तरफ से जिला स्तर पर दस हजार से बढ़ाकर 25 की राशि

**सोनीपत:** जिले में लोगों के लिए आपातकालीन स्थिति में अस्पताल तक पहुंचाने वाली एंबुलेंस की देखरेख के लिए खर्च होने वाली राशि को विभाग की तरफ से बढ़ाया गया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर एक कमेटी बनाई गई है, जो एंबुलेंस पर होने वाले खर्च की देखरेख करेगी। विभाग की तरफ से पहले जिला स्तर पर महज दस हजार रुपये राशि स्वीकृत थी। अब उक्त राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है। गाड़ियों में आने वाले छोटे-मोटे खर्च को जिला स्तर पर ही निपटा दिया जायेगा। जिससे समय पर गाड़ियां ठीक होकर लोगों की सुविधा के लिए उपलब्ध रहेगी। बता दें कि जिले में वर्तमान में कुल 30 एंबुलेंस और तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) है। इनका उपयोग आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किया जाता है। लेकिन कई एंबुलेंस खराब होने से स्वास्थ्य विभाग को गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं मौजूदा समय में बेड़े में शामिल छह एंबुलेंस खराब हालत में खड़ी हैं। इनमें से अधिकांश की मरम्मत लागत 10 हजार रुपये से अधिक आ रही थी। उक्त राशि खर्च के लिए विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है। विभाग के अनुमति लेने में समय लग जाता था। जिसके चलते गाड़ियां रूट पर न होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ता था। हाल में नए दिशा-निर्देशों के चलते जिला स्तर पर अधिकारी एंबुलेंस पर 25 हजार रुपये तक के खर्च को वहन कर सकेगें। पहले उक्त राशि महत दस हजार रुपये की थी।

### किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 52 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक तिरंगा ही तिरंगा आ रहा है नजर: डॉ रीटा

**कैबिनेट मंत्री की पत्नी रीटा शर्मा के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा, सेना की कार्रवाई व उनके जोश, जज्बे की सराहना**

**तिरंगा यात्रा**

**सेना ने पूरी दुनिया को बड़ा सन्देश दिया कि भारतीय जमीन पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना।** कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा की धर्मपत्नी डॉ रीटा शर्मा की अगुवाई में भाजपा खानपुर मण्डल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज सेना के सम्मान में कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक तिरंगा ही तिरंगा नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सेना ने पूरी दुनिया को बड़ा सन्देश दिया कि भारतीय जमीन पर आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जिन देशों के हथियारों को भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा था, उसे हमारी मजबूत सेना ने स्वदेशी प्रणाली के माध्यम से आसमान में ही ध्वस्त कर दिया। आज पूरा देश ऑपरेशन सिन्दूर व सैन्यबल के सम्मान में तिरंगा यात्रा में उमड़ रहा है और अपनी भावनाओं को हर सैनिक के आत्मविश्वास के साथ जोड़कर मजबूती दे रहा है।
बुधवार को बड़ौता फ्लाईओवर से भाजपा खानपुर मण्डल की तिरंगा यात्रा की शुरूआत कैबिनेट मंत्री डॉ रीटा शर्मा व गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक के नेतृत्व में हुई। यात्रा गांव नगर, गढ़ी सराय नामदार खां, भगवान परशुराम चौक, पानीपत चुंगी, गढ़ी उजाले खां होते हुए खानपुर मोड़ पर पहुंची, जहां महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। अपने संबोधन में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा की धर्मपत्नी डॉ रीटा शर्मा ने कहा कि अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले का 7 मई की सुबह भारतीय सेना ने एकजुटता के साथ आतंकवाद व आतंकवादियों पर करारा प्रहार करते हुए न केवल उनके 9 ठिकानों को नेस्तानाबूद किया, अपितु 100 हार्डकोर आतंकियों का खात्मा किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जिन देशों के हथियारों को भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा था, उसे हमारी मजबूत सेना ने स्वदेशी प्रणाली के माध्यम से आसमान में ही ध्वस्त कर दिया। आज पूरा देश ऑपरेशन सिन्दूर व सैन्यबल के सम्मान में तिरंगा यात्रा में उमड़ रहा है और अपनी भावनाओं को हर सैनिक के आत्मविश्वास के साथ जोड़कर मजबूती दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त और मजबूत हुआ है, अब भारत आतंकवादी हमले की निंदा नहीं करता बल्कि दुश्मन के घर में घूसकर मारने की हिम्मत रखता है। आप्रेशन सिंदूर भारतीय सेना के पराक्रम और प्रधानमंत्री मोदी की मजबूत नीति व नेतृत्व का प्रतीक है। डॉ रीटा शर्मा ने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और समर्पण का एक ऐतिहासिक उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के कारण आज भारत आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है। हमारी सेनाएं राष्ट्र की रक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकती है। हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर अपने पराक्रम की अदभुत मिसाल दी है। इस मौके

# आर्य वीर दल का चरित्र निर्माण शिविर 2 जून से



**सम्मान**

**स्वामी श्रद्धानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 2 जून से चरित्र निर्माण, व्यायाम प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** जिले के गांव बड़वासनी स्थित स्वामी श्रद्धानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आगामी 2 जून से चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इस आशय की जानकारी बृहस्पतिवार को आर्य वीर दल सोनीपत मंडल के मंडलपति वेदप्रकाश आर्य व सचिव सुदर्शन आर्य ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस आवासीय शिविर का समापन 8 जून को होगा। इस दौरान वैदिक रीति से यज्ञ सिखाने, प्रवचन, अच्छे संस्कार, देश-धर्म पर मर मिटने की प्रेरणा देने के अतिरिक्त लाठी चलाना, व्यायाम, आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे जिसके लिए जोधपुर के आचार्य वरुण देव, नरेला के स्वामी आनन्द स्वरूप, व्यायाम शिक्षक अमर आर्य आदि विद्वानों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि महात्मा वेदमुनि, रणधीर सिंह ढुल, रमेश आर्य, दयानन्द आर्य, संदीप लाकड़ा, देवेन्द्र आर्य आदि के दिशानिर्देश में आयोजित होने वाले इस शिविर को लेकर क्षेत्र के युवा वर्ग में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

# 'नेकी की राह' करेगी सोनीपत के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जी-एस**आईएल एजुकेशनल सोसाइटी की सामाजिक एवं शैक्षिक पहल नेकी की राह के तत्वावधान में आगामी 25 मई को मामचंद वाटिका में एक भव्य "अकादमिक अचीवर्स अवॉर्ड समारोह" का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर सत्र 2024-25 में दसवीं कक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह का उद्देश्य इन विद्यार्थियों की मेहनत और लगन को सार्वजनिक मंच पर सराहना प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन करना है, जिससे वे आगामी कक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम की एक विशेष पहल यह भी है कि उन शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा जिनके विद्यार्थियों ने किसी विषय में पूर्णांक (100 में से 100 अंक) अर्जित किए हैं, ताकि गुरुओं की तपस्या को भी मंच पर सम्मान मिले और वे शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक निष्ठा से योगदान दे सकें। ह्यनेकी की राहह्न द्वारा दसवीं कक्षा में 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 11वीं और 12वीं की शिक्षा हेतु पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# केंद्र की जातिगत जनगणना के फैसले का पिछड़ा वर्ग ने किया स्वागत

**आभार**

**यह निर्णय ऐतिहासिक है और इससे देश के सभी वर्गों को विशेष तौर से पिछड़े वर्गों को सबसे ज्यादा लाभ होगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना/बलराम**
**रोहतक** -पानीपत रोड गोहाना स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक पर आजादी के बाद पहली बार होने जा रही जाति जनगणना के फैसले का पिछड़ा वर्ग के नेताओं ने स्वागत किया मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र पांचाल ने केंद्र सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना को मंजूरी देने के फैसले की सराहना करत करते हुए कहा यह निर्णय ऐतिहासिक है और इससे देश के सभी वर्गों को विशेष तौर से पिछड़े वर्गों को सबसे ज्यादा लाभ होगा क्योंकि पिछड़ा वर्ग देश की आजादी मिलने के बाद भी अपने अधिकारों से वंचित है उन्होंने कहा देश के 15% जातियों के लोग सत्ता का सुख भोग रहे हैं बैकवर्ड नेता आजाद सिंह दांगी ने कहा जाति आधारित जनगणना का निर्णय पिछड़े वर्गों और वंचित वर्गों के लिए नई संभावनाएं लेकर आएगा और हर वर्ग को सामाजिक न्याय मिलेगा इस फैसले से सामाजिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए एक नया युग शुरू होगा पिछडे वर्गों से अपील है की अपनी जाति शर्मा वर्मा ठाकुर राजपूत न लिखवा कर अपनी असली जाति खाती, लुहार, झीमर , कुमहार ,धोबी, तेली ,मनियर, सुधार ,जोगी, बैरागी , दर्जी ,नाई, ही लिखवाऐ जिससे पिछड़े वर्गों की जाति जनगणना ठीक से हो सके और हमारे अधिकार मिल सके मंच के राष्ट्रीय महासचिव महावीर कश्यप ने कहा जाति जनगणना के बाद पिछड़े वर्गों को दलित पैटर्न पर हर क्षेत्र में आरक्षण मिलना चाहिए तब जाकर इस वर्ग को असली आजादी और सत्ता का सुख मिलेगा इस अवसर पर संजीव स्वामी, सुरेश पवार, सतबीर कश्यप, विनोद सैनी ,मुख्तार सिंह दांगी ,बलबीर कश्यप ,रामपाल पांचाल तथा नरेश पांचाल आदि मुख्यतः मौजूद थे।

# बस अड्डा नारायणगढ़ का जल्दी ही निर्माण शुरू होगा: डॉ. पवन

**वर्कशॉप**

**पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने नारायणगढ़ स्थित बस अड्डे एवं वर्कशॉप का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/नारायणगढ़:** पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने नारायणगढ़ स्थित बस अड्डे एवं वर्कशॉप का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न बुनियादी सुविधाओं की स्थिति को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डॉ. पवन सैनी ने बताया कि नारायणगढ़ बस अड्डे के नए भवन का निर्माण कार्य शीघ्र ही आरंभ होने जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 7 करोड़ रुपये है। इस परियोजना का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्कशॉप के निर्माण एवं सुधार हेतु भी टेंडर लग चुका है, जिससे वहां की तकनीकी सुविधाएं और कार्यक्षमता बेहतर हो सकेगी। डॉ. पवन सैनी ने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने सीएम के सामने परिवहन विभाग के नारायणगढ़ सब डिपो को पूर्ण डिपो का दर्जा दिये जाने का अनुरोध किया था और उन्हें आशा है कि सीएम इस कार्य को भी जल्द पूरा करवायेगें। डिपो बनने के बाद जहां यात्रियों को मिलने वाली बस सुविधा में वृद्धि होगी वहीं नाईट बस सर्विस भी यहां से शुरू होगी।

# डीसी ऑफिस अंबाला को मिली बाम से उड़ाने की धमकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रातः उपायुक्त अंबाला की ओफिशियल ई-मेल पर एक मेल प्राप्त हुई थी, जिसमें उपायुक्त कार्यालय में आरडीएक्स बेस्ड ईआईडी होने की सूचना थी जिस पर सुरक्षा की दुष्टि से तुंरत संज्ञान लेते हुए इस बारे पुलिस विभाग को सूचित किया। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग ने भी तुंरत कार्रवाही अमल में लाते हुए बम स्कावयट की टीम के साथ उपायुक्त कार्यालय खुलने से पहले यहां का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहां पर किसी प्रकार का आरडीएक्स नहीं मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि एतिहायत के तौर पर वाहनों को बाहर की तरफ खड़ा किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उपायुक्त कार्यालय का कार्य सुचारू रूप से जारी है। यहां यह भी बता दे कि निरीक्षण के तहत उपायुक्त कार्यालय में किसी प्रकार की आवाजाही नहीं थी, पुलिस व बम स्क्वॉड (बस निरोधक) टीम ने पूरी गहनता से जांच की है जिसके बाद यहां पर किसी प्रकार का आरडीएक्स नहीं मिला है।

### बस स्टैंड पार्किंग से दोपहिया वाहन चोरी

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित बस स्टैंड पार्किंग से दोपहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस परिसर में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव गढ़ी सिसाना निवासी अमरदीप ने बताया कि वह 14 मई को अपने दोस्त अजीत के साथ अपनी बाइक पर सोनीपत आया था। बाइक को बस स्टैंड परिसर में खड़ी करके हरिद्वार चला गया। देर शाम को वह वापस लौटा तो पार्किंग में खड़ी उसी बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की।

# प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास जरुरी




**विविधता**

**बच्चों को बताया की किस प्रकार से आधुनिक समय में जैव-विविधता विषय पर ध्यान देने की जरूरत है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: आज** हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड पंचकूला द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस शिव शक्ति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोनीपत में बड़ी हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेश कुमार रेंज अधिकारी सोनीपत का स्वागत श्यो प्रसाद डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड पंचकूला और स्कूल की प्रिंसिपल भावना ने पौधा देकर किया। रेंज अधिकारी सोनीपत ने बच्चों को बताया की किस प्रकार से आधुनिक समय में जैव-विविधता विषय पर ध्यान देने की जरूरत है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते पर्यावरण में विशेष बदलाव हुआ है। इसके लिए पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया जा रहा है। एक रिपोर्ट की मानें तो आने वाले समय में पौधों और जानवरों प्रजातियों में से 25 फीसदी विलुप्त अवस्था में है साथ ही पर्यावरण संतुलन के लिए जानवरों का संरक्षण भी जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर वन विभाग की तरफ से फूलों के पौधें वितरित किये गए। प्रिंसिपल भावना ने रेंज अधिकारी सोनीपत का आभार जताते हुए कहा की इस तरह के आयोजनों से बच्चों में उत्साह और जागरूकता आएगी क्योंकि आज के समय में विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी तथा वनस्पति एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करते हैं, जिनका जीवन एक-दूसरे पर ही निर्भर रहता है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अंकिता और पूनम स्कूल की अध्यापिका ने भी अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिसमे भाषण प्रतियोगिता में कनिका प्रथम, भविका द्वितीय और मेनाक तृतीय स्थान पर रही।

# ईव टीजिंग व बुलिंग पर जागरूकता सेमिनार का किया आयोजन

**जागरूक किया**

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सुश्री नेहा परवीन पैरा लीगल वालंटियर अधिकार मित्र मौजूद रही**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: गवर्नमेंट** मिडिल स्कूल डेहा बस्ती अंबाला कैंट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ईव टीजिंग और बुलिंग जैसे संवेदनशील विषयों पर एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सुश्री नेहा परवीन पैरा लीगल वालंटियर अधिकार मित्र मौजूद रही जिन्होंने बच्र्चा के साथ होने वाली छेड़छाड़ और उसके परिणामों के बारे में जागरूक किया और ये भी बताया की अगर किसी के साथ अगर ऐसी कोई घटना होती है तो सुरक्षित स्थानों के बारे में जागरूक किया जहां वे अपनी समस्याएं सांझा कर सके तथा महिलाओं और लड़कियों को बिना कि सी डर के बोलने और घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया और साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी नेहा परवीन ने ये भी बताया की इस पहल का उद्देश्य न केवल बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है बल्कि उन्हें एक सुरक्षित शिक्षित और आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में विकसित करना भी है।
इस कार्यक्रम में इद्रीश फाउंडेशन की सहभागिता रही जिसके अंतर्गत बच्चों को कॉपियां और पेन वितरित किए गए। यह घोषणा भी की गई कि अब हर महीने उनकी टीम इस विद्यालय में आएगी और बच्चों को अंग्रेजी बोलचाल काउंसलिंग और अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग प्रदान करेगी। सेमिनार के अवसर पर स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों में वीर सिंह, डॉ चमन लाल, रणदीप सिंह, सुश्री पूनम, सुश्री रीतू , सुश्री सोनिया और सुश्री सोनिया चौधरी उपस्थित रहे। सभी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया। नेहा परवीन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का प्राथमिक कार्य उन व्यक्तियों को निशुल्क कानूनी सहायता और सलाह प्रदान करना है जो कानूनी प्रतिनिधित्व का खर्च नहीं उठा सकते। यह सहायता दीवानी, आपराधिक, पारिवारिक और श्रम मामलों सहित कई तरह के मुद्दों को कवर करती है । इस दौरान कैंप में लगभग 100 छात्र और स्कूल स्टाफ के मेंबर्स इद्रीश फाउंडेशन की ओर से सुश्री वंदना, सुश्री करिश्मा, सुश्री आयुषी और आयुष उपस्थित रहें।

# राहुल गांधी से मिलकर करूंगा हुड्डा की कारगुजारियों का खुलासा: जयतीर्थ



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** राई के पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को सचेत किया है कि विधानसभा चुनाव में हुई फजीहत के बावजूद यदि उनकी आंखें नहीं खुली तो प्रदेश में कांग्रेस का सर्वनाश तय है। जयतीर्थ दहिया ने बताया कि वे स्वयं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर हुड्डा पिता पुत्र की कारगुजारियों का खुलासा करेंगे। उन्होंने इसके लिए बाकायदा पत्र लिखकर राहुल गांधी से समय मांगा है। राई से 2 बार विधायक रहे जयतीर्थ दहिया ने कहा कि कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता होने के बावजूद उनके साथ धोखा किया गया। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें अंधेरे में रखकर किसी ऐसे व्यक्ति को टिकट थमा दी, जो सही तरीके से कांग्रेस का प्राथमिक सदस्य
तक नहीं था। दहिया ने हुड्डा पिता-पुत्र पर निशाना साधते हुए विधानसभा चुनाव के दौरान टिकटों की सौदेबाजी के आरोप दोहराये। पूर्व विधायक ने साफ कहा कि यदि टिकट वितरण में गड़बड़ी नहीं होती तो कांग्रेस की जीत तय थी। उन्होंने कहा कि अबकी बार हुड्डा सरकार का नारा महंगा पड़ गया। इसकी बजाय अबकी बार कांग्रेस सरकार का नारा अपनाना चाहिए था बजाय इसके की "अबकी बार हुड्डा सरकार " इस से गैर जाट वोटर्स को भाजपा की ओर जाने का मौका मिल गया।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से मिलकर वे सभी तथ्य उनके सामने रखेंगे जिसके आधार पर भविष्य के लिए कांग्रेस सबक ले सके।

# गढ़ी कलां में फ्लाईओवर के पास कट पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं रोकने की सरकार से मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गढ़ी कलां फ्लाईओवर कट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूर्व सरपंच ने एचएचएआई व एसडीएम को पत्र देकर समाधान की मांग की। पूर्व सरपंच जगदीप ने समाधान पत्र में बताया कि उनके गांव के पास गढ़ी कलां (पांची गुजरान) फ्लाईओवर के पास कट पर हो रही लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है और हादसे में मौत भी चुकी है। हर समय किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। कट के कारण एक या दो जानें बेवजह चली जाती हैं, और अनगिनत लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। एक ही दिन में दो-दो घटनाएं भी हो




रही हैं। एडवोकेट जगदीप ने समाधान पत्र में बताया कि जनहित में यह समस्या लोगों के जीवन से जुड़ी है और तत्काल प्रभाव से समाधान की आवश्यकता है। हाल ही में भजन सम्राट कन्हैया मित्तल की गाड़ी का यहीं एक्सीडेंट हुआ, तीन गंभीर घटनाओं में, एक व्यक्ति की मौत, दो पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं। दो पुलिसकर्मी भी इसी कट पर बाल-बाल बचे थे। इसके अलावा गांव के पूर्व सरपंच मांगे प्रधान की भी इसी कट पर हादसे में मौत हुई थी। आसपास के लोग इस कट से गुजरने से कतराते हैं। शिकायत में बताया कि कट पर चारों तरफ से ट्रैफिक आता है और किसी भी प्रकार के उचित प्रबंधन या सुरक्षा उपायों की कमी के कारण घटना बढ़ रही है। न पर्याप्त रोशनी है, न स्पष्ट संकेत, और न ही सुरक्षित यातायात का कोई इंतजाम है। हर व्यक्ति का जीवन अनमोल है, और उसे सुरक्षित रखना हमारा सामूहिक दायित्व है।
एडवोकेट जगदीप ने बताया कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने की बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन इस सड़क पर हो रही मौतें सीधे तौर पर मानवीय जीवन के अधिकार का उल्लंघन हैं। उन्होंने अधिकारियों से मांग की कि स्वयं निरीक्षण करके स्थिति का जायजा लेकर दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाएं और स्थायी समाधान निकाला जाए। हादसों को रोकने के लिए पर्याप्त और स्पष्ट चेतावनी संकेत और रिफ्लेक्टर लगाए जाएं, रात में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था ,ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए यातायात सिग्नल या सुरक्षित गोलचक्कर का निर्माण किया जाए।
आवश्यकतानुसार गति सीमा को नियंत्रित करने के उपाय कर पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए।

# एम.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बाहरवीं में ब्लाक प्रथम व द्वितीय छात्रों का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** एम.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरढ़ाणा का भिवानी शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं व 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा 12वीं कक्षा में कुल 42 विद्यार्थियों में से 31 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। मेधावी छात्रों का स्कूल में सम्मान किया गया। जिसमें बली गांव के सरपंच देवेंद्र सरोहा, काकोदा गांव के सरपंच अशोक व सरढ़ाणा के सरपंच प्रतिनिधि सुंदर ,स्कूल प्रबंधक जोगिंदर सिंह मलिक व प्रिंसिपल अंजू मलिक ने बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्राचार्य जोगिंदर सिंह मलिक ने बताया कि कक्षा बाहरवीं में छात्रा कोमल ने 482/500 अंक लेकर गन्नौर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा स्नेहा पुत्री सोमवीर ने



481/500 अंक लेकर ब्लॉक गन्नौर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, प्रिया पुत्री राजेंद्र सिंह ने 471/500 अंक लेकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा दसवीं में कुल 36 विद्यार्थियों में से 31 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। छात्र निखिल ने 471/500, ईशा ने 463/500 व राहुल ने 460/500 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया है। प्रबंधक जोगिंदर मलिक ने गत 5 वर्षों के शानदार परीक्षा परिणाम पर प्रकाश डाला तथा सरपंचों ने भी बच्चों को इसी तरह शानदार परीक्षा परिणाम लाने के लिए बधाई दी। इस मौके पर देवेंद्र, मंजू ,सीमा, कविता, प्रियंका, सुमन, सोनिया आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोडने के लिए विशेष जागरूकता अभियान शुरू: डीसी डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
डीसी डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए श्रम विभाग द्वारा जिले में विशेष जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 30 मई तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सर्विस, राइड शेयरिंग सर्विस, लॉजिस्टिक श्रमिक, ई-मार्केट सर्विस, प्रोफेशनल सर्विस प्रोवाइडर, हेल्थकेयर, डेब्ल व हॉस्पिटैलिटी वर्कर, कंटेंट एवं मीडिया सर्विस और अन्य सर्विस प्रोवाइडर को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है।
ए.एल.सी. विशाल कालिया ने बताया कि डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के दिशा-निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने हाल ही में बजट में घोषणा की है कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ अब गिग वर्कर्स को भी मिलेगा। इसके लिए आवश्यक है कि संबंधित श्रमिकों के पास सक्रिय ई-श्रम कार्ड हो।
ए.एल.सी. कर्मबीर यादव ने बताया कि इस दिशा में अभियान चलाकर उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है। हरियाणा सरकार भी इन श्रमिकों को राज्य की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड? की दिशा में अग्रसर है। स्वास्थ्य सेवाओं, जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं भी इन योजनाओं में शामिल हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की मजबूत ढाल मिल सके। श्रम निरीक्षक सोनू ने अपील की कि अधिक से अधिक गिग वर्कर इस अभियान का लाभ उठाएं और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराएं।

### गर्मी की लहर से अपने मवेशियों को बचाने के लिए पशुपालकों को वर्तनी चाहिए विशेष सावधानियां: उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
बढ़ते पारे ने आमजन के साथ साथ मवेशियों को बुरी तरह से प्रभावित करना प्रारंभ कर दिया है। आने वाले दिनों में गर्म लहर के और बढ? के संकेत हैं। ऐसे मैं पशु पालकों को अपने मवेशियों के साथ छोटे बच्चों को भी गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए कुछ सावधानियां बरतने की आवश्यकता है।
उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि जैसे जैसे पारा चढ़ रहा है, वैसे-वैसे लोगों की परेशानियां के साथ पशुओ की परेशानी में भी बढ़ोतरी होना लाजमी है। बीमार होने की स्थिति में अपने मवेशियों को पशु चिकित्सा के पास ले जाए व उपचार कराए। बढ़ती गर्मी न केवल इंसानों के लिए परेशानी का सबब बनती है, बल्कि बढ़ते तापमान का असर मवेशियों पर भी पड़ रहा है। इसको लेकर विशेष सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने बताया कि पशु पालक गर्मी की में अपने पशुओं के खान-पान व पानी का विशेष ध्यान रखें। टोल फ्री नंबर, 1962 पर भी पशु पालक सहायता ले सकते हैं।
पशु चिकित्सक डॉक्टर अशोक लोहान ने बताया कि गर्मी की लहर के कारण दुधारू पशुओं में दूध की मात्रा के प्रतिशत में कमी आती है। पशुओं में तेज बुखार भी होने की संभावना बढ़ जाती है। पशु चिकित्सक ने बताया कि बीमार होने पर पशुओं का तुरंत प्रभाव से पशु चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए।
पशु चिकित्सक ने बताया कि पशु पालक अपने पशुओं को गर्मी की मार से बचाने के लिए विशेष सावधानियां बरते। पशु चिकित्सक ने बताया कि कई बार पशुओ में डी हाईड्रेशन की कमी हो जा जाती है। कई बार पशु की खाल में झूरिया दिखाई देती है। पशु की खाल भी सूख जाती है। पशु हॉफना भी शुरू कर देता है। तापमान बढ? से इसका असर नर्वस सिस्टम पर भी पड़ता है, पशु चक्कर खाकर गिर भी सकता है। ऐसे में पशुओं के बचाने के लिए पशुपालकों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। उन्हें तुरंत प्रभाव से पशु चिकित्सालय में लाना चाहिए व स्वयं उपचार ने करके डॉक्टर की सलाह लेकर आगे बढ?ा चाहिए। पशु चिकित्सक ने बताया कि ने बताया कि धूप निकलने से पहले व देर रात पशु को नहलाए, दिन में 3-4 बार पानी पिलाए, पशुओं के लिए कूलर का प्रबंध करें, खेतों में रहने वाले पशुओं को अगर पेड़ के नीचे बांघते है तो आसपास सुबह उठते ही ठंडे पानी का छिडकाव करे, पशुओं को तूड़ा कम व हरा चारा अधिक दे।

# नाकाबंदी के दौरान बाइक चोर चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बलजीत नगर नाका के नजदीक नाला पटड़ी पर नाकाबंदी के दौरान एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रामनगर निवासी बजिंद्र के रूप में हुई है।
सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि मंगलवार को उनकी टीम बलजीत नगर नाका के पास गंदा नाला पटड़ी पर नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर नजर बनाए हुए थी।
इसी दौरान सामने से एक संदिग्ध किस्म का युवक स्पलेंडर बाइक पर सवार



होकर आया। पुलिस टीम ने बाइक को नाका पर रूकवाकर युवक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान बजिंद्र पुत्र जगदीश निवासी रामनगर के रूप में बताई।
बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। पुलिस टीम ने गहनता से पूछताछ की तो आरोपी ने उक्त बाइक 18 मई को देवी लाल पार्क के बाहर गेट के पास से चोरी करना स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में आदिल पुत्र सल्लूदिन निवासी गंगाराम कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।
प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह एल्डिको में सिक्योरिटी गार्ड की नोकर करता है और नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो आरोपी ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

# पिंकी देवी बनी बसपा जिला कार्यकारिणी सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।**
बहुजन समाज पार्टी जिला महेंद्रगढ़ ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता पिंकी देवी को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। बहुजन समाज पार्टी की नितियों व बसपा सुप्रीमो कुमारी मायावती से प्रभावित होकर जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया व प्रभारी अनिल तंवर के नेतृत्व में उन्होंने बहुजन समाज पार्टी में अपनी आस्था जताई। उन्होंने कहा कि वे पार्टी संगठन को मजबूत करने व उसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित



करने के लिए लगातार प्रयास करतीं रहेंगी व जल्द ही जिला महेंद्रगढ़ में महिलाओं को पार्टी में शामिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगी। पूरे केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का उन्होंने आभार प्रकट किया।

# जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने किया पीएम श्री स्कूलों का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**: जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना व जिला परियोजना संयोजक सुजाता खत्री ने पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दातौली व पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में उप जिला शिक्षा अधिकारी मंजू गर्ग, खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह, जिला सहायक परियोजना संयोजक डा. अतर सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। दातौली विद्यालय में सभी शिक्षक कक्षाओं में उपस्थित मिले। हर्बल गार्डन, लैब्स, कक्षा-कक्ष व सभी ग्रांट्स का सही उपयोग पाया गया। विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के लिए प्राचार्य विवेक शर्मा व स्टाफ को बधाई दी गई। वहीं, बेगा विद्यालय में कई खामियां पाई गईं।

# बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन ने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पंचायत मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में एसोसिएशन ने औद्योगिक क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए मुख्यमंत्री से समाधान की मांग की है। एसोएिसशन के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सीईटीपी ठीक से काम नहीं कर रहा है, जिससे 113 से अधिक उद्योगों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक बाहरी व्यक्ति द्वारा बार-बार एनजीटी में मामले दायर किए जा रहे हैं, जिससे



उद्योगपतियों में भय का माहौल बन गया है। एसोएिसशन ने एचएसआइआइडीसी से सीईटीपी के संचालन में जवाबदेही तय करने और उसे जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्रणाली में अपग्रेड करने की मांग की है। अमित गोयल ने बताया कि एचएसआइआइडीसी औद्योगिक प्लाट आवंटित करता है और निवेशक इकाई स्थापित करने के लिए निवेश करते हैं। इसके बाद प्रक्रिया प्रदूषण एनओसी, बिजली कनेक्शन और भूजल दोहन की अनुमति पर अटक जाती है। जिससे उद्योग समय पर शुरू नहीं हो पाता और उद्योगपति पर जुमार्ना लगाया जाता है।

# एक देश एक चुनाव से होगा सरकारी खजाने पर बोझ कम : अमित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एक राष्ट्र एक चुनाव पैदल तिरंगा यात्रा का एक राष्ट्र एक चुनाव समिति के जिला करनाल के सह संयोजक अमित आर्य ने फूल माला पहनाकर अभिनन्दन व स्वागत किया गया। इस अवसर पर यात्रा संयोजक हिन्दू राष्ट्र महासभा भारत हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नरसिंह गोहाना, हिन्दू राष्ट्र महासभा जिला अध्यक्ष सोनीपत कालू पंडित, अंकित सरखतल, विक्रम, यात्रा सह संयोजक शमशेर सिहं तूफान, बिजेंद्र, हरीश सभरवाल, राहुल,संदीप कुंडू, रवि, विक्रम सरोहा उपस्थित रहे।

# जनता की उम्मीद पर खरे नहीं उतर पाए सीएम:बलवान फौजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर के कॉलेज ग्राउंड में भाजपा की ओर से आयोजित धन्यवाद रैली पूरी तरह से नाकाम रही। प्रदेश के मुख्यमंत्री क्षेत्र के लोगों की अधिकांश मांगों को पूरा नहीं कर पाए। उपरोक्त बातें महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके बलवान फौजी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहीं। फौजी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने काफी ऐसी योजना परियोजनाओं का उद्घाटन किया है जिनका पहले से ही उद्घाटन हो चुका था। विधायक कंवर सिंह यादव सीएम के समक्ष क्षेत्र की मांगों को उठाने में पूरी तरह से नाकाम रहे। क्षेत्र के लोग लंबे समय से नारनौल को अलग जिला



बनाकर महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग करते आ रहे हैं। इस मांग को लेकर काफी बार धरना प्रदर्शन भी किया जा चुका है। लेकिन विधायक कंवर सिंह यादव ने क्षेत्र के लोगों की मांग को सीएम के सामने तक नहीं रखा। विधायक बनने से पहले कंवर सिंह यादव महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करने के पक्ष में थे। लेकिन विधायक बनने के बाद कंवर सिंह यादव स्वयं जिला मुख्यालय के मुद्दे को भूल चुके हैं। इसके अलावा रैली में आईएमटी जैसी बड़ी घोषणा का भी कोई जिक्र नहीं हुआ। क्षेत्र के लोग 7 वर्ष से आईएमटी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।
बलवान फौजी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने महेंद्रगढ़ में सब डिपो बनाने की घोषणा की है। से पहले भी दो मुख्यमंत्री महेंद्रगढ़ में बनाने की घोषणा कर चुके हैं। लेकिन एक दशक बीत जाने के बाद भी महेंद्रगढ़ में सब डिपो नहीं बन पाया है। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने महेंद्रगढ़ में सब डिपो बनाने की घोषणा की थी। गत वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केवल वर्कशॉप भवन का ही शिलान्यास किया गया। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी वर्कशॉप भवन में कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। ऐसे में क्षेत्र के लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि दक्षिण हरियाणा में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। 10 वर्ष के अपने कार्यकाल के दौरान भाजपा सरकार में महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लिए काफी बड़ी घोषणाएं की थी।
लेकिन आज तक एक भी परियोजना धरातल पर नहीं उत्तर पाई। उनका कहना है कि कहीं पहले की तरह की यह घोषणा भी कागजों तक सीमित न रह जाए।

# मैं जो भी कार्य करूं, ईमानदारी से करूं: पूनम कसाना



**टीम एक्शन इंडिया ।**
**लालचंद गुर्जर**
**"नांगल चौधरी** ।मैं भारतीय प्रशासनिक सेवा में आने पर अच्छा महसूस कर रही हूं। मेरी इच्छा है,मैं ईमानदारी से कार्य करूं।बड़ा न सही छोटा ही सही परंतु ढंग से कर सकूं। ताकि अच्छे से पूरा हो सके। मैं युवाओं से ज्यादा उनके माता-पिताओं से कहना चाहूंगी वे अपने बच्चों को पढ़ायें और अपनी लड़कियों को जरूर शिक्षित करें, ताकि देश की सेवा बढ़िया ढंग से कर सके।" उपरोक्त उद्गार हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा में 485 वां रैंक अर्जित कर आइएएस में चयनित पूनम कसाना ने अपने पिता के ननिहाल थनवास में अध्यापक विक्रम सिंह के यहां व्यक्त किये।वहां पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। तदोपरांत लुजोता गांव में भी आइएएस पूनम कसाना का फूलमालाओं से व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

# नगर पालिका चेयरमैन ने रोड निर्माण का काम रुकवाया, घटिया सामग्री इस्तेमाल हो रही थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** 11 हट्टा रोड पर चल रहे 2.81 करोड़ रुपए की लागत के सड़क निर्माण कार्य को नगर पालिका चेयरमैन ने घटिया सामग्री के इस्तेमाल के कारण तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। स्थानीय निवासियों की शिकायत पर पहुंचे नगरपालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने मौके का निरीक्षण कर कई गंभीर अनियमितताएं पाईं। एक दशक के इंतजार के बाद शुरू हुआ निर्माण कार्य अब रुक गया है। आरोप है कि निर्माण कार्य में नियमों को दरकिनार कर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सड़क जल्द ही फिर जर्जर हो सकती है। नगर पालिका चेयरमैन



रमेश सैनी ने कहा कि सड़क का ठेका किसी अन्य ठेकेदार को दिया गया था, लेकिन कार्य स्थानीय ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है, जिससे संभावित घोटाले की बू आ रही है। चेयरमैन ने बताया कि मिक्सिंग के लिए नियमानुसार फटउ प्लांट का उपयोग होना चाहिए था, लेकिन इसकी बजाय एक छोटी मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित अधिकारी फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं, जिससे निगरानी में कठिनाई हो रही है। चेयरमैन ने कहा नियमों के उल्लंघन के चलते हमने निर्माण कार्य रुकवा दिया है और उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी जाएगी।
पोल हटाने के लिए बिजली निगम को दिया 70 लाख का बजट
रमेश सैनी ने कहा कि सड़क के बीचों बीच लगे बिजली के पोल भी अब तक नहीं हटाए गए हैं। नगर पालिका को बिजली निगम द्वारा पोल और तारों को शिफ्ट करने के लिए 70 लाख रुपए का बजट सौंपा गया था। लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे न केवल सड़क की गुणवत्ता प्रभावित होगी, बल्कि भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहेगी। पूर्व में भी शहर की सड़कों की स्थिति खराब रही है। मसानी चौक से बालाजी चौक की सड़क कुछ ही महीनों में जर्जर हो गई थी, जिससे लोग आज भी परेशान हैं। नगरपालिका में स्थायी अधिकारियों की कमी भी इस अव्यवस्था का बड़ा कारण मानी जा रही है। टए का पद रिक्त है, जिससे तकनीकी निरीक्षण नहीं हो पा रहा है। चेयरमैन ने कहा कि जब तक निर्माण कार्य नियमों के अनुसार और उच्च गुणवत्ता के साथ नहीं किया जाएगा, तब तक कार्य नहीं शुरू करने दिया जाएगा। साथ ही दोषी एजेंसियों पर कार्रवाई कर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की भी सिफारिश की।

# गढ़ी झझारा राजकीय स्कूल के मेधावी छात्रों का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी झझारा का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मेधावी छात्रों के सम्मान में स्कूल में छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सतपाल राठी ने बताया कि विद्यालय के 57 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें सभी उत्तीर्ण हुए। नौ छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया, जबकि 30 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए। छात्रा शालू ने 422 अंकों के साथ प्रथम, रेनू ने 409 अंकों के साथ द्वितीय और तनीषा ने 406 अंकों




के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं और स्टाफ को बधाई दी। गांव गढ़ी झझारा के सरपंच प्रतिनिधि कमलनाथ और प्रमुख व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर और लड्डू खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक अनुपम रापड़िया, विजेंद्र लकड़ा, पूनम, सतबीर,संजय,अमित,सुदेश,सविता ,रविंद्र शास्त्री,हरीश कुमार,सूरजभान,अंकुर शर्मा, राजेश कुमार, पूजा, सुषमा, सुनील, विनय भारद्वाज सतीश वर्मा आदि मौजूद थे।

## मलेशिया मास्टर्स 2025 के मुख्य ड्रॉ में पहुंचे किदाम्बी श्रीकांत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** किदाम्बी श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में स्थान सुनिश्चित कर लिया है, लेकिन बाकी भारतीय शटलर एकल क्वालीफायर से आगे नहीं बढ़ सके और सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वापसी की राह पर चल रहे श्रीकांत ने पहले गेम में मिली हार से उबरते हुए अपने दूसरे क्वालीफाइंग पुरुष एकल मैच में चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 9-21, 21-12, 21-6 से हराया। 32 वर्षीय श्रीकांत 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता हैं। उन्होंने पहले दौर में एक अन्य ताइपे खिलाड़ी कुओ कुआन लिन को 21-8, 21-13 से हराया था। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी का मुख्य ड्रॉ में छठी वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी लू गुआंग ज़ू के रूप में चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी से सामना होगा। अन्य मैचों में थारुन मन्नेपल्ली को थाईलैंड के पैनिचाफोन तीरात्सकुल से 13-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन को चीन के झू झुआन चेन से 20-22, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा, दोनों ने ही क्वालीफिकेशन चरण में अपने अभियान समाप्त कर दिए। महिला एकल में अनमोल खरब को ताइपे की हंग यी-टिंग ने 14-21, 18-21 से हराया। मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की मिश्रित युगल जोड़ी भी मलेशियाई जोड़ी मिंग याप टू और ली यू शान से 15-21, 16-21 से हारकर बाहर हो गई। शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु और एचएस प्रणय बुधवार को 475,000 डॉलर इनामी इस प्रतियोगिता में अपने-अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## बीच कबड्डी को इंडोर कबड्डी से ज्यादा कठिन बनाती हैं खेल की परिस्थितियां और फार्मेट

**दीव।** बीच कबड्डी ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में एक स्थायी छाप छोड़ने की ओर अहम कदम बढ़ाया है। भारत में मैट पर खेले जाने वाले कबड्डी के लोकप्रिय रूप को दर्शकों का जबरदस्त समर्थन मिलता है और सालों पहले शुरू हुई एक प्रमुख प्रोफेशनल लीग भी इसकी लोकप्रियता को बढ़ा रही है। मैट कबड्डी के अलावा समुद्र तटों पर भी एक कबड्डी खेली जाती है, जिसे बीच कबड्डी कहा जाता है। पिछले साल जब दीव में बीच गेम्स का आयोजन हुआ था, तब भी बीच कबड्डी को इवेंट में शामिल किया गया था। घोघला बीच पर सभी आठ खेलों (जिसमें दो डेमो गेम भी शामिल हैं) के आयोजन की प्रभारी और वरिष्ठ कोच सिमरत गायकवाड़ का मानना है कि बीच कबड्डी के लिए यह बहुत रोमांचक समय है। उन्होंने कहा, यह एक नया प्रारूप है। खेलो इंडिया बीच गेम्स इस खेल को लोकप्रिय बनाने का बेहतरीन मंच है। दिल्ली की लड़कियों की कबड्डी टीम की कोच सुनीता को भी इस नए संस्करण से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा, यह एक पूरी तरह से अलग माहौल है। सुंदर समुद्र के किनारे खेलना एक अनोखा अनुभव है। कबड्डी तो वैसे ही भारत में काफी लोकप्रिय है। उम्मीद है कि खेलो इंडिया बीच गेम्स के माध्यम से बीच कबड्डी भी अपनी पहचान बनाएगी।

## आईपीएल 2025:मुंबई इंडियंस ने विल जैक्स की जगह जॉनी बेयरस्टो को चुना

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम मुंबई इंडियंस ने मौजूदा सत्र के शेष मैचों के लिए ऑलराउंडर विल जैक्स की जगह इंग्लिश विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को चुना है। जॉनी बेयरस्टो 5.25 करोड़ रुपये की कीमत पर टीम में शामिल होंगे। बेयरस्टो के अलावा, चारिथ असलांका और रिचर्ड ग्लीसन, कॉर्बिन बॉश और रयान रिकेल्टन की जगह लेंगे, जो राष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए रवाना होंगे। ग्लीसन को 1 करोड़ रुपये, जबकि असालांका को 75 लाख रुपये की कीमत पर शामिल किया जाएगा। इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बेयरस्टो 2019 में एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली राष्ट्रीय टीम का एक अभिन्न हिस्सा थे। बेयरस्टो के पास इंग्लैंड के लिए कुल 287 कैप हैं। असालांका वर्तमान में एकदिवसीय और टी20आई प्रारूपों में श्रीलंका के कप्तान हैं और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 134 बार देश का प्रतिनिधित्व किया है। इस बीच ग्लीसन ने इंग्लैंड के लिए छह टी20आई में भाग लिया है और डेथ ओवरों में अपने कौशल के लिए जाने जाते हैं।

## अभिषेक शर्मा के साथ तीखी बहस के बाद दिग्वेश राठी एक मैच के लिए निलंबित

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को छह विकेट से हरा दिया। इस मैच में एलएसजी के स्पिनर दिग्वेश राठी हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से भिड़ गए थे। आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने की वजह से अब उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। इससे दिग्वेश 22 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा दिग्वेश पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भी लगा है। आईपीएल द्वारा जारी बयान में बताया गया कि लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर सोमवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

# पीकेएल 2025: गुजरात जाइंट्स के जयवीर शर्मा बने नए हेड कोच

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 की प्लेयर ऑक्शन 31 मई से एक जून तक होने वाली है। इसके पहले, अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जाइंट्स ने नए सत्र के लिए रणनीतिक बदलाव करते हुए अपनी कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया है। जयवीर शर्मा को गुजरात जाइंट्स का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है, जबकि वरिंदर सिंह संधू असिस्टेंट कोच की भूमिका निभाएंगे। तीन दशकों से अधिक अनुभव वाले जयवीर भारतीय कबड्डी के सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। वह चैंपियनशिप जीतने वाले कोच हैं और उनके पास शानदार रिकॉर्ड के साथ गहन तकनीकी समझ भी है। 1992 से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के साथ काम कर रहे जयवीर ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के करियर



को आकार दिया है। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने एशियाई खेलों, कबड्डी वर्ल्ड कप और कई बड़े टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीते हैं। जयवीर शर्मा ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी एक बयान में कहा, गुजरात जाइंट्स का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मैं टीम में एक निडर और विनम्र सोच विकसित करना चाहता हूं, ताकि हम पीकेएल में सबसे मजबूत दावेदार बन सकें। अदानी स्पोर्ट्सलाइन का धन्यवाद, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और यह अवसर दिया। मैं ऑक्शन और टीम बनाने के लिए उत्सुक हूं।

2017 से पीकेएल में खेल रही गुजरात जाइंट्स ने कई सितारों जैसे रोहित गुलिया, सचिन तंवर, सुनील कुमार, परवेश भैंसवाल और पवन सहरावत को निखारा है, जो लीग के अहम खिलाड़ी बन गए हैं। गुजरात जाइंट्स को युवा कोचिंग टैलेंट को मौका देने का भी गर्व है। इसका उदाहरण है मनप्रीत सिंह, जो अब तक पीकेएल के सबसे सफल कोचों में से एक हैं। इस परंपरा को जारी रखते हुए वरिंदर संधू को टीम में शामिल किया गया है। वरिंदर के पास 17 साल भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा का अनुभव है। वे नेतृत्व, अनुशासन और आधुनिक तकनीकी कौशल लेकर आए हैं। वरिंदर जयवीर के मार्गदर्शन में पीकेएलकी दुनिया में कदम रखेंगे।वरिंदर भारतीय महिला कबड्डी टीम के हेड कोच रह चुके हैं और 19वें एशियाई खेल 2023 (हांग्जो, चीन) और 6वें एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2025 (ईरान) में कई ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीताए हैं। उन्होंने पंजाब राज्य टीम और भारतीय वायु सेना को भी नेशनल गेम्स 2023 और 2025 में कोचिंग दी है वरिंदर ने कहा, गुजरात जाइंट्स परिवार का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं।

## मलेशिया मास्टर्स 2025: प्रणय और करुणाकरण दूसरे दौर में, सिंधु बाहर



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 में भारत के एच.एस. प्रणय और सतीश करुणाकरण ने शानदार जीत दर्ज करते हुए पुरुष सिंगल्स के दूसरे दौर में जगह बना ली है। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु का सफर पहले ही दौर में समाप्त हो गया। प्रणय ने दिन की शुरुआत करते हुए जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो को कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। यह मैच एक घंटे 22 मिनट तक चला। इसके बाद सतीश करुणाकरण ने भी बड़ा उलटफेर करते हुए ताइवान के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन को सिर्फ 39 मिनट में 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। पुरुष खिलाड़ियों के लिए यह दिन शानदार रहा, क्योंकि भारत के युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने भी ब्रायन यांग (कनाडा) को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, महिला एकल में पी.वी. सिंधु का खराब फॉर्म जारी रहा। वह सुपर 500 श्रेणी के इस टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह के खिलाफ 11-21, 21-14, 15-21 से हारकर बाहर हो गईं।

## केविन डी ब्रुएने को मैनचेस्टर सिटी का खास सम्मान, अकादमी में बना मोज़ेक और सड़क का नाम किया समर्पित

**एजेंसी**

**लंदन।** मैनचेस्टर सिटी ने अपने दिग्गज मिडफील्डर केविन डी ब्रुएने को एक यादगार सम्मान देते हुए सिटी फुटबॉल अकादमी में उनका एक भव्य मोज़ेक स्थापित किया है और अकादमी से फर्स्ट टीम सेंटर को जोड़ने वाली सड़क का नाम 'केविन डी ब्रुएने क्रेसेंट' रखा है। डी ब्रुएने को यह सम्मान क्लब के चेयरमैन खलदून अल मुबारक ने व्यक्तिगत रूप से सौंपा। ट्रेनिंग पिच के पास लगाए गए इस मोज़ेक में डी ब्रुएने का एक जश्न मनाने वाला पोज दर्शाया गया है। इसे मैनचेस्टर के स्थानीय कलाकार और क्लब समर्थक मार्क कैनेडी ने तैयार किया है। यह स्मृति-चिन्ह क्लब के महान खिलाड़ियों–याया टूर, जो हार्ट, डेविड सिल्वा, विंसेंट कंपनी, सर्जियो एगुएरो, फर्नांडिन्हो और इल्काय गुंडोगन–को पहले दिए गए सम्मानों की श्रृंखला में नया नाम है।

**क्लब छोड़ने से पहले अंतिम घरेलू मुकाबला**

केविन डी ब्रुएने ने बोरनमाउथ के खिलाफ एतिहाद स्टेडियम में अपना अंतिम घरेलू मुकाबला खेला। जून में अनुबंध समाप्त होने के बाद वह क्लब को अलविदा कहेंगे।

**गौरवशाली रहा 10 साल का सफर**

2015 में जर्मन क्लब



वोल्फ्सबर्ग से सिटी से जुड़ने के बाद डी ब्रुएने ने क्लब के लिए 420 मैचों में 108 गोल किए। 33 वर्षीय इस बेल्जियम मिडफील्डर ने अपने दशक लंबे कार्यकाल में सिटी के सबसे सफल खिलाड़ी का दर्जा प्राप्त किया। उन्होंने क्लब को छह प्रीमियर लीग खिताब, दो एफए कप, पांच लीग कप, एक चैंपियंस लीग, एक सुपर कप और एक क्लब वर्ल्ड कप दिलाया। डी ब्रुएने को मिला यह विशेष सम्मान उनके योगदान को सदा के लिए क्लब इतिहास में दर्ज कर गया है।

## पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उतरेंगी भारतीय महिला बॉक्सर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार भारतीय महिला मुक्केबाज़ अंतरराष्ट्रीय रिंग में उतरने के लिए तैयार हैं। भारतीय बॉक्सर दो बड़े टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हिस्सा लेंगी। थाईलैंड ओपन 24 मई से बैंकॉक में खेला जाएगा, जबकि वर्ल्ड बॉक्सिंग कप का आयोजन 30 जून से अस्ताना, कज़ाखस्तान में किया जाएगा।

**थाईलैंड ओपन में उतरेंगी रजत पदक विजेता, वर्ल्ड कप में दिखेंगी राष्ट्रीय चैंपियन**

भारतीय बॉक्सिंग फेडरेशन (बीएफआई) की नई चयन नीति के अनुसार, वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में राष्ट्रीय चैंपियन उतरेंगी, जबकि थाईलैंड ओपन में रजत पदक विजेताओं को मौका मिलेगा। यह चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला दोनों वर्गों पर समान रूप से लागू की गई है।

**पिछले एक साल में चूके कई अहम टूर्नामेंट**

ओलंपिक साइकिल के दौरान बीएफआई के राष्ट्रीय कैंप्स में देरी और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप को कई बार स्थगित किए जाने के चलते भारतीय मुक्केबाज़ों को एशियन चैंपियनशिप और स्ट्रैंडजा मेमोरियल



जैसे अहम टूर्नामेंटों से बाहर रहना पड़ा। पुरुष बॉक्सर्स ने अप्रैल में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के ज़रिए वापसी कर ली थी, लेकिन महिलाओं के राष्ट्रीय मुकाबले मार्च के अंत में आयोजित होने के कारण उन्हें देर से मौका मिला।

**फिलहाल वर्ल्ड बॉक्सिंग की अंतरिम समिति के अधीन है भारतीय बॉक्सिंग**

बीएफआई के चुनाव फिलहाल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हैं। ऐसे में विश्व बॉक्सिंग संस्था द्वारा गठित अंतरिम समिति भारतीय मुक्केबाज़ी से जुड़ी सभी गतिविधियों का संचालन कर रही है। भारतीय महिला बॉक्सर्स की यह वापसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके लिए एक अहम अवसर होगी, जहां वे अपने कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन कर सकेंगी।

# आयरलैंड को झटका, वेस्टइंडीज वनडे सीरीज से बाहर हुए क्रेग यंग और कर्टिस कैंफर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ 21 मई से डबलिन में शुरू हो रही वनडे सीरीज से पहले आयरलैंड टीम को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज क्रेग यंग और ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर चोटिल होकर सीरीज से बाहर हो गए हैं। दोनों की जगह युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। यंग की जगह जॉर्डन नील और कैंफर की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज स्टीफन डोहेनी को टीम में शामिल किया गया है। क्रेग यंग को यह चोट इंटर-प्रोविंशियल कप के एक मुकाबले में लगी थी जब वे नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स की ओर से खेलते हुए अपना नौंवा



ओवर पूरा नहीं कर सके। उन्होंने 8.5 ओवर में 49 रन देकर 1 विकेट लिया और आखिरी गेंद पर बैरी मैकार्थी को आउट किया। वहीं, कर्टिस कैंफर की चोट हाल ही में नेट अभ्यास के दौरान लगी। बल्लेबाजी करते समय उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया, जिससे वे सीरीज से बाहर हो गए। आयरलैंड के मुख्य चयनकर्ता एंड्रयू व्हाइट ने कहा, हमारे पास अब एक लंबी चोटिल खिलाड़ियों की सूची है, जिसमें मार्क अडायर, ग्राहम ह्यूम, क्रेग यंग, फियॉन हैंड और कर्टिस कैंफर शामिल हैं। यह सीरीज हमारे खिलाड़ियों की गहराई की परीक्षा होगी, लेकिन यह युवाओं के लिए मौका भी है कि वे विश्वस्तरीय टीम के खिलाफ खुद को साबित करें।

**स्टर्लिंग ने कहा—यह युवा खिलाड़ियों के लिए मौका**

कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने भी इसे सकारात्मक रूप से देखा। उन्होंने कहा, खेल में चोटें लगती हैं, लेकिन इससे नए खिलाड़ियों को थोड़ा पहले ही मौका मिल जाएगा। ज्यादा खिलाड़ियों को अनुभव मिलना भविष्य के लिए फायदेमंद रहेगा। स्टीफन डोहेनी ने हाल ही में मुनस्टर रेड्स की ओर से नॉर्दर्न नाइट्स के खिलाफ घरेलू वनडे टूर्नामेंट में शतक जड़ा था। उनके पास 11 वनडे और 3 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव है। वहीं, 19 वर्षीय जॉर्डन नील इस सीरीज के लिए शामिल किए गए चौथे अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए हैं।

## इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप में अफ्रीकन लायंस की कमान संभालेंगे हर्शल गिब्स

**एजेंसी**

**ग्रेटर नोएडा।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बार फिर से रोमांचक क्षण दस्तक देने जा रहे हैं। 27 मई से लेकर 05 जून तक ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने जा रही इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) में दिग्गज क्रिकेट सितारे एक बार फिर मैदान में उतरेंगे। इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तूफानी सलामी बल्लेबाज हर्शल गिब्स अफ्रीकी टीम 'अफ्रीकन लायंस' की अगुवाई करेंगे। अफ्रीकन लायंस फ्रेंचाइजी का स्वामित्व एलीट स्ट्राइक स्पोर्ट्स एलएलपी के पास है, जो जमीनी स्तर पर खेलों को प्रोत्साहन देने और वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए पहचानी जाती है। टीम मालिक कृष्णा शेट्टी ने गिब्स के चयन पर कहा, हमें हर्शल गिब्स का स्वागत करते हुए गर्व है। उनका अनुभव और आक्रामक सोच न केवल टीम को मजबूती देगी बल्कि अफ्रीकी युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगी। इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप की स्थापना क्रिकेट के दिग्गजों को एक मंच पर लाने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का रंग भरने के उद्देश्य से की गई है। टूर्नामेंट के संस्थापक और निदेशक गौरव कमल ने कहा, अफ्रीकन लायंस की भागीदारी से प्रतियोगिता में नई ऊर्जा का संचार होगा। यह चैंपियनशिप केवल खेल नहीं, बल्कि संस्कृतियों और महाद्वीपों को जोड़ने वाला पुल साबित होगी। टूर्नामेंट में छह महाद्वीपों की टीमें प्रतिभाग करेंगी और इनके बीच 18 मुकाबले खेले जाएंगे।

# केकेआर ने आईपीएल के अतिरिक्त समय नियम पर उठाए सवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष लीग मुकाबलों के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय देने के फैसले को अस्थायी और असंगत बताते हुए डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कहा है कि अगर यह प्रावधान टूर्नामेंट के दोबारा शुरू होते ही लागू कर दिया जाता, तो शायद वे अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में बने रहते। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने यह फैसला किया कि अब शेष बचे नौ लीग मुकाबलों में बारिश के कारण बाधित मैचों को पूरा करने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। पहले केवल एक घंटे का अतिरिक्त समय ही उपलब्ध था, जबकि प्लेऑफ के मुकाबलों में पहले से ही दो घंटे का रिजर्व समय रखा गया था। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार,आईपीएल के सीओओ हेमांग अमीन ने सभी 10



फ्रेंचाइज़ियों को भेजे गए ईमेल में बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि मानसून के जल्दी आने से कई मैच बारिश की चपेट में आने की संभावना है। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने इस ईमेल के जवाब में नियम में बदलाव के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह नियम आईपीएल के फिर से शुरू होने के साथ ही लागू किया जाना चाहिए था। उन्होंने लिखा, हालांकि इन परिस्थितियों में बीच सीज़न में नियम बदलना ज़रूरी हो सकता है, लेकिन इन बदलावों में निरंतरता की उम्मीद की जाती है। 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुआ मुकाबला आईपीएल के फिर से शुरू होने के बाद पहला मैच था। यह मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाना था, लेकिन लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी और दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। मैच की कट-ऑफ टाइमिंग 10:56 PM थी, लेकिन बारिश नहीं रुकने के कारण मुकाबला 10:26 PM पर ही रद्द घोषित कर दिया गया। इस मैच के रद्द होने से केकेआर की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, वेंकी मैसूर ने लिखा, अगर उस वक्त यह अतिरिक्त 120 मिनट का नियम लागू होता, तो शायद कम से कम 5 ओवर प्रति टीम का मुकाबला खेला जा सकता था।

## इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने गाजीपुर मंडल को हराया

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने गाजीपुर मंडल को की टीम को तीसरी गौर हरी सिंघानिया राज्य महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच में 133 रन से हरा दिया। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर के कमला क्लब मैदान पर खेले गए मैच में एसीए ने 35 ओवर में 8 विकेट पर 195 रन (खुशी 38 नाबाद, प्रीति यादव 36, शालिनी सिंह 35, भार्गवी पांडेय 21 नाबाद, गरिमा 2-23, अनामिका यादव, अनीता यादव, श्वेता यादव, रिदिमा यादव एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में गाजीपुर मंडल की टीम 25.3 ओवर में 162 रन (प्रीता यादव 32, भार्गवी पांडेय 3-15, कात्यायनी पाठक 2-04, शालिनी सिंह व राधा पांडेय एक-एक विकेट) बना लिये।

## जीत के साथ राजस्थान ने खत्म किया अपना आईपीएल 2025 का सफर, चेन्नई को 6 विकेट से दी मात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अपने अंतिम लीग मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 6 विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही राजस्थान ने टूर्नामेंट से विजयी विदाई ली। अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाए। चेन्नई की ओर से डेवाल्ड ब्रेविस ने 42, आयुष म्हात्रे ने 43 और शिवम दुबे ने 39 रन की उल्लेखनीय पारियां खेलीं। अनुभवी कप्तान एमएस धोनी ने 17 गेंदों में 16 रन बनाए और टी-20 क्रिकेट में अपने 350 छक्के पूरे किए।

राजस्थान की गेंदबाजी में युद्धवीर सिंह और आकाश मधवाल ने घातक प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट अपने नाम किए। जबकि तुषार देशपांडे और वनिंदु हसरंगा को एक-एक विकेट मिला। राजस्थान की पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल ने तेज गति से की और 19 गेंदों में 36 रन बनाकर वो आउट हो गए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी (57 रन) और कप्तान संजू सैमसन (41 रन) के बीच 98 रन की अहम साझेदारी हुई। इन दोनों का विकेट रविचंद्रन अश्विन को मिला। आखिर में ध्रुव जुरेल 31 और शिमरॉन हेटमेयर 12 रन बनाकर नाबाद रहे। आखिरी ओवर में मथीशा पथिराना की गेंद पर छक्का



लगाकर जुरेल ने टीम को जीत दिलाई। चेन्नई की ओर से आर. अश्विन ने दो विकेट चटकाए, जबकि अंशुल कम्बोज और नूर अहमद को एक-एक सफलता मिली।

# एमीटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन और हॉकी इंडिया के बीच ऐतिहासिक समझौता, अब खेल के साथ उच्च शिक्षा भी कर सकेंगे खिलाड़ी

**एजेंसी**

**नोएडा।** हॉकी इंडिया के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर, जिसे पूरे देश में हॉकी डे के रूप में मनाया गया, एमीटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन (एयूओ) और हॉकी इंडिया ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस करार का उद्देश्य देशभर के अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तर के हॉकी खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे खेल और शिक्षा दोनों में संतुलन स्थापित कर सकें।

इस साझेदारी के तहत एमीटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन खिलाड़ियों को विशेष शैक्षणिक छात्रवृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत 100 फीसदी तक की छात्रवृत्ति प्रदान करेगी, जिसे चैम्प्स (सेलीब्रेटिंग हीरोज विद एमिटी मेरिट प्रोग्राम स्कॉलरशिप) नाम दिया गया है। इसके अलावा, सभी खिलाड़ियों को तीन महीने का मुफ्त स्पोर्ट्स साइकोलॉजी सर्टिफिकेट कोर्स भी मिलेगा, जिससे वे मानसिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकें। इस अवसर पर, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे और डिफेंडर ज्योति को एमीटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन में क्रमशः बी.ए. (समाजशास्त्र) और एमबीए (मार्केटिंग) कार्यक्रमों में नामांकित किया गया। ये दोनों खिलाड़ी इस पहल की पहली लाभार्थी बनीं।सलीमा टेटे ने भावुक होकर कहा, हॉकी के चलते मुझे पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ी थी, लेकिन



अब यह अवसर मुझे बिना खेल छोड़े शिक्षा पूरी करने का मार्ग प्रदान करता है। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है और अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा। ज्योति ने कहा, ऑनलाइन फॉर्मेट हमें प्रशिक्षण के बीच पढ़ाई करने का लचीलापन देता है। मैं अपने खेल और शिक्षा दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ने को लेकर उत्साहित हूं। एमीटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन के चेयरमैन अजीत चौहान ने कहा, हम मानते हैं कि शिक्षा परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। यह पहल केवल शिक्षा की नहीं, बल्कि खिलाड़ियों को मैदान के बाहर भी सशक्त बनाने की है। खासकर ग्रामीण और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले खिलाड़ियों के लिए यह एक नया जीवन प्रारंभ करने जैसा अवसर है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, हमारे कई खिलाड़ी, विशेष रूप से महिलाएं, 12वीं के बाद शिक्षा रोक देती हैं। अब वे खेल के साथ-साथ अपनी पढ़ाई भी पूरी कर पाएंगी। महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने इसे जीवन बदलने वाली पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम खिलाड़ियों के जीवन में खेल और शिक्षा दोनों को एक साथ आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करता है। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय हॉकी इंडिया के सभी खिलाड़ियों के लिए खुला है। इसमें बीकॉम, बीएससी, एमबीए और कई अन्य स्नातक व परास्नातक कार्यक्रम शामिल हैं।

## न्यूज़ फ्लैश

### एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड का आईपीओ 26 मई को खुलेगा



नोएडा। एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड (एडीटीएल या कंपनी) इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव सोमवार, 26 मई, 2025 को खोलेगी। एंकर निवेशक बोली की तिथि शुक्रवार 23 मई, 2025 होगी। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए सोमवार, 26 मई, 2025 को खुलेगा और बुधवार, 28 मई, 2025 को बंद होगा।.

ऑफर का मूल्य बैंड रु 223 से रु 235 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 63 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 63 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। रु 10 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का कुल ऑफर आकार रु 28,000 मिलियन [रु 2,800 करोड़] तक है, जिसमें केवल जारी किए गए शेयरों की इक्विटी का नया इश्यू शामिल है। (कुल ऑफर आकार) कंपनी इस निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है - कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के सभी या कुछ भाग का पुनर्भुगतान या पूर्वभुगतान, जो अनुमानित रूप से रु 20,159.5 मिलियन [रु 2,015.95 करोड़] है; मैंगलोर में क्रायोजेनिक एलपीजी टर्मिनल के अनुबंधित अधिग्रहण के लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण, जो अनुमानित रूप से रु 6,713 मिलियन [रु 671.30 करोड़] है; और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए। इक्विटी शेयरों की पेशकश कंपनी के 20 मई, 2025 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से की जा रही है, जो रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, गुजरात अहमदाबाद (आरओसी) के पास दाखिल किया गया है और इन्हें बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

### श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड की आईपीओ 26 मई को खुलेगा



नोएडा। श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड (कंपनी या ब्रांड द लीला) सोमवार, 26 मई, 2025 को रु 10 प्रत्येक अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों (इक्विटी शेयर) की कुल रु 35,000 मिलियन (रु 3,500 करोड़) तक की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (ऑफर) खोलने का प्रस्ताव करती है।

इस ऑफर में कुल 25,000 मिलियन (रु 2,500 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का एक नया निर्गम (ताजा निर्गम) और विक्रेता शेयरधारक - प्रोजेक्ट बैलेट बैंगलोर होल्डिंग्स (डीआईएफसी) प्राइवेट लिमिटेड (प्रमोटर विक्रेता शेयरधारक) द्वारा कुल रु10,000 मिलियन (रु 1,000 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमन के विनियमन 31 के साथ पढ़े गए एससीआरआर के नियम 19(2)(बी) के अनुसार दिया जा रहा है। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमन के विनियमन 6(2) के अनुपालन में बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से दिया जा रहा है, जिसमें ऑफर का कम से कम 75% हिस्सा आनुपातिक आधार पर योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) (क्यूआईबी हिस्सा) को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि हमारी कंपनी बुक रनिंग लीड मैनेजर्स के परामर्श से, विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी हिस्से का 60% तक आवंटित कर सकती है (एंकर निवेशक हिस्सा), जिसमें से एक तिहाई घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि घरेलू म्यूचुअल फंड से एंकर निवेशकों को इक्विटी शेयरों के आवंटन की कीमत पर या उससे अधिक पर वैध बोलियां प्राप्त हों। एंकर निवेशक हिस्से में कम-सब्सक्रिप्शन या गैर-आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी हिस्से (एंकर निवेशक हिस्से को छोड़कर) (नेट क्यूआईबी हिस्सा) में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, नेट क्यूआईबी हिस्से का 5% हिस्सा केवल म्यूचुअल फंड को आनुपातिक आधार पर आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा और नेट क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा म्यूचुअल फंड सहित सभी क्यूआईबी को आनुपातिक आधार पर आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि ऑफर मूल्य पर या उससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों। यदि ऑफर का कम से कम 75% हिस्सा क्यूआईबी को आवंटित नहीं किया जा सकता है, तो पूरा आवेदन पैसा तुरंत वापस कर दिया जाएगा।

# चौमुहां में निकाली गई तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति के जयकारे

**तिरंगा यात्रा**

**कस्बा चौमुहां में भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बुधवार को कस्बा चौमुहां में भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा शहीद कालीचरण के स्मारक से शुरू होकर कस्बा की विभिन्न गली और मोहल्लों से होकर शहीद स्मारक पर पहुंची। यात्रा में शामिल विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद कालीचरण की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय ने कहा कि पूरे देश में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया जा रहा है। देश के सैनिकों ने आतंकवाद को करारा जवाब दिया है । सीमा के उन प्रहरियों का हौसला बढ़ाने के लिए जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। नरदेव चौधरी ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस ने पाकिस्तान के घुसकर आंतक का सफाया किया है । सेना की इस बहादुरी के लिए आज पूरा देश सलाम कर रहा है । आतंकवाद के खिलाफ जिस तरह पूरे भारतवर्ष के राजनैतिक दलों ने अपनी सेना और सरकार पर जो भरोसा जताया है ये उसी का परिणाम है कि आज पूरे देश मे विजय जुलूस निकाले जा रहे हैं । कहा कि देश की तीनों सेनाएं इतनी सक्षम है कि वह किसी भी देश के घर में घुसकर आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दे सकती है । भाजपा नेता पंडित शोभाराम शर्मा ने कहा कि कस्बा के लोगों में पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ भारी आक्रोश है । हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी घटना का भारत ने करारा जवाब दिया है । ऑपरेशन सिंदूर भारत की सुरक्षा एजेंसियों का एक सशक्त जवाब है ।

## निजी फाइनेंस कंपनियों की ठगी के शिकार लोगों ने किया प्रदर्शन



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

आज विभिन्न निजी फाइनेंस कंपनियों में धनराशि जमा करने वाले उपभोक्ताओं व एजेंटों ने आज जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करके जमा की गई धनराशि उक्त कंपनियों से वापस दिलाने और लोगों को गुमराह करके ठगी करने वाली कंपनियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की। इसके बाद इन लोगों ने राष्ट्रपति केनाम जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन करने वालों में ठगी पीड़ित परिवार संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम देव गौतम, संयोजक मदन लाल आजाद, डॉ. राधारमन गोला आगरा, लक्ष्मण सह सैनी, राजवीर सिंह, लायक राम, राजजीत सिंह, भगवान सिंह, जवाहर लाल सैनी, प्रभाकर शर्मा, लाखन सिंह, कुसुम देवी, ओमप्रकाश, रामकिशन, ओमवीर गोला, राहुल, माया, मीरा, रिंकू, प्रेम देवी, लीला, किरन देई, राजकुमारी आदि थे।

## डीएम से गंगा दशहरा पर बेहतर व्यवस्था की मांग की



**लोकेश चौधरी /टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह से बुधवार को उनके कार्यालय में मिला। इस बार पांच जून को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है। व्यवस्था कराने के संबंध में ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाधिकारी ने पांच जून से पहले सभी व्यवस्थाएं यमुना किनारे संबंधित विभागों से पूर्ण करा दी जाएंगी। डीएम ने बताया कि 22 जून को शाम चार बजे गंगा दशहरा की व्यवस्थाओं के संबंध में एक आवश्यक बैठक प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही है। इसमें परिषद का प्रतिनिधि को भी उपस्थित होने को कहा। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष संजय चतुर्वेदी एल्पाइन, संजय चतुर्वेदी मंत्री, नीरज चतुर्वेदी मंत्री, संजीव चतुर्वेदी एडवोकेट,गोपाल चतुर्वेदी एडवोकेट आदि यमुना भक्तों ने भाग लिया।

## चोरी के वाहनों को खोलकर पुर्जा पुर्जा बेच डालते थे शातिर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना गोविन्दनगर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। यह दो पहिया वाहनों को चारी कर उनके कलपुर्जे निकाल कर बेच देता था। इसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, दो एक्टिवा स्कूटी व एक कटी हुई स्कूटी बरामद की गई है। मोटरसाईकिल के पुर्जे व मोटरसाईकिल को खोलने बांधने के उपकरण बरामद किये हैं। बुधवार को एसआई अरूण कुमार त्यागी (चौकी प्रभारी बिरला मंदिर) द्वारा मय टीम के शातिर वाहन चोर आदिल उर्फ रोहित पुत्र नूरबख्श अब्बासी निवासी नई मस्जिद के पास राधेश्याम कालोनी थाना गोविन्दनगर जनपद मथुरा उम्र करीब 22 वर्ष को महाराजा सैनी स्कूल के गेट के पास थाना गोविन्दनगर से गिरफ्तार किया।

## शिव मंदिर गुप्ता कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रीकृष्ण लीलाओं का हुआ सुंदर वर्णन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, (संतोष गर्ग)।**



पलवल जिले की गुप्ता कॉलोनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा का आयोजन भव्य रूप से जारी है। कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। व्यास पीठ पर विराजमान पूज्य व्यास जी वासुदेव श्री कृष्ण जी महाराज की बाल लीलाओं का हृदयस्पर्शी एवं आध्यात्मिक वर्णन किया। व्यास जी ने श्रीकृष्ण जन्म के रहस्य, कारागार से नंद बाबा के घर तक आगमन, पूतना वध, शकटासुर मर्दन, यशोदा माता द्वारा श्रीकृष्ण के मुख में ब्रह्मांड के दर्शन जैसे दिव्य प्रसंगों को श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं केवल चमत्कार नहीं हैं, बल्कि उनमें मानव जीवन को दिशा देने वाला संदेश छिपा है। श्रीकृष्ण का प्रत्येक कार्य धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए होता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भजन, कीर्तन और संकीर्तन में लीन दिखाई दिए। कथा स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था और व्यवस्था के लिए स्वयंसेवक लगातार सक्रिय रहे। पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर रहा।

मुख्य यजमान के रूप में पंडित आकाश आचार्य (पुत्र श्री नेकराम पाठक) सहित रामप्रसाद भगत, लालाराम पाठक, लवकुश पाठक, हरिओम पाठक, नंदकिशोर, मनवीर यादव एवं अन्य श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर व्यास पीठ का पूजन किया और कथा का आरंभ कराया। यजमानों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। आयोजकों ने बताया कि यह भागवत कथा सप्ताह सात दिनों तक चलेगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 7 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा।

## जिला में आगामी 15 जून को होंगे पंचायती राज उप चुनाव: निर्वाचन अधिकारी

**चुनाव**

**-सरपंच पद के लिए ब्लॉक इंद्री के अंतर्गत आने वाले रोजकामेव व नवाबगढ़ गांव में चुनाव होने हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना/मनीष आहूजा**

जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिले में मध्यवर्ती पंचायत राज उप चुनाव रविवार 15 जून 2025 को कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला में एक पार्षद, 12 सरपंच व 54 पंच पदों पर पंचायती उपचुनाव करवाए जाएंगे। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनावों हेतु विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा हरियाणा पंचायती राज चुनाव नियम, 1994 की धारा 24 के अंतर्गत प्रपत्र 2 या 3 में नामांकन आमंत्रित करने हेतु अधिसूचना दिनांक 19 मई 2025 को प्रकाशित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पार्षद पद के लिए खर्च की सीमा 6 लाख रुपए है और सरपंच पद के लिए खर्च सीमा दो लाख रुपए है तथा पंच पद के लिए खर्च सीमा 50000 रुपए तय की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिला परिषद के वार्ड नंबर 17 के पार्षद के लिए चुनाव होगा। वार्ड नंबर 17 में मोहम्मदाबाद, नसीराबाद, नावली हीरवाड़ी, बागोला, मधापुर, रानियाली, रवा, साकरस भाई खेड़ा, गुजर नगला, शेखपुर व महूं गांव शामिल हैं। सरपंच पद के लिए ब्लॉक इंदरी के अंतर्गत आने वाले रोजकामेव व नवाबगढ़ गांव में चुनाव होने हैं। उपमंडल तावडू के अंतर्गत आने वाले गांव चीला, सालहाका, डालावास व भाजलाका गांव में उपचुनाव होने हैं। उप मंडल फिजियो फिरोजपुर झिरका के गांव हीरवाड़ी बावनथेड़ी गांव में उपचुनाव होने हैं। उप मंडल पुन्हाना के अंतर्गत आने वाले डुडोली, बढ़ाई व भूरियाकी गांव में उपचुनाव होने हैं। ब्लॉक पिनग्वा के अंतर्गत आने वाले जालिका व चादंड़ाका गांव में उपचुनाव होने हैं।

इसके अतिरिक्त पंच पद के लिए उप मंडल नूंह के वार्ड नंबर 13 के अंतर्गत आने वाले गांव बडवा, धांदुका, फल्ला चंदैनी, मरोड़ा, देवला नंगली ,बड़का, अलीमुद्दीन व कोटला गांव के उपचुनाव होने हैं। ब्लॉक इंद्री के वार्ड नंबर 4 अंतर्गत आने वाले गांव खानपुर, खेड़ली कंकर, माछरौली व कुरथला गांव के उपचुनाव होने हैं। उपमंडल तावडू के वार्ड नंबर 15 के अंतर्गत आने वाले गांव सालहाका, भोगोह, डाडू, धूलावट, जलालपुर सोहना, झामुवास, कलरपुरी, खोरी खुर्द, मालहाका,सुनारी,सराय, शिकारपुर, जाफराबाद व शीलको गांव के उपचुनाव चुनाव होने हैं। ब्लॉक नगीना के वार्ड नंबर 3 के अंतर्गत आने वाले गांव गंडूरी, मोहम्मद नगर व उमरी गांव के उपचुनाव होने हैं। उपमंडल फिरोजपुर झिरका के वार्ड नंबर 8 के अंतर्गत आने वाले गांव बांसखेड़ा, हीरवाड़ी बावनथेड़ी, मोहम्मदाबाद पोल व रानयाली गांव के उपचुनाव चुनाव होने हैं।

## पलवल: मुठभेड़ के बाद हत्यारोपी बदमाश गिरफ्तार



**पलवल, (संतोष गर्ग)।**
**टीम एक्शन इंडिया**

पलवल पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक इनामी बदमाश राजू को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में बदमाश के पांव में गोली लगी है। पुलिस को उसकी तलाश औरंगाबाद गांव में हुए सुनील हत्याकांड को लेकर थी। बाद में राजू की निशानदेही पर उसके साथी मोहनलाल को यूपी के मथुरा जिले के कीठम गांव से गिरफ्तार किया गया। सीआईए प्रभारी पीएसआई दीपक गुलिया ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि घटना 24 मार्च की शाम की है। मितरोल गांव निवासी रणजीत सिंह ने बताया कि वह दीघोट रोड पर अपने मकान में परिवार के साथ मौजूद थे।उन्होंने गोली चलने की आवाज सुनी। बाहर देखा तो मितरोल गांव का सुनील उनके घर की तरफ भाग रहा था। उसके पीछे दो युवक गोलियां चला रहे थे। इनमें से एक मितरोल गांव का राजू था। सुनील जान बचाने के लिए रणजीत के घर में घुस गया। आरोपी भी पीछे आ गए और सुनील को गोलियों से मार दिया। पुलिस ने 28 मार्च को इस मामले में मितरोल गांव के नरेश को गिरफ्तार किया। उसने पुरानी रंजिश में हत्या की बात कबूल की। 21 अप्रैल को मुख्य आरोपी राजू को पकड़ा गया। राजू पर हत्या, हत्या के प्रयास और रंगदारी के करीब 30 मामले दर्ज हैं। अधिकतर मामलों में पीओ घोषित है।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च किया ऑल-न्यू X-ADV

**करनाल।** प्रीमियम टू-व्हीलर सेगमेंट में अपनी पकड़ को और मजबूत करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज ऑल-न्यू X-ADV को लॉन्च किया है। यह गाड़ी एक ओर एडवेंचर मोटरसाइकिल की ताकत और परफॉर्मेंस देती है, वहीं दूसरी ओर मैक्सी-स्कूटर जैसी सुविधा और आराम भी। यानी बाइक की दमदारी और स्कूटर की सहूलियत - दोनों का बेहतरीन संगम। - अऊर की बुकिंग देशभर में होंडा की बिगविंग डीलरशिप्स पर शुरू हो चुकी है और इसकी डिलीवरी जून 2025 से शुरू होने की संभावना है। गुरुग्राम (हरियाणा) में इसकी एक्स-शोरूम कीमत 11.90 लाख रुपए रखी गई है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, होंडा में हम हमेशा परंपरागत सोच से आगे बढ़ते हुए मोटरसाइक्लिंग के अनुभव को नया आकार देने की कोशिश करते हैं।

## एमएलसी ने किया पानी की टंकी का शिलान्यास

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जैत ग्राम पंचायत गत वर्ष अप्रैल माह में जैत वाटर वर्क्स परिसर में हुए भीषण अग्निकांड में पानी की टंकी जलकर खंडहर हो गई थी। ग्रामीणों के सामने भयंकर पेयजल संकट व्याप्त है। एमएलसी ठाकुर ओमप्रकाश सिंह ने बताया है कि जल जीवन मिशन के तहत गंगाजल से ग्रामीण को पेयजल समस्या का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर उमेश प्रताप सिंह एमएलसी प्रतिनिधि, संजय सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, भूपेन्द्र एई जल



निगम, हेमन्त सोलंकी जेई जल निगम, अभय सिंह क्यूसी इंजीनियर, टीपीआई फिचनर, आर.के. शर्मा परियोजना प्रबंधक एक्सो इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, अनंत कृष्णा वरिष्ठ प्रबंधक एक्सो इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, तनुज सारस्वत जेई, एक्सो इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, प्रहलाद शर्मा सुरक्षा अधिकारी एक्सो इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, प्रद्युमन क्वालिटी इंजीनियर एक्सो इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड आदि उपस्थित थे। बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल जय कुंड, को भी गंगाजल की दरकार है। बेस्ट टूरिज्म विलेज जैंत में स्थित सनातनियों की आस्था के इस पवित्र जय कुंड का जल प्रदूषित हो चुका है। इसी प्रदूषित जल में श्रद्धालुओं को आस्था की डुबकी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जबकि स्थानीय भक्त लोग आचमन से भी कतराते हैं। विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओमप्रकाश सिंह का जैंत पैतृक गांव होने के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं से जूझ रहे ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की उम्मीद लगी हुई है।

# पुन्हाना तहसील में वकील काम बंद कर धरने पर बैठे

**गंभीर आरोप**

**नायब तहसीलदार पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, रउट से मिलकर की शिकायत**




**पुन्हाना/मनीष आहूजा**

नूंह जिले के पुन्हाना तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ वकीलों का आक्रोश सड़कों पर उतर आया है। पुन्हाना तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार नरेंद्र पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। मंगलवार को वकीलों ने लघु सचिवालय में विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो बुधवार को मामला और गरमा गया।वकीलों ने अपना सारा काम बंद कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। वकीलों की मांग है कि नायब तहसीलदार का तबादला किया जाए। उनका कहना है कि जब तक तबादला नहीं होगा, तब तक काम पर नहीं लौटेंगे। इस हड़ताल से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वहीं बार एसोसिएशन ने उपमंडल अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पुन्हाना तहसील की वकील संगठन के अध्यक्ष साहब खान, रशीद एडवोकेट, फखरुद्दीन एडवोकेट, ताहिर हुसैन, सुरेश भड़ाना, संदीप सहित दर्जनों वकीलों ने बताया कि पुन्हाना तहसील में नरेंद्र भारद्वाज नायब तहसीलदार के रूप में अतिरिक्त कार्यभार संभाले हुए हैं, जिनका व्यवहार आम लोगों व वकीलों के प्रति बेहद खराब है। नायब तहसीलदार सप्ताह में एक-दो दिन ही आते हैं। जिससे लोगों को अपने जरूरी कामों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इसके अलावा रजिस्ट्री व अन्य सरकारी कार्यों के लिए वकीलों को भी भटकना पड़ता है। रिश्वत की मांग करता नायब तहसीलदार वकीलों ने बताया कि तहसीलदार रजिस्ट्री पर साइन करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है। रिश्वत नहीं देने पर काम नहीं हो पाते। तहसील कार्यालय में रजिस्टर्ड डीड आदि बहुत ही अहम दस्तावेज होते है। जिन पर भी एक एक माह तक हस्ताक्षर नहीं हो पाते। आरोप है कि अधिकतर दस्तावेजों को तहसीलदार अपने निवास स्थान नूंह ले जाते है। जहां पर मोटी रकम लेकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करता है। यह भी सामने है कि एक रजिस्ट्री के बदले नायब तहसीलदार द्वारा 5 हजार रुपए की मांग की जाती है।

## पलवल पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल (संतोष गर्ग)।**

जिले में पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार करते हुए एक हथियार तस्कर को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के जखीरे सहित गिरफ्तार किया है। डीएसपी क्राइम मनोज वर्मा ने बुधवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि नूंह जिले के रहने वाला इकलास उर्फ इंका अवैध हथियारों की तस्करी करता है और वह भारी मात्रा में हथियार लेकर पलवल की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर



पुलिस ने केएमपी एक्सप्रेस वे स्थित मिंडकौला कट के पास नाका लगाकर एक संदिग्ध ब्रेजा कार को रोका। तलाशी लेने पर कार की डिग्गी से दस देशी पिस्तौल, पांच देशी कट्टे, दस जिंदा राउंड (अनुमानित 315 बोर) तथा दो खाली मैगजीन बरामद हुईं। आरोपी किसी भी हथियार के संबंध में लाइसेंस या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह यह हथियार महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश बॉर्डर से लाया था और इन्हें मेवात, हरियाणा तथा राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में आपूर्ति करने की योजना थी।

डीएसपी वर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी अवैध हथियार तस्करी एवं मारपीट के मामले दर्ज हैं। उसे पुलिस रिमांड पर लेकर हथियार तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 22 मई 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## गुजरात और उत्तर प्रदेश से आ रही हैं नकली दवाइयां

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में बड़ी मात्रा में नकली दवाइयों की मौजूदगी पर गहरी चिंता जताई है। बुधवार को सिलिगुड़ी के उत्तरकन्या में उत्तर बंगाल के आठ जिलों के अधिकारियों के साथ हुई प्रशासनिक बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि गुजरात और उत्तर प्रदेश से नकली दवाइयां राज्य में प्रवेश कर चुकी हैं, जो आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती हैं।
ममता बनर्जी, जो स्वयं राज्य की स्वास्थ्य मंत्री भी हैं, ने सभी जिलों के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमओएच) और ब्लॉक स्तर के चिकित्सा अधिकारियों (बीएमओएच) को अस्पतालों के स्टोर की तत्काल जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर औचक निरीक्षण किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी सरकारी अस्पताल में नकली दवाओं का उपयोग न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी आदेश दिया कि नकली पाई गई दवाइयों की सूची को सार्वजनिक किया जाए। इसके लिए दवा दुकानों के बाहर इन दवाओं और संबंधित कंपनियों के नाम की सूची चिपकाई जाए ताकि आम लोग सतर्क हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमने तीन-चार दिन पहले ही एक सार्वजनिक विज्ञापन के माध्यम से चेतावनी जारी की थी। अब ज़िला और ब्लॉक प्रशासन को इसकी सख्ती से निगरानी करनी होगी। यह मामला तब और गंभीर हो गया जब हाल ही में मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में नकली सलाइन के कारण एक व्यक्ति की मौत हुई और एक अन्य महिला की मृत्यु पिछले सप्ताह हो गई। ममता ने कहा कि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को सामने आकर कार्रवाई करनी होगी।

## पहचान पत्र धोखाधड़ी के मामलों में सतर्क रहें

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को राज्य पुलिस को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सीमा पार से घुसपैठ करने वाले आतंकियों की आशंका को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती गांवों में सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुलिस को हर हाल में सतर्क रहना होगा ताकि आतंकियों को राज्य में शरण लेने का मौका न मिले। बुधवार को सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग) में आयोजित प्रशासनिक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि, ह्लबाहर से लोग बिना रोक-टोक आ रहे हैं और स्थानीय लोगों के आधार और मतदाता पहचान पत्र की जानकारी एकत्र कर रहे हैं।

# छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि: मुख्यमंत्री योगी

□ दिव्यांग शिक्षण संस्थानों में संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करें: मुख्यमंत्री योगी □ मुख्यमंत्री ने कहा: शिक्षक पद पर नियमित नियुक्ति होने तक वैकल्पिक व्यवस्था हो, योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं, भविष्य की चयन प्रक्रिया

**परंपरा**

□ मुख्यमंत्री ने कहा: बाहरी संगठनों को अनुमति देने से पहले गहन जांच अनिवार्य, छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि
□ दिव्यांग पेंशन योजना की पहुँच में



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया है। बुधवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णतः सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा ममता, स्पर्श और संकेत विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो, तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। बैठक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों तथा कार्ययोजनाओं की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त कल्याणकारी योजनाएं पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुसज्जित हों तथा लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभ प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते आठ वर्षों में विभाग के बजट में दस गुना से अधिक वृद्धि की गई है, जो दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता को दशार्ती है। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को ?1300 करोड़ की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को ?3000 प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर यह पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं, उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुँचे: सीएम

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि बीते वित्तीय वर्ष में 35,136 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेल किट्स जैसे सहायक उपकरणों के लिए 28.93 करोड़ की सहायता दी गई है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के अंतर्गत 270 अत्यंत दिव्यांगजन को 2 लाख तक की मशीनें उपलब्ध कराई गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाभार्थियों तक पूरी तत्परता से पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना में सांसदों और विधायकों से भी अपनी निधि से सहयोग देने का आग्रह किया।

# योगी सरकार ने बदली दो करोड़ से अधिक किसानों की तकदीर



**परिवर्तनकारी**

□ सीएम के विजन को मिशन मानकर पानी की किल्लत वाले क्षेत्रों में सिंचाई को लेकर उठाए गए परिवर्तनकारी कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** किसानों के लिए योगी सरकार की सिंचाई योजनाएं वरदान साबित हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में दो करोड़ से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधाओं से जोड़कर उनकी आय में भारी बढ़ोतरी की गई है। अकेले पिछले एक साल में 394 सिंचाई परियोजनाएं पूरी कर-के 64 लाख किसानों को सीधा लाभ पहुंचाया गया। योगी सरकार ने अब तक 50 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि को सृजित या पुनर्स्थापित कर किसानों के लिए परिवर्तनकारी कदम उठाए हैं। यही नहीं, सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर पिछले आठ वर्षों में 1,100 से अधिक सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इस प्रकार, योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को कृषि के क्षेत्र में एक नया मॉडल राज्य बनाने की दिशा में बड़ी पहल की है। पहले जहां पानी की कमी के कारण किसानों को खेती में दिक्कतें आती थीं, वहीं अब सिंचाई व्यवस्था के विस्तार से वे भरपूर फसलें उगा रहे हैं और अपनी आर्थिक स्थिति सुधार रहे हैं।

### 1,100 से अधिक परियोजनाओं से बदला कृषि परिदृश्य

योगी सरकार ने सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम किया है। इस दौरान 1,100 से अधिक सिंचाई परियोजनाएं शुरू की गई, जिनमें से अधिकांश पूरी हो चुकी हैं। इन परियोजनाओं से न केवल पानी की बबार्दी रुकेगी, बल्कि किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।
किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में बड़ा कदम
सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से किसानों की आय में वृद्धि होगी। पिछले आठ वर्षों की परियोजनाओं से दो करोड़ से अधिक किसानों को फायदा पहुंचा है। सरकार ने माइक्रो इरिगेशन, ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर सिस्टम को भी बढ़ावा दिया है।

**पानी की कमी वाले क्षेत्रों में भी लहलहाई फसलें**
प्रदेश के ऐसे इलाके, जहां पहले पानी की किल्लत के कारण खेती मुश्किल थी, अब वहां के किसान भी भरपूर फसलें उगा रहे हैं। योगी सरकार ने नहरों, तालाबों और बोरवेल जैसी तमाम सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करके किसानों को सालभर पानी उपलब्ध कराया है।

# 'एक देश, एक चुनाव' लोकतंत्र को करेगा अधिक प्रभावी: सीएम




**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एक देश, एक चुनाव की अवधारणा भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, प्रभावी और समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यह व्यवस्था उत्तराखंड जैसे पहाड़ी और विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्यों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है। मुख्यमंत्री धामी बुधवार को मसूरी रोड स्थित एक होटल में एक देश, एक चुनाव विषय पर आयोजित संयुक्त संसदीय समिति के संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी समेत सभी सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी चुनाव प्रणाली विविधताओं के बावजूद प्रभावी और मजबूत रही है, लेकिन अलग-अलग समय में चुनाव होने से बार-बार आचार संहिता लगती है, इसके चलते राज्यो के सारे काम ठप पड़ जाते हैं। जब भी चुनाव आता है, तो बड़ी संख्या में कार्मिकों को मूल कार्य से हटाकर चुनाव ड्यूटी में लगाना पड़ता है। पिछले तीन सालों में राज्य में विधानसभा, लोकसभा और निकाय चुनावों की आचार संहिता के कारण 175 दिन तक राज्य की प्रशासनिक मशीनरी नीतिगत निर्णय लेने की प्रक्रिया से वंचित रही।

**अत्यंत उपयोगी**

□ यह व्यवस्था उत्तराखंड जैसे पहाड़ी और विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्यों के लिए अत्यंत उपयोगी

# सीएम हेल्पलाइन; आपका काम हुआ कि नहीं? ...

**संवाद**

□ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सीएम हेल्पलाइन 1905 की सक्रियता की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सीएम हेल्पलाइन 1905 की सक्रियता की समीक्षा करते हुए शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर फीडबैक लिया। उन्होंने पूछा झआपका काम हुआ कि नहीं?। सीएम ने पिछली बैठक में सभी विभागों को तय समयसीमा में शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए थे। अब इन निर्देशों का पालन हुआ या नहीं, यह जानने के लिए उन्होंने आवेदकों से स्वयं बात की। उत्तरकाशी की लक्ष्मी देवी ने बताया कि उनकी पारिवारिक पेंशन की समस्या अब सुलझ चुकी है। रुद्रप्रयाग के जगदम्बा प्रसाद नौटियाल ने मेडिकल बिल भुगतान की शिकायत की थी, जिसका समाधान भी हो गया है। वहीं, नैनीताल निवासी बहादुर सिंह बिष्ट ने भी बताया कि उनका जीपीएफ भुगतान कर दिया गया है।
सभी शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके व्यक्तिगत हस्तक्षेप से ही समाधान संभव हो सका। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जनता की शिकायतों का समाधान तय समय पर और प्रभावी ढंग से होना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी केवल समीक्षा तक सीमित नहीं हैं।

## आज बीकानेर आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**बीकानेर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को बीकानेर के दौरे पर रहेंगे। यह दौरा हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनका पहला राजस्थान दौरा होगा। प्रधानमंत्री का यह दौरा धार्मिक, सामाजिक और विकासात्मक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सुबह करीब 10:30 बजे बीकानेर पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद वे पलाना गांव में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें बीकानेर संभाग के विभिन्न जिलों और विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा कार्यकर्ता और आम लोग शामिल होंगे।
प्रधानमंत्री देशनोक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे, जो अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से युक्त करणी माता मंदिर की वास्तुकला से प्रेरित है। इसी क्रम में वे बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे और देशभर के 18 राज्यों के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।
प्रधानमंत्री बीकानेर, नावा, डीडवाना और कुचामन में सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही पॉवर ग्रिड ट्रांसमिशन सिस्टम और फतेहगढ़-क्क पॉवर स्टेशन के विस्तार कार्य का भी शुभारंभ करेंगे, जिससे स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।



केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम में वर्षा से पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक ली। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम प्रदेश की आर्थिक राजधानी होने चलते यहां जलभराव जैसी परिस्थितियां वैश्विक स्तर पर भी शहर की छवि को प्रभावित करती हैं।







# मध्य प्रदेश जिला घरेलू उत्पाद रिपोर्ट देश में अभिनव

□ मप्र में जिला घरेलू उत्पाद रिपोर्ट 2022-23 का हुआ विमोचन, विजन 2047 की दिशा में मध्य प्रदेश का निर्णायक कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर जिला विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प को अब मूर्त-रूप देते हुए जिला घरेलू उत्पाद रिपोर्ट तैयार की गई है। योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा बुधवार को भोपाल में अटल बिहारी वाजपेई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में जिला घरेलू उत्पाद रिपोर्ट 2022-23 का विमोचन किया गया। यह रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस सोच को साकार करने की दिशा में ठोस पहल है, जिसके अनुसार विकसित भारत का संकल्प देश के हर जिले में लिया जाएगा। यह पहल पूरे देश में अभिनव है। अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ला ने कहा कि डाटा आधारित नीति निर्माण के लिए जिला स्तर पर आर्थिक आंकड़ों का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने इसे मध्य प्रदेश के विजन 2047 की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिलों को आर्थिक विकास की धुरी बनाते हुए बॉटम अप दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है।



यह रिपोर्ट राज्य के सभी जिलों की आर्थिक गतिविधियों का विश्लेषण प्रस्तुत करती है जो न केवल नीति निर्माण को डाटा आधारित बनाएगा साथ ही राज्य के विजन 2047 को जमीन पर भी उतारेगा। रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 में इंदौर, भोपाल, जबलपुर और उज्जैन जैसे जिलों ने राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक योगदान दिया है।